मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 109

जयपुर

# महानगर टाइम्स

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

facebook YouTube twitter

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com | जयपुर, सोमवार, 16 मार्च, 2026 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




## फेक न्यूज फैलाने के आरोप में यूएई में 19 भारतीय गिरफ्तार

- भारतीय जहाज में तेल भरते वक्त यूएई में हमला
- ईरान ने सेंट्रल इजराइल में किया मिसाइल अटैक

विशेष संवाददाता

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल-ईरान जंग के बीच यूएई ने 35 लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। इनमें 19 भारतीय शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन पर सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप है। यूएई के अटॉर्नी जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्स ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म की निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई, ताकि झूठी खबरों से फैलने वाली अफवाह और अशांति को रोका जा सके। उधर, भारत के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मुताबिक शनिवार को यूएई के 'फुजैराह ऑयल टर्मिनल' पर हमला हुआ था। इस दौरान भारतीय झंडे वाला जहाज 'जग लाड़की' वहां तेल भर रहा था। जहाज पर मौजूद भारतीय स्टाफ सुरक्षित है। जहाज ने लगभग 80,800 मीट्रिक टन क्रूड ऑयल लोड किया और भारत की ओर रवाना हो गया है। वहीं ईरान ने रविवार को इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। मिसाइल के टुकड़े गिरने से अमेरिकी डिप्लोमेट ऑफिस को नुकसान पहुंचा है।



### मौत की अफवाह के बीच कॉफी पीते दिखे इजराइली पीएम नेतन्याहू



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मौत की अफवाह के बीच सोशल मीडिया पर अपना वीडियो शेयर किया है। इसमें वे एक रेस्टोरेंट में बैठकर कॉफी पीते नजर आ रहे हैं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा- 'वे कहते हैं कि मैं क्या हूं?' दरअसल इससे पहले सोशल मीडिया पर खबर फैल गई थी ईरान के हमले में नेतन्याहू की हत्या हो गई या वे जर्मनी भाग गए हैं। हालांकि बाद में इजराइली पीएम ऑफिस ने बयान जारी कर कहा था कि नेतन्याहू पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### अमेरिका-इजराइल से बातचीत करने को तैयार ईरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि अगर जंग खत्म करने की ठोस गारंटी मिलती है तो हम अमेरिका-इजराइल से बातचीत को तैयार हैं। उनका कहना है कि किसी भी ऐसे प्रस्ताव का स्वागत किया जाएगा, जिससे युद्ध खत्म हो सके। इस बीच खाड़ी देशों ने ईरान से अपने इलाकों पर हमले बंद करने की मांग की है।

### पोप लियो की ईरान जंग रोकने की अपील

पोप लियो ने कहा कि मिडिल ईस्ट में हालात बहुत खराब हैं और जंग को तुरंत रोकना चाहिए। उन्होंने सभी से बातचीत शुरू करने और हिंसा बंद करने की अपील की। पोप ने कहा कि पिछले दो हफ्तों में हजारों लोग मारे गए और बहुत से लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने उन लोगों के लिए संवेदना जताई, जिन्होंने स्कूल, अस्पताल और घरों पर हुए हमलों में अपने परिवार के लोग खोए हैं।

### सुप्रीम लीडर मुजतबा पूरी तरह ठीकः ईरान

ईरान ने कहा है कि देश के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह ठीक हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। इससे पहले ब्रिटिश मीडिया द सन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि मुजतबा 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल हो गए थे। इसके बाद से वे कोमा में हैं और उनका एक पैर भी काटना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा था कि मुजतबा घायल हो गए हैं।

## चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में मतदान का किया ऐलान

**नई दिल्ली (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। बंगाल में दो फेज 23 और 29 अप्रेल को वोटिंग होगी। तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में सिंगल फेज में चुनाव होंगे। तमिलनाडु में 23 अप्रेल, केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रेल को मतदान होगा। पांचों राज्यों का रिजल्ट 4 मई को आएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पांच राज्यों-यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता हैं। यहां 824 सीटों पर चुनाव होने हैं। इन राज्यों में रविवार से ही आचार संहिता लागू हो गई है। 2021 में इन सभी पांच राज्यों के चुनाव का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था। पिछली बार बंगाल में 8 चरणों में चुनाव हुए थे।

**पश्चिम बंगाल में 23 व 29 अप्रेल, असम-केरल-पुडुचेरी में 9 एवं तमिलनाडु में 23 अप्रेल को होगी वोटिंग**

## हनुमानगढ़, खैरथल-तिजारा में ओले, जयपुर सहित आधा दर्जन शहरों में हल्की बारिश

**4 शहरों का दिन का पारा 37 पार तो 13 शहरों का रात का पारा 20 से ज्यादा**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** पश्चिम विक्षोभ के चलते रविवार को प्रदेश का मौसम बदला नजर आया। हनुमानगढ़, खैरथल-तिजारा के टपूकड़ा में ओले गिरे। जयपुर सहित आधा दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। आगामी दो दिन मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद एक नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से तीन दिन आंधी-बारिश का दौर चलने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, पिलानी, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं सहित कुछ अन्य शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। 38.6 डिग्री के साथ चित्तौड़गढ़ का दिन और 27.2 डिग्री के साथ जोधपुर की रात सबसे गर्म रही। प्रदेश में बदले मौसम के चलते अधिकतर शहरों के दिन के तापमान में गिरावट तो वहीं रात के तापमान में उछाल देखा गया। चित्तौड़गढ़ के अलावा कोटा, बाड़मेर और फलौदी का



हनुमानगढ़ में हुई ओलावृष्टि।

दिन का तापमान 37 पार तो जोधपुर के अलावा जयपुर, अजमेर, कोटा, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर, फलौदी, चूरू, श्रीगंगानगर, नागौर, जालोर, झुंझुनूं और पाली का रात का पारा 20 डिग्री के पार दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 18 से 21 मार्च को एक और नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से आंधी-बारिश की संभावना है। रविवार को उत्तरी-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई, शेष अधिकतर भागों में 16-17 मार्च को मौसम शुष्क रहने की प्रबल संभावना है। 18 मार्च को जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं मेघगर्जन, आंधी के साथ हल्की बारिश, शेष भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। 19-20 मार्च को विक्षोभ का सर्वाधिक असर रहने तथा जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ तेज आंधी व कहीं बारिश होने की संभावना है।

### जयपुर में कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी, पारा चढ़ा

जयपुर में अलसुबह मेघगर्जन के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। बादल छाए रहने और दिन में हल्की धूप खिलने से जयपुर के पारे में उछाल दर्ज किया गया। जयपुर के पारे में दो डिग्री तक का उछाल आया। जयपुर का अधिकतम तापमान 35.7 और न्यूनतम 22.7 डिग्री दर्ज किया गया।

**पानीपत में मीडिया से बातचीत में सरकार्यवाह होसबाले ने पड़ोसी देशों से संबंध सुधारने पर दिया जोर**

## 'ईरान युद्ध पर भारत का स्टैंड सही, संघ चाहता है दुनिया में शांति हो'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**पानीपत।** हरियाणा में चल रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के आखिरी दिन रविवार को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के बीच ईरान को लेकर भारत के




स्टैंड पर कहा कि भारत हित में सरकार सही कर रही है, ऐसा विश्वास है कि सरकार का स्टैंड सही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों पर जोर देता है। बांग्लादेश और नेपाल में सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल के बाद नई सरकारें बनी हैं। दोनों देशों में शांति-स्थिरता और उनका भारत के साथ अच्छा संबंध पूरे एशिया के विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी है। हालांकि, उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर भी चिंता जताई। होसबाले ने कहा कि भारतीयता क्या है, हिंदुत्व क्या है, इसकी एक स्पष्ट अवधारणा होनी चाहिए। यह केवल एक मानसिकता नहीं बल्कि एक जीवनशैली है।

## उरी में पाकिस्तानी आतंकी ढेर

**पुंछ/उरी (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में 'ऑपरेशन डिग्गी-2' के दौरान एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। यह कार्रवाई तब हुई जब भारतीय सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा के पास कुछ हलचल देखी। आतंकवादी से एक एके राइफल, पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद हुए हैं।

## लेपर्ड से भिड़ी महिला, 3 मिनट तक संघर्ष कर बचाई खुद की जान



**भीलवाड़ा (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** जिले के गंगापुर स्थित बालाजी नगर में रविवार सुबह 7 बजे लेपर्ड ने खेत पर जा रही समता (40) पत्नी किशन लाल जाट पर हमला कर दिया। उससे बचने के प्रयास में महिला उससे भिड़ गई। करीब तीन मिनट तक दोनों में संघर्ष हुआ। महिला ने उस पर दांतली से कई वार किए, लेकिन लेपर्ड डरा नहीं और महिला के चेहरे और हाथों पर पंजों से कई वार किए। शरीर के दूसरे हिस्सों पर भी दांत गड़ा दिए। महिला की चीख सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों लेपर्ड को भगाया।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 मार्च 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर. पल्सर के सिंगल सीट वेरिएंट पर ई-कॉमर्स ऑफ़र (N160 USD) संबंधित ई-कॉमर्स पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं। ई-कॉमर्स ऑफ़र पार्टनर के अनुसार भिन्न हो सकते हैं।

Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd. Jaipur: • Ajmer Road, Purani Chungi PL BAJAJ 7374003036/35 • Govind Marg Tiraha, Rajapark JM Bajaj 8233900581 • Tonk Phatak, Tonk Road JM Bajaj 8233700581 • Sikar Road, Dher ke Balaji ML BAJAJ 9057097777• Sanganer, JM Bajaj : 9950872222 • Jhotwara, ML Bajaj 9928047234 • MI Road, JM Bajaj 9119370581 • Pratap Nagar, JM Bajaj 8233700581 • Mansarovar, JM Bajaj 8740887308 • Kotputli: MATSYA BAJAJ 7727950505 • Chomu LAXMI BAJAJ 9829210417 Sikar: J.M. BAJAJ 9829219003 • Jhunjhunu J.M. BAJAJ 9785538377 • Churu Pankha Road SAMRAT MOTORS 9461236566 • Bikaner: GANPATI BAJAJ 8000360655, 0151-2945514 • Nagaur RATHI BAJAJ 9414118589 • CHARBHUJA BAJAJ 9649820087 • • Beawar SHREE GANPATI BAJAJ 7976122011 • Nagaur RATHI BAJAJ 9414118589 • Bhilwara: SANDEEP BAJAJ 9413314425 • Chittorgarh SURENDRA BAJAJ 9413315832 • Pratapgarh: SHREE KRISHNA BAJAJ 9251248002 • Pali VEERPRABHU BAJAJ 7230046501.

## ज्ञान भारतम मिशन के तहत होगा संरक्षण और डिजिटलीकरण, डॉ. लता श्रीमाली को बनाया राज्य नोडल अधिकारी

# राजस्थान में आज से प्राचीन ग्रंथों और पांडुलिपियों का सर्वे शुरू



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी के निर्देशन में राजस्थान में सोमवार से प्राचीन ग्रंथों एवं पांडुलिपियों के सर्वेक्षण का कार्य शुरू होगा। यह सर्वेक्षण संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारतम मिशन के तहत किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश की अमूल्य हस्तलिखित विरासत को संरक्षित करना, डिजिटलीकरण और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है। पर्यटन विभाग के एसीएस प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 16 मार्च से शुरू होने वाला यह सर्वेक्षण मार्च, अप्रेल और मई तक पूरे राजस्थान में सभी विषयों की पांडुलिपियों को कवर करेगा। इसके लिए सभी कलेक्टरों, विश्वविद्यालयों और संबंधित विभागों को निर्देश भेज दिए गए हैं।

राज्य स्तर पर इस अभियान के लिए राजस्थान संस्कृत अकादमी की निदेशक डॉ. लता श्रीमाली को राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि मिशन के तहत बनाए गए मोबाइल एप के माध्यम से लोग अपने पास उपलब्ध पांडुलिपियों की जानकारी दर्ज कर सकेंगे, जिससे उनके डिजिटलीकरण में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि पांडुलिपियों की स्कैनिंग और डिजिटलीकरण का कार्य 12 जनवरी 2026 से शुरू किया जा चुका है। अब तक 35,411 पेज स्कैन किए जा चुके हैं, जबकि राजस्थान राज्य प्राच्य विद्या शोध संस्थान की 1,18,750 पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण पूरा किया जा चुका है। सर्वेक्षण के सुचारु संचालन के लिए जल्द ही राज्य पांडुलिपि विरासत परिषद की स्थापना की जाएगी। विश्वविद्यालयों, पुस्तकालयों, मंदिरों-मठों, निजी संस्थाओं और व्यक्तिगत पांडुलिपि धारकों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। 'हर घर दस्तक' अभियान सहित जन जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिए गए हैं। राजस्थान संस्कृत अकादमी को ज्ञान भारतम मिशन के तहत मुख्य क्लस्टर केंद्र सहित कुल दो मुख्य क्लस्टर केंद्र और तीन स्वतंत्र केंद्रों के रूप में नामित किया गया है।

## न्यू सांगानेर रोड स्थित देवी नगर में आयोजित रक्तदान एवं जांच शिविर में 40 यूनिट रक्त हुआ एकत्र

# सिविल लाइंस विधायक ने ब्लड डोनर्स को किया सम्मानित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** न्यू सांगानेर रोड स्थित देवी नगर में रविवार को रक्तदान और जांच शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

मानव समाज सेवा संस्थान अध्यक्ष डॉ. मुकेश गुप्ता ने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की मदद से 40 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कैंप में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, थायरॉयड, बीएमडी और ईसीजी समेत अन्य जांचें की गईं। वहीं दवाइयों का भी वितरण किया गया। यह शिविर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथिक फिजिशियंस, राज आंगन फाउंडेशन, ढंड डायबिटीज एसोसिएशन व श्री वार्ष्णेय वैश्य स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कैंप में डॉ. मुकेश गुप्ता, डॉ. अशोक लादुना, डॉ. महेश सिंघल, डॉ. दीप शिखा अग्रवाल, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. अमिता अग्रवाल, डॉ. अंशु



अग्रवाल, डॉ. सुनीता जैन, डॉ. अभिनव शर्मा, डॉ. मोहम्मद अमान और डॉ. मोहम्मद अब्बास ने सेवाएं दीं। वहीं एक्सपर्ट लैब के डायरेक्टर जयकरण चारण ने ईसीजी और थायरॉयड की जांच निशुल्क की।

कैंप में मरीजों को होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान आशीष पोरवाल, विजय सैनी, शौर्य शर्मा, विपिन गुप्ता, अर्पिता माथुर, इशिता बिंद्रा, डॉ. ओम बालोदिया, विजय गुप्ता, एनएल भाटिया, चेतन गोस्वामी, राकेश गर्ग, प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे। इस दौरान स्वास्थ्य एवं मीडिया के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालो को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## एक अप्रेल से नए शैक्षणिक सत्र की पूरी तैयारी पर बैठक

# 31 मार्च तक सभी लंबित कार्यों को निबटाने के निर्देश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजकीय विद्यालयों में एक अप्रेल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र को संचालित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल लगातार इस ओर सक्रिय हैं और जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर नए सत्र की तैयारियों के लिए जिम्मेदारियां सौंप रहे हैं। साथ ही मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

बैठक में बजट घोषणा 2026-27 में विभाग से संबंधित योजनाओं एवं गतिविधियों की क्रियान्विति की समीक्षा की गई। शासन सचिव कुणाल ने विभाग से जुड़े सभी कार्यों की समीक्षा की और लंबित प्रकरणों का 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से निस्तारण करने के लिए कहा। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। शासन सचिव ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी प्रबंध पोर्टल पर आवश्यक प्रविष्टियां शीघ्र पूर्ण करें, ताकि योजनाओं की प्रगति की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सके। इस बैठक में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल, वित्तीय सलाहकार अनुपमा शर्मा, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक प्रथम सीमा शर्मा, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक द्वितीय अशोक कुमार मीणा सहित विभाग के उपायुक्त और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 'विकसित राजस्थान रन-2026 का आयोजन

# नियमित दौड़ स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र : भजनलाल

### मुख्यमंत्री ने 'विकसित राजस्थान रन' को दिखाई हरी झंडी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नियमित दौड़ लगाना स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। दिन की शुरुआत दौड़ के साथ करने से पूरे दिन ऊर्जा बनी रहती है, स्वास्थ्य ठीक रहता है और सकारात्मक सोच विकसित होती है। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया अभियान ने देशवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया है। सीएम शर्मा ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे स्वस्थ दिनचर्या का पालन करते हुए फिट रहें तथा प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान दें, जिससे प्रदेश नई ऊंचाइयों को छू सके। अगर प्रदेशवासी एक कदम आगे बढ़ेंगे तो राजस्थान कई गुना आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री शर्मा राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को अमर जवान ज्योति से 'विकसित राजस्थान रन-2026' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशभर में आयोजित 'विकसित राजस्थान रन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' विजन के अनुरूप प्रदेश सरकार 'विकसित राजस्थान-2047' के विजन पर कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने आह्वान किया कि सभी पात्र लोग योजनाओं का लाभ लें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश में बिजली, पानी, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनेक अभूतपूर्व निर्णय लिए गए हैं। साथ ही सरकार किसान, महिला, युवा, मजदूर सहित सभी वर्गों के सशक्तीकरण के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों के साथ दौड़ में हिस्सा लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा एवं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में प्रतिभागी व आमजन मौजूद रहे।






### 'युवाओं के सशक्तीकरण के लिए उठाए ठोस कदम'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं के सशक्तीकरण के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। युवाओं के लिए हमारी सरकार युवा नीति लाई है। युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है, जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिले और युवा रोजगार प्रदाता बनें। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप अपने सपनों की उड़ान के लिए तैयार रहिए, सरकार आपके सपनों को साकार करने में हरसंभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को सरकारी क्षेत्र में 4 लाख एवं निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार देने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। अब तक 1 लाख 25 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। वहीं 1.33 लाख भर्ती प्रक्रियाधीन हैं तथा 1 लाख से ज्यादा पदों का भर्ती कैलेंडर जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पेपरलीक जैसे प्रकरणों से युवाओं के भविष्य पर कुठाराघात करने वाले आज सलाखों के पीछे हैं।

### मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से की शिष्टाचार भेंट



**नई दिल्ली/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने पूंजीगत निवेश के लिए राज्य को विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) के तहत मिल रहे सहयोग पर केंद्र सरकार का आभार जताया। विकसित राजस्थान के लिए मुख्यमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री ने प्रदेश के चहुंमुखी विकास, योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं आधारभूत ढांचे के विषय पर विस्तृत बातचीत की।

### "राजस्थान को जानें' क्विज में भाग लें प्रदेशवासी'

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के ऊर्जावान युवाओं और जागरूक नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा है कि वे राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, कला और संस्कृति से रूबरू होने के लिए 'राजस्थान को जानें' क्विज में अधिकाधिक संख्या में भाग लें। साथ ही 'विकसित राजस्थान-2047' के विजन के प्रतिभागी बनें। सीएम शर्मा ने रविवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर जानकारी पोस्ट करते हुए इस विशेष प्रश्नोत्तरी की शुरुआत की है। उल्लेखनीय है कि इस विशेष क्विज में 'राजस्थान को जानें' और 'विकसित राजस्थान-2047' के नाम से 2 सेक्शन बनाए हैं। पहले सेक्शन में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर, भौगोलिक परिदृश्य, महापुरुषों के जीवन व त्याग, राज्य व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, खेल प्रतिभाओं, विशेष पुरस्कारों सहित विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए हैं। वहीं दूसरे सेक्शन में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक उत्थान, स्थानीय सरकार, शिक्षा, जल प्रबंधन, उद्योग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सहित प्रदेश को सुदृढ़ और विकसित बनाने के विजन से संबंधित प्रश्न संधारित किए गए हैं। प्रदेशवासी 15 से 19 मार्च तक आयोजित होने वाली इस क्विज में भाग लेने के लिए quiz.rkcl.in पर क्लिक कर मोबाइल नंबर व ओटीपी से रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के बाद क्विज शुरू होगी। प्रत्येक क्विज में 15 मिनट में 25 प्रश्न हल करने होंगे। क्विज के पश्चात उसे रिव्यू भी किया जा सकेगा। क्विज पूर्ण करने पर प्रतिभागियों द्वारा राजस्थान सरकार एवं राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरकेसीएल) की ओर से डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किया जा सकेगा।

# पारंपरिक लोक नाट्य शैली तमाशा 'गोपीचंद भर्तृहरि' का आमेर में मंचन 18 को



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भट्ट परिवार की ढाई सौ वर्ष पुरानी अनूठी लोक नाट्य तमाशा शैली आज भी सुधि दर्शकों को आनंदित करती है। इसी क्रम में बंशीधर भट्ट रचित तमाशा 'गोपीचंद भर्तृहरि' का प्रदर्शन 18 मार्च को दोपहर 1 बजे बाद आमेर के अंबिकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में होगा। यह तमाशा दिलीप भट्ट (तमाशा साधक) के निर्देशन में खेला जाएगा। इसमें भट्ट परिवार के कलाकार दिलीप भट्ट, सचिन भट्ट, गोपेश भट्ट, हर्ष भट्ट और गोपीजी भट्ट के शिष्य ईश्वर दत्त माथुर, बाल कलाकार जीवितेश शर्मा प्रस्तुति देंगे। तमाशा में पारंपरिक तबला वादक शैलेंद्र शर्मा, हारमोनियम पर शेर मुहम्मद, सारंगी पर मनोहर टांक प्रस्तुति देंगे। तमाशा के बाद दिलीप भट्ट गणगौर पूजन का आह्वान करेंगे तथा गोपीजी भट्ट की रचनाओं को पुनः जीवित करेंगे। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर और तमाशा प्रबंधकारिणी एवं परंपरा नाट्य समिति द्वारा तमाशा का प्रदर्शन होगा।

# राजस्थान इंटक की प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस से संबद्ध राजस्थान प्रदेश इंटक नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन जयपुर में आयोजित हुआ।

राजस्थान इंटक के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों ब्यावर में हुए 24वें महाधिवेशन की मजदूर, महापंचायत में सर्व सहमति से जगदीश राज श्रीमाली को चौथी बार प्रदेशाध्यक्ष चुना गया था। इसके बाद रविवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 251 सदस्यों की कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। प्रदेशाध्यक्ष श्रीमाली ने इंटक संगठन की रीति और नीति के बारे में संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में नहीं, बल्कि राष्ट्र में इंटक संगठन नंबर वन पर है। चाहे राज्य सरकारों की श्रमिक विरोधी नीति हो या फिर केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीति, उसका हर हालत में विरोध करेंगे। समारोह में राजस्थान इंटक के पूर्व अध्यक्ष 91 वर्षीय गुमान सिंह राव, रमेश व्यास, महामंत्री नारायण गुर्जर, यूथ के अध्यक्ष महेंद्र देवड़ा, जलदाय इंटक के अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, महिला अध्यक्ष मंजू बलाई, इंदु शेखर व्यास, नरोत्तम जोशी, रमाशंकर गुर्जर, आलोक दुबे, बजरंग मीणा, रामावतार व्यास, घासीलाल शर्मा, नंदकिशोर पारीक, गौतम लाल मीणा, शंभूसिंह राठौड़ जीवन गुर्जर, शिवराम गुर्जर, नंदसिंह राजावत सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## जमवारामगढ़ में बलाई समाज की बैठक

# संगठन मजबूती व लाइब्रेरी संचालन पर हुआ मंथन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/जमवारामगढ़।** अखिल भारतीय बलाई समाज की ओर से जमवारामगढ़ स्थित बलाई समाज की लाइब्रेरी परिसर में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष डी.आर. राठौड़ ने की। इस अवसर पर थानागाजी से आए समाज के तहसील अध्यक्ष का समाज के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। बैठक में समाज को संगठित कर मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 243 गांवों में निवास कर रहे समाज के लोगों की गणना की जाएगी, ताकि समाज की वास्तविक स्थिति का आकलन कर विकास की योजनाएं बनाई जा सकें। साथ ही सरकारी कर्मचारियों को लाइब्रेरी संचालन समिति से जोड़ने का निर्णय लिया गया, जिसमें सभी कर्मचारी प्रतिमाह 200 रुपए शिक्षा अनुदान के रूप में सहयोग देंगे। समाज के विकास के लिए निर्माण, शिक्षा, वित्त, समन्वय, राजनीतिक मामलों, सामाजिक वाद-विवाद तथा विवाह एवं आयोजन समिति के गठन का भी निर्णय लिया गया। लाइब्रेरी संचालन के लिए पप्पू लाल भुक्कल ने 500 रुपए प्रतिमाह तथा हनुमान मेरदवाल, बिलोद व कमलेश बुनकर लांगड़ियावास ने 200-200 रुपए प्रतिमाह सहयोग देने की घोषणा की। बैठक में कोषाध्यक्ष रामकरण बाण्या ने लाइब्रेरी के खर्च का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव छोटूराम नेनावत, कैलाश परिढ़वाल, उमराव सिंह छत्रवाल, रोशन वर्मा सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे।



## मुख्य सचिव ने राजस्थान दिवस सप्ताह के तहत जवाहर कला केंद्र में चित्र प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

# सांस्कृतिक आयोजनों में सहभागिता कर प्रदेश की कला-संस्कृति को दें बढ़ावा : श्रीनिवास

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने रविवार सुबह जवाहर कला केंद्र की आर्ट गैलरी में राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसीएस पर्यटन, कला- साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व एवं जवाहर कला केंद्र के महानिदेशक प्रवीण गुप्ता, उपसचिव कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग एवं जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया भी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने दीप प्रज्वलित कर तीन चित्र प्रदर्शनियों का शुभारंभ किया। उन्होंने चित्र प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्रों को बारीकी से देखा और उनके कलाकारों से उनके विषय में बात कर बेहतरीन चित्रों की प्रशंसा की। इस मौके पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राजस्थान दिवस के अवसर पर पर्यटन, कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग की ओर से सप्ताहभर के आयोजन में प्रदेश के इतिहास, कला एवं संस्कृति का उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे इस अवसर पर आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें तथा प्रदेश की कला-साहित्य एवं संस्कृति को बढ़ावा दें। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार देश व राज्य की कला एवं संस्कृति तथा ऐतिहासिक धरोहरों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वहीं राज्य सरकार प्रदेश के कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए नियमित कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात के लिए प्रयासरत है कि राज्य के कलाकारों को स्थानीय और राज्यस्तर के साथ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कला का प्रदर्शन करने के अवसर मिले।



### मुख्य सचिव ने किया पोस्टर विमोचन

मुख्य सचिव ने इस अवसर पर जवाहर कला केंद्र की ओर से राजस्थान दिवस के अवसर पर विभिन्न अकादमियों के सहयोग से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का पोस्टर विमोचन किया। इससे पूर्व एसीएस पर्यटन, कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व प्रवीण गुप्ता ने बुके भेंट कर सीएस का स्वागत किया। एसीएस गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस बार राजस्थान दिवस, पिछले वर्ष की घोषणा अनुसार चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा (19 मार्च) को मनाया जा रहा है। इसके लिए प्रदेशभर में राजस्थान दिवस सप्ताह के अंतर्गत (14 से 19 मार्च तक) पर्यटन, कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया ने बताया कि राजस्थान ललित कला अकादमी एवं जवाहर कला केंद्र में आयोजित रंगरीत और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महिला कलाकारों की कार्यशाला में उनके द्वारा निर्मित चित्र कलाकृतियों को भी इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक राजेश शर्मा, पुनीता सिंह, दलीप सिंह राठौड़, ललित कला अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष, पुरातत्व विभाग के निदेशक पंकज धरेंद्र सहित अन्य अधिकारी एवं वरिष्ठ कलाकार तथा आमजन उपस्थित रहे।

### जेकेके में आज होंगे कार्यक्रम

राजस्थान दिवस के अवसर पर जेकेके की ओर से विभिन्न अकादमियों के सहयोग से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में 16 मार्च को सुबह 11 बजे से सुरेख कलादीर्घा में राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा, जो 19 मार्च तक दर्शकों के अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेगी। 16 मार्च को ही शाम 6 बजे से जेकेके के रंगायन सभागार में रजब अली भारती द्वारा गीत एवं गजल की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित हुसैन बंधु (उस्ताद अहमद हुसैन एवं उस्ताद मोहम्मद हुसैन) की भजन गायन की प्रस्तुति होगी।

विश्व उपभोक्ता दिवस पर राजधानी में आयोजित होंगे राज्यस्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन

# प्रदेश को आदर्श उपभोक्ता संरक्षणवादी बनाने के लिए विभाग प्रतिबद्ध : गोदारा

## अब 15 अवकाश ले सकेंगे उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्य

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर रविवार को उपभोक्ता मामलात विभाग की ओर से राज्यस्तरीय सम्मेलन का आयोजन कांस्टीट्यूशन क्लब में किया गया। उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा ने 'सुरक्षित उत्पाद-आश्वस्त उपभोक्ता' थीम आधारित सम्मेलन में कहा कि नकली ब्रांडों की बाजार में बिक्री चिंताजनक है तथा एक बड़ी चुनौती है। इस संबंध में जागरूकता फैलाने की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में उपभोक्ताओं का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उपभोक्ता मंत्री गोदारा ने बताया कि उपभोक्ता आयोगों में भर्ती लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से करवाई गई, ताकि व्यवस्था अधिक पारदर्शी बन सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को वार्षिक रूप से 15 अवकाशों की भी स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश को आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए विभाग कृतसंकल्पित है।



**गिवअप अभियान में 55 लाख ने हटवाए, 27 लाख स्वतः हटे, 77 लाख जोड़े :** गोदारा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लोगों के नाम जुड़ने से अनेकों पात्र गरीब वंचित हो गए, इसलिए गिवअप अभियान की शुरुआत 1 नवंबर 2024 को की गई। करीब सोलह महीने चले इस अभियान के तहत करीब 55 लाख लोगों ने स्वप्रेरणा से खाद्य सब्सिडी छोड़ी। 27 लाख लाभार्थियों के नाम ई-केवाईसी नहीं करवाने के कारण खाद्य सुरक्षा सूची से स्वतः हट गए। इस प्रकार 82 लाख पात्र वंचितों के लिए खाद्य सुरक्षा सूची में जगह बनी। गत वर्ष 26 जनवरी को खाद्य सुरक्षा पोर्टल दोबारा शुरू करने के बाद 77 लाख वंचित पात्रों को विभाग ने खाद्य सुरक्षा से जोड़ा है।

### पत्रिकाओं का हुआ लोकार्पण

सम्मेलन के दौरान गिवअप अभियान पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही गणमान्य अतिथियों द्वारा राज्यस्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन में गिवअप अभियान से संबंधित पत्रिका, उपभोक्ता जागृति विशेषांक, भारतीय मानक ब्यूरो एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से प्रकाशित सुरक्षित उत्पाद-आश्वस्त उपभोक्ता-सशक्त भारत पुस्तिका का लोकार्पण किया गया।

---

गैस सिलेंडरों की कमी व कालाबाजारी को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## कार्यकर्ताओं ने अचरोल में पुतला फूंक जताया विरोध

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/आमेर।** देश में रसोई गैस सिलेंडरों की कमी, बढ़ती कालाबाजारी और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर आमेर क्षेत्र में लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आया। आमेर विधायक प्रशांत सहदेव शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने अचरोल क्षेत्र में जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पीएम और सीएम का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ रोष जताया।



प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि गैस सिलेंडरों की कृत्रिम कमी पैदा कर कालाबाजारी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक प्रशांत सहदेव शर्मा ने कहा कि यदि गैस सिलेंडरों की कमी और कालाबाजारी पर जल्द रोक नहीं लगाई गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित जन आक्रोश सभा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं महिला कांग्रेस प्रभारी प्रतिष्ठा यादव, अनुसूचित जाति अध्यक्ष चिरंजी लाल बुनकर, मंडल अध्यक्ष रामजीलाल यादव, राधेश्याम बुनकर, सरदार मल पिंगोलिया, श्रवण लाल बेनीवाल, प्रकाश सैनी, राजू सैनी, ओमप्रकाश यादव, रामनारायण सैनी, हिमांशु शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने अचरोल क्षेत्र में आक्रोश रैली भी निकाली।

---

## समाज को जागृत करने, सनातन संस्कृति को बचाने पर जोर

मां भारती सेवा संघ की बैठक में लिव इन व मसाज पार्लर पर रोक लगाने पर चर्चा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मां भारती सेवा संघ की क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शंकर शर्मा ने की। बैठक में डॉ. अरुण श्रीवास्तव, सुभाष भोसलिया, दिनेश कुमावत, दीपक शर्मा, राजेन्द्र भाटी, डॉ. लोकेश चतुर्वेदी, रमाकांत महर्षि की मौजूदगी में संघ के आगामी कार्यक्रमों और संगठन को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई।



बैठक में प्रदेशाध्यक्ष शंकर शर्मा ने बताया कि इन दिनों समाज में लिव इन रिलेशनशिप का प्रचलन बढ़ रहा है और राजस्थान प्रदेश में मसाज पार्लर के नाम से अवैध गतिविधियां धड़ल्ले से संचालित की जा रही है। इन असामाजिक और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए मां भारती सेवा संघ की ओर से काफी प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने बताया कि समाज में लिव इन रिलेशनशिप के नाम पर सनातन संस्कृति को कमजोर किया जा रहा है और मसाज पार्लर की आड़ में अवैध गतिविधियां चलाई जा रही है, इन्हें रोकने के लिए बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में समाज को जागृत करने और सनातन संस्कृति को बचाने के प्रयास करने पर बल दिया गया।

---

सीएम के निर्देश के बाद एक्शन मोड में जलदाय विभाग

# 181 पर दर्ज पेयजल शिकायतों का 24 घंटे में निस्तारण का लक्ष्य

48, 72 और 96 घंटे में सप्लाई वाले इलाकों में अंतराल कम करने की योजना




कंट्रोल रूम मॉनिटरिंग, फील्ड टीम और टैंकर प्लान के साथ फास्ट ट्रैक व्यवस्था

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गर्मी की आहट के साथ ही शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर जलदाय विभाग ने इस बार पहले से ज्यादा सख्त और व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की है। पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गर्मी को देखते हुए तैयारियों को लेकर विभाग को निर्देशित किया था। अब विभाग का फोकस इस बार आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण और सप्लाई अंतराल को कम करने पर है। इसके तहत 181 हेल्पलाइन पर दर्ज पेयजल संबंधी शिकायतों का 24 घंटे के भीतर समाधान करने का लक्ष्य तय किया गया है। हालांकि पिछले साल गर्मियों के दौरान पानी की शिकायतों में बढ़ोत्तरी हुई थी और कई मामलों में निस्तारण में देरी भी सामने आई थी। इसे देखते हुए इस बार फास्ट ट्रैक शिकायत निस्तारण प्रणाली लागू की गई है। इसके तहत शिकायत मिलने के तुरंत बाद संबंधित जोन के अभियंताओं और फील्ड टीम को अलर्ट भेजा जाएगा और तय समयसीमा में समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग ने शहर में उन इलाकों को भी चिह्नित किया है, जहां 48, 72 और 96 घंटे के अंतराल में पानी की सप्लाई होती है। गर्मियों में इन क्षेत्रों में पानी की मांग बढ़ने के कारण अंतराल कम करने के लिए अतिरिक्त स्रोतों और टैंकर आपूर्ति का सहारा लिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि शहर में जल वितरण व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। कंट्रोल रूम के माध्यम से रोजाना सप्लाई, शिकायतों और समाधान की रिपोर्ट तैयार होगी, ताकि किसी क्षेत्र में समस्या आने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल सिस्टम

जलदाय विभाग ने इस बार शिकायत निस्तारण व्यवस्था को तकनीकी रूप से भी मजबूत किया है। 181 हेल्पलाइन से मिलने वाली शिकायतें सीधे संबंधित जोन कार्यालय और अभियंताओं तक भेजी जाएंगी। शिकायत के प्रकार के आधार पर पाइप लाइन लीकेज, कम प्रेशर, सप्लाई बाधित होने या टैंकर की मांग जैसे मामलों को अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में फील्ड स्तर पर अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं, जो मौके पर जाकर समस्या का समाधान करेंगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शिकायतों की निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी की जाएगी, ताकि निर्धारित समय सीमा का पालन हो सके।

### सप्लाई अंतराल कम करने की कवायद

जयपुर शहर में कई ऐसी कॉलोनियां हैं, जहां पानी की आपूर्ति 48 से 96 घंटे के अंतराल में होती हैं। गर्मियों के दौरान इन इलाकों में सबसे ज्यादा समस्या सामने आती है। इस बार विभाग का प्रयास है कि जहां संभव हो, वहां सप्लाई अंतराल को कम किया जाए। इसके लिए अतिरिक्त ट्यूबवेल, वैकल्पिक स्रोत और जलाशयों की क्षमता का बेहतर उपयोग करने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, जिन क्षेत्रों में पानी की कमी ज्यादा रहती है, वहां सरकारी टैंकरों के माध्यम से सप्लाई बढ़ाने की भी तैयारी है।

### जर्जर पाइप लाइनों पर भी रहेगा फोकस

पेयजल आपूर्ति में बाधा का एक बड़ा कारण शहर की पुरानी और जर्जर पाइप लाइनें भी हैं। विभाग ने ऐसे क्षेत्रों की सूची तैयार कर ली है, जहां पाइप लाइन लीकेज या टूट-फूट की शिकायतें ज्यादा आती हैं। गर्मियों से पहले इन लाइनों की मरम्मत और कुछ स्थानों पर बदलने का काम भी शुरू किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि पाइप लाइन लीकेज को रोकने से पानी की बर्बादी भी कम होगी और सप्लाई व्यवस्था बेहतर बनेगी।

### एक नजर : 181 हेल्पलाइन पर शिकायतों का पैटर्न ( साल 2025 में )

कुल पेयजल शिकायतें (गर्मी सीजन) करीब 38 हजार रही थीं। औसतन प्रतिदिन शिकायतों का आंकड़ा 350 से 400 रहा। विभाग को सबसे ज्यादा शिकायतें कम प्रेशर, सप्लाई बाधित, पाइप लाइन लीकेज, टैंकर की मांग व अन्य आमजन से जुड़ी मिली थीं।

### इस साल की फास्ट ट्रैक योजना में ये शामिल

181 पर दर्ज शिकायत का 24 घंटे में निस्तारण लक्ष्य, हर जोन में फील्ड रिस्पॉन्स टीम, कंट्रोल रूम से दैनिक मॉनिटरिंग, गंभीर शिकायतों के लिए तत्काल स्पॉट विजिट, पाइप लाइन लीकेज पर प्राथमिकता से मरम्मत। इसके अलावा शहर में अतिरिक्त टैंकरों की तैनाती, जलाशयों की पहले से सफाई और मरम्मत, खराब ट्यूबवेल की रीबोरिंग और रिपेयरिंग, ज्यादा मांग वाले क्षेत्रों में वैकल्पिक स्रोत सक्रिय तथा फील्ड स्टाफ का विशेष ड्यूटी रोस्टर बनाया जाना शामिल है।

### बेहतर मॉनिटरिंग से होगी पेयजल व्यवस्था सुचारु

जलदाय विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस बार गर्मी को देखते हुए पहले से तैयारी की गई है, ताकि लोगों को पानी की समस्या का सामना कम करना पड़े। विभाग का दावा है कि तेज शिकायत निस्तारण और बेहतर मॉनिटरिंग से इस बार पेयजल व्यवस्था को अधिक सुचारु बनाया जाएगा।

---

अलवर में राजस्थान दिवस-2026 पर ओडीओपी प्रदर्शनी का शुभारंभ

## स्थानीय उत्पाद और स्वरोजगार को दिया जाए बढ़ावा : संजय शर्मा

- प्रदर्शनी में 25 स्टॉल, हस्तशिल्प और एमएसएमई उत्पाद शामिल
- 19 मार्च तक आमजन कर सकते हैं खरीदारी



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/अलवर।** राजस्थान दिवस-2026 के अवसर पर अलवर जिला प्रशासन और जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा होटल मयूर में आयोजित पांच दिवसीय 'एक जिला एक उत्पाद' प्रदर्शनी और मेले का उद्घाटन किया गया। समारोह में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को राज्य स्तर पर मूर्त रूप देने में मुख्यमंत्री हर सेक्टर को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओडीओपी और पंच गौरव अभियान स्थानीय उत्पादों व हस्तशिल्प कला को बढ़ावा देकर राजस्थान और भारत की विकास यात्रा को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि स्थानीय एमएसएमई इकाइयों और हस्तशिल्पियों के विपणन के लिए कार्ययोजना और ब्रांडिंग तैयार की जाए, ताकि इनके उत्पादों को बेहतर मार्केटिंग प्लेटफॉर्म मिले। साथ ही सभी नागरिकों से प्रदर्शनी का अवलोकन कर स्थानीय उत्पाद खरीदने का आग्रह किया गया।

**बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे हस्तशिल्प उत्पाद :** जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजय प्रधान ने बताया कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक जिला एक उत्पाद प्रदर्शनी व मेला मयूर होटल में 19 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक लगेगा। प्रदर्शनी में 25 स्टॉल लगाई गई हैं, जिनमें 9 ऑटो कम्पोनेंटस इकाइयां, 4 एमएसएमई इकाइयां व 13 हस्तशिल्पियों यथा- वुडन हैंडीक्राफ्ट, नागरा जूती, खादी के उत्पाद, सजावटी सामान (हस्तशिल्प उत्पाद) की स्टॉल लगाई गई हैं। इस मेले में आमजन हस्तशिल्प उत्पाद उचित मूल्य पर खरीद सकते हैं।

---

## एईएन मेन्स एग्जाम 22-23 को

- सेंटर की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड
- 1036 पदों के लिए ली जाएगी परीक्षा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से एईएन यानी सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा- 2024 का आयोजन 22 और 23 मार्च 2026 को होगा। इसके लिए जिलों व परीक्षा केंद्र की जानकारी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर ली जा सकती है। यह परीक्षा 1036 पदों के लिए आयोजित होगी। आरपीएससी की ओर से बताया गया कि परीक्षा के एडमिट कार्ड 19 मार्च को जारी किए जाएंगे। आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से एप्लीकेशन नंबर व बर्थ डेट से डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अलावा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन एप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्र डाउनलोड किए जा सकते हैं। 22 व 23 मार्च को परीक्षा दो पारियों में होगी। सुबह की पारी 9 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर की पारी 2:30 से शाम 5:30 बजे तक रहेगी। इससे पहले प्री एग्जाम 28 से 30 सितंबर 2025 तक हुआ था, जिसका रिजल्ट 27 नवंबर को जारी हुआ। इसमें 2413 कैंडिडेट्स को मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया।

### परीक्षा में ले जा सकेंगे कैलकुलेटर

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इंजीनियरिंग सब्जेक्ट के प्रश्न पत्रों को हल करने के लिए अभ्यर्थी ध्वनिरहित 'नॉन-प्रोग्रामेबल' साइंटिफिक कैलकुलेटर का उपयोग कर सकेंगे। चूंकि यह मुख्य परीक्षा डिस्क्रिप्टिव है, इसलिए अभ्यर्थियों को नीली स्याही के पारदर्शी बॉल पेन के साथ-साथ सामान्य जैल पेन या स्याही वाले पेन के उपयोग की भी परमिशन दी गई है। इसके अलावा परीक्षार्थी अपनी आवश्यकता के अनुसार पेंसिल, रबड़ और स्केल (पैमाना) भी साथ ला सकेंगे।

---

## इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को 'महाराजा रत्न-2026' अवॉर्ड

रोड सेफ्टी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला सम्मान

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** महाराजा कॉलेज के पूर्व छात्रों का (रीयूनियन) भव्य मिलन समारोह महाराजा समागम-2026 प्रधान वाटिका, मानसरोवर में आयोजित किया गया। महाराजा कॉलेज बड़ीज समिति के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश से कॉलेज के पूर्व छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर 'रोड सेफ्टी अवेयरनेस (सड़क सुरक्षा जागरूकता)' पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फौजदार को महाराजा रत्न-2026 अवॉर्ड से एवं मेडिकल हेल्थ में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. योगेश अग्रवाल को 'महाराजा विभूषण-2026 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रणवेंद्र शर्मा ने दोनों को अवॉर्ड प्रदान किए। गौरतलब है कि इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फौजदार वर्ष 1991 में महाराजा कॉलेज से बीएससी (गणित) में उत्तीर्ण हैं। समिति के उपाध्यक्ष डॉ. ललित सांचौरा ने मंच संचालन किया, जबकि आयोजन संयोजक अवनीश पंवार और समन्वयक कंवर सेन यादव ने व्यवस्थाएं संभाली। समिति के सचिव राकेश फोगाट, महासचिव सुनील भारद्वाज और अध्यक्ष पवन भगत ने आभार जताया।



---

## जेकेके में 'समुद्र मंथन' नाटक का मंचन कल

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान दिवस समारोहों की सांस्कृतिक श्रृंखला के तहत राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) की ओर से 17 मार्च को पौराणिक कथा पर आधारित नाटक 'समुद्र मंथन' का मंचन किया जाएगा। प्रसिद्ध रंगकर्मी और एनएसडी के निदेशक चित्तरंजन त्रिपाठी के निर्देशन में तैयार यह प्रस्तुति शाम 7 बजे जवाहर कला केंद्र के मध्यवर्ती सभागार में होगी। एनएसडी द्वारा प्रस्तुत यह नाटक भारतीय पौराणिक साहित्य की प्रसिद्ध कथा को समकालीन सामाजिक सरोकारों के साथ मंच पर जीवंत करता है। नाटक का लेखन आसिफ अली हैदर ने किया है। नाटक विष्णु पुराण में वर्णित समुद्र मंथन की कथा पर आधारित है, जिसमें देवताओं और दैत्यों द्वारा अमृत प्राप्ति के लिए क्षीर सागर का मंथन किया जाता है। इस पौराणिक कथा को आधुनिक समय के सवालों से जोड़ते हुए इसे विचारोत्तेजक रूप दिया है। प्रस्तुति विकास, पर्यावरण और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मुद्दों पर भी दर्शकों को सोचने के लिए प्रेरित करती है। निर्देशक चित्तरंजन त्रिपाठी की सशक्त निर्देशन शैली, प्रभावी मंच-सज्जा, दृश्य-प्रक्षेपण, प्रकाश और संगीत का समन्वय नाटक को भव्यता प्रदान करता है। कलाकारों का ऊर्जावान अभिनय पूरी प्रस्तुति को जीवंत बनाता है।





---

अकाय क्लब में हुआ पार्टी का आयोजन

## गेम्स, डांस और एक्टिविटीज के साथ महिलाओं ने दिखाया उत्साह



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** महिलाओं के आपसी जुड़ाव और सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित अकाय क्लब के सेकंड सीजन की पहली पार्टी का आयोजन जयपुर के एक प्रसिद्ध क्लब में किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्य महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए विभिन्न गेम्स, डांस और मनोरंजक एक्टिविटीज में हिस्सा लिया, जिससे पूरे आयोजन में खुशनुमा माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए कई रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें सभी सदस्याओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। म्यूजिक और डांस के साथ महिलाओं ने आपसी मेल-जोल बढ़ाते हुए साथ में समय बिताया। अकाय क्लब का उद्देश्य महिलाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे सामाजिक जुड़ाव के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के संदेश को भी आगे बढ़ा सकें। कार्यक्रम के दौरान क्लब की बोर्ड सदस्य मनाली जैन, अंकिता गुप्ता, आशी धामानी, पूनम खंडेलवाल, वर्षा कानूनगो और रचना तांबी सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

---

राजस्थान दिवस पर वेद विद्यालयों के अध्यापकों को प्रशिक्षण

## बाल शंकराचार्य सम्मान से नवाजे जाएंगे मेधावी वैदिक छात्र

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** राजस्थान दिवस सप्ताह के अवसर पर वेद विद्यालयों के अध्यापकों, छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसकी जानकारी राजस्थान संस्कृत अकादमी की निदेशक डॉ. लता श्रीमाली ने दी और उन्होंने बताया कि रविवार सुबह 11 से शाम 4 बजे तक क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र एवं विज्ञान पार्क शास्त्री नगर में राज्य के 37 वेद विद्यालयों के वेद अध्यापकों की कार्यशाला होगी। इसमें शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिनी शाखा के साथ सामवेद, अथर्ववेद पर वेद विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। 17 मार्च को सुबह 11 बजे दीक्षांत और सम्मान समारोह का आयोजन होगा। पंचम वर्ष में शुक्ल यजुर्वेदीय माध्यन्दिनी शाखा में प्रथम आने वाले वैदिक छात्रों को प्रतिष्ठित 'बाल शंकराचार्य सम्मान' प्रदान किया जाएगा। साथ ही वेद विद्यालयों के पंचम वर्ष के छात्रों का दीक्षांत समारोह भी होगा। संपूर्ण राजस्थान में निशुल्क वैदिक संस्कार शिविर संचालित करने वाली संस्कृत सेवी संस्थाओं के प्रधान एवं प्रशिक्षकों को 'वैदिक संस्कार सम्मान' से नवाजा जाएगा।

कार्यक्रम में वेद विद्यालय के छात्र एक समान पोशाक में चारों वेदों का सस्वर सामूहिक पाठ करेंगे। विशेष रूप से पहली बार 'मोहरी देवी तापड़िया संस्कृत बालिका वेद विद्यालय' की बालिकाएं वेदों का सस्वर पाठ करेंगी, जो बालिकाओं में वैदिक शिक्षा के प्रसार का अनूठा उदाहरण होगा। 19 मार्च को सुबह 9 बजे मां बगलामुखी साधना केंद्र, वेद विद्यालय गोनेर, जयपुर में राजस्थान स्थापना दिवस एवं नवरात्र स्थापना के अवसर पर राष्ट्र रक्षा एवं सर्वजन कल्याण के लिए वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ-हवन आयोजित होगा।

---

# जामडोली में प्लॉटों के फर्जी कागजात तैयार कर ठगने वाला मुख्य आरोपी बद्रीनारायण मीना गिरफ्तार

96 लाख की ठगी की वारदात को दिया था अंजाम

**महानगर टाइम्स में खबर प्रकाशित होने पर खो-नागोरियान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश, आरोपी 2 दिन के पुलिस रिमांड पर**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जामडोली/जयपुर।** जामडोली के केशव विहार स्थित दो प्लॉटों के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 96 लाख की ठगी करने वाली गैंग का मुख्य सरगना मामला दर्ज होने के करीब 15 माह तक पुलिस गिरफ्त से दूर रहा। इस संबंध में महानगर टाइम्स में 'फर्जी दस्तावेज से करा दी रजिस्ट्री, 96 लाख रुपए ठगे, वारदात के एक साल बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर' शीर्षक से खबर प्रकाशित होने पर पुलिस प्रशासन हरकत में आया और मुख्य सरगना की तलाश में जुट गया। खो नागोरियान पुलिस ने 13 मार्च को जामडोली चौराहे के समीप से ठगी गैंग के सरगना बद्री नारायण मीना पुत्र जगन्नाथ मीना निवासी भीवा की ढाणी, सुमेल जामडोली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करते हुए मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को जयपुर न्यायालय में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। इससे पूर्व पुलिस वारदात में शामिल दो आरोपियों अशोक जैन पुत्र स्व. लक्ष्मीचंद जैन और कमल किशोर व्यास पुत्र हनुमान प्रसाद को गिरफ्तार चुकी है, लेकिन अभी एक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आरोपियों के खिलाफ 24 अप्रेल 2025 को खो-नागोरियान थाने में इस्तगासे द्वारा एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।


फर्जी दस्तावेज से करा दी रजिस्ट्री, 96 लाख रुपए ठगे
वारदात के एक साल बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर

महानगर टाइम्स में 23 जनवरी को प्रकाशित हुई खबर।

### फर्जी कागजात से करा दी थी रजिस्ट्री

पीड़ित सुरेश कुमार जांगिड़, रामजीलाल सैनी ने बताया कि आरोपी बद्रीनारायण मीणा एवं अशोक जैन ने केशव विहार कॉलोनी के प्लॉट संख्या 92 व 93 के फर्जी दस्तावेज तैयार कर दोनों प्लॉटों को बेच दिया था, लेकिन जब 1 फरवरी, 2025 को दोनों प्लॉटों पर निर्माण कार्य शुरू किया तो प्लॉट के असली मालिक पहुंच गए और दोनों प्लॉटों के मूल दस्तावेज दिखाते हुए निर्माण कार्य बंद करवा दिया। किसी भी व्यक्ति को प्लॉट बेचान नहीं करने की बात कही। पीड़ित पक्ष ने रजिस्ट्रीकर्ता अभियुक्त कमल किशोर से संपर्क किया तो फोन बंद आया। इसके बाद बद्रीनारायण मीणा एवं राजेंद्र चौधरी से संपर्क किया तो बोले कि हम उक्त प्लॉटों की रजिस्ट्री करवा चुके, अब हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है। पीड़ित ने अंबेश्वर गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर के कार्यालय जाकर छानबीन की तो प्लॉट संख्या 93 मनीष जैन एवं प्लॉट संख्या 92 विश्वनाथ चतुर्वेदी के नाम जारी होना बताया गया। समिति के कागजात की जांच के बाद ठगी का पता चला। पीड़ित ने नामजद आरोपियों के खिलाफ कोर्ट इस्तगासा के जरिए मामला दर्ज कराया था। पीड़ित जांच अनुसंधान अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों के पास बार-बार न्याय की गुहार लगा रहा है।

दोषियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# दिल्ली में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में सर्व हिंदू समाज का प्रदर्शन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**फागी।** दिल्ली में हिन्दू युवक तरूण खटीक के हत्याकांड में शामिल सभी हत्यारों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सर्व हिन्दू समाज फागी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने वीर तेजाजी मंदिर से पैदल जुलूस निकाला। इस दौरान व्यापारियों ने बाजार बंद रखा और सभी ने केकड़ी भीलवाड़ा हाईवे कुछ समय के लिए जाम कर भारी विरोध प्रदर्शन किया। पैदल जुलूस में सैकड़ों लोग नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस का नेतृत्व एडवोकेट राजेन्द्र कुमार सोयल, अवधेश जोशी, सुरेंद्र धाभाई, अवधेश गुर्जर आदि युवा कर रहे थे। जुलूस मुख्य बाजार में से होते हुए पुलिस थाना फागी पर पहुंचा, जहां राष्ट्रपति के नाम पर उपखंड अधिकारी व पुलिस थाना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। उपखंड अधिकारी व थानाधिकारी से मांग की गई की तरुण खटीक के हत्याकांड में शामिल सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही उसके परिवारजन को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और परिवार में से किसी को सरकारी सर्विस दी जाए। इसके बाद 2 मिनट का मौन रखकर तरूण की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान कन्हैयालाल पारीक, सत्येन्द्र झंडा, राजेश सोयल, दामोदर सोयल, शिवराज सोयल, एडवोकेट विष्णु प्रधान, अनिल पाराशर, कृष्णकांत शर्मा, कुंज बिहारी सोयल, महावीर सोयल, पारस मोदी, भवानी शंकर सोयल, हुकुमचंद सोयल, अंकित सैनी, राजेन्द्र टेलर, नवरत्न माहेश्वरी, रतन सिंह, रामलाल जोगी, राम सहाय सेन, देवनारायण गुर्जर समेत सैकड़ों की संख्या में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता व हिंदू सर्व समाज के लोग शामिल हुए।

## आयुर्वेद विद्वत् परिषद का गठन, प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों पर होगा शोध



महानगर टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** ज्ञान भारत संस्कृति मंत्रालय के क्लस्टर सेंटर विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान जयपुर में आयुर्वेद अनुसंधान संगोष्ठी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयुर्वेद के प्राचीन व हस्तलिखित ग्रन्थों पर शोध, संरक्षण व प्रकाशन के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के प्रारंभ में डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने रूपरेखा प्रस्तुत की। संस्थान के उपाध्यक्ष व समन्वयक महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी महाराज ने बताया कि भारत की प्राचीन आयुर्वेदिक परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है, लेकिन अनेक दुर्लभ ग्रन्थ आज भी पाण्डुलिपि रूप में अप्रकाशित पड़े हैं। इन ग्रन्थों के संरक्षण, अध्ययन व प्रकाशन के उद्देश्य से आयुर्वेद विद्वत् परिषद् के गठन का निर्णय लिया गया। इस नवगठित परिषद् में आयुर्वेद क्षेत्र के विद्वानों को शामिल किया गया है, जिनमें वैद्य गोपीनाथ पारीक, वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी, डॉ. सुरेश कुमार शर्मा व डॉ. बृज किशोर मिश्रा प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं। यह परिषद् आयुर्वेद के दुर्लभ व अप्रकाशित ग्रन्थों पर शोध, संपादन व प्रकाशन का कार्य करेगी, जिससे आयुर्वेद की प्राचीन ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके। बैठक में जयप्रकाश शर्मा, अवधेश वशिष्ठ, सौरभ शर्मा, बृजेश वशिष्ठ, रामप्रसाद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने किया।

भगतसिंह आभामंडल की ओर से 23 मार्च को लालसोट में होगा आयोजन

# विधायक शर्मा ने किया रक्तदान महोत्सव के पोस्टर का विमोचन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** सामाजिक सेवा में अग्रणी संगठन भगतसिंह आभामंडल की ओर से भारतीय सेना को समर्पित 'इंकलाब रक्तदान महोत्सव' के पोस्टर का विमोचन सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने किया। जयपुर स्थित इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में आभामंडल संरक्षक मोहनलाल शर्मा, लोकतंत्र सेनानी पंडित देवनारायण जैमन, विप्र फाउंडेशन के सुनील उदेइया, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पं. राधेश्याम





व प्रशस्वी महाविद्यालय के निदेशक अरविंद मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक गोपाल शर्मा ने युवाओं द्वारा किए जा रहे इस प्रयास और आभामंडल के सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आभामंडल के रक्तदान व नशामुक्ति के सेवा कार्य समाज में मानवता, सेवा व सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि ऐसे जनहित के कार्यों में युवाओं को सदैव उनका सहयोग मिलता रहेगा। आभामंडल संयोजक अमन शर्मा राजपूर्ण ने बताया कि संत रविदास के 650वें जन्म वर्ष के अवसर पर सामाजिक समरसता से जुड़े अन्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इस दौरान आभामंडल के रामेश्वर शर्मा, अशोक शर्मा, अर्चना जैमन, रमेश शर्मा, सपना शर्मा, लखन पाटोदिया, डॉ. रवि शर्मा, अभिषेक खंडेलवाल, गौरव तिवारी, अमन शर्मा, नारायण रामगढ़ आदि उपस्थित रहे।

## ख्वाजा साहब की मस्तानी ने की जियारत, रोजदारों को इफ्तार पार्टी



महानगर टाइम्स संवाददाता

**अजमेर।** ख्वाजा की मस्तानी के नाम से मशहूर और असम के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर से जुड़ी विद्या देवी ने एक बार फिर हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शरीफ में हाजिरी लगाई। गरीब नवाज के दरबार में गहरी आस्था रखने वाली विद्या देवी साल 2006 से लगातार अजमेर आ रही है। इस बार उन्होंने महखली चादर व चांदी का मुकट पेश कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। दरगाह के खादिम सैयद अहमद अली नियाजी ने विद्या देवी को जियारत करवाई और दरगाह शरीफ का तबर्रुक प्रसाद प्रदान किया। उनकी यह यात्रा हिंदू-मुस्लिम एकता और सूफी संत के सार्वभौमिक संदेश का जीवंत प्रतीक है। इस दौरान विद्या देवी ने अपनी भावुकता व्यक्त करते हुए बताया कि साल 2006 में जब वह पहली बार परिवार के साथ अजमेर आई तो उनकी गाड़ी खराब हो गई थी, पैसे भी खत्म हो चुके थे, लेकिन ख्वाजा गरीब नवाज के आशीर्वाद से वे मुंबई तक सुरक्षित पहुंच गईं। इससे बड़ा कोई चमत्कार नहीं हो सकता। इस दौरान विद्या देवी ने गरीब नवाज के दरबार में एक हजार रोजेदारों के लिए इफ्तारी व लंगर का आयोजन किया। विद्या देवी ने मुस्कुराते हुए कहा कि उनकी यह सेवा सूफी परंपरा की उदारता व गरीबों की मदद के संदेश को मजबूत करती है। हिंदू-मुस्लिम सद्भाव पर जोर देते हुए उन्होंने कहा देश में हिंदू-मुस्लिम सभी को मिलजुलकर रहना चाहिए। कुछ लोग अपनी राजनीति चलाने के लिए हिंदू-मुस्लिम करते हैं, लेकिन भारत देश सभी धर्मों के लोगों का है।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान, जाना जल का महत्व



महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन विभिन्न रचनात्मक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा व योगासन के साथ हुई। कार्यक्रम अधिकारी कैलाश चंद्र कुमावत ने स्वयंसेवकों को स्वस्थ जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया। इसके बाद स्वच्छ भारत अभियान के तहत श्रमदान किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर की सफाई की और पेड़-पौधों को पानी देकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अल्पाहार के बाद सभी ने सामूहिक रूप से सामाजिक कार्यों पर चर्चा की। द्वितीय सत्र में जल महोत्सव विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण की आवश्यकता को रंगों व रेखाओं के माध्यम से उकेरा। प्रधानाचार्या डॉ. मधु चौधरी ने प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के कौशल की सराहना की और उन्हें जल की एक-एक बूंद बचाने की शपथ दिलाई। शिविर में स्टॉफ सदस्य धन्नाराम जाट, ओमप्रकाश गुर्जर आदि उपस्थिति रहे।

समारोह को शिक्षा व सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बनाने पर दिया जोर

# धूमधाम से मनाया जाएगा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती महोत्सव

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** महात्मा ज्योतिबा फुले आवासीय शिक्षण संस्थान धोली डूंगरी नीमकाथाना में संगठन समिति अध्यक्ष ताराचंद सैनी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 11 अप्रेल को महान समाज सुधारक व शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती महोत्सव को धूमधाम से भव्य व गरिमामय तरीके से मनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने अपने-अपने सुझाव रखते हुए जयंती समारोह में सर्वसमाज की सहभागिता और शिक्षा व सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट बंटेश



सैनी, सुरेंद्र सैनी, बाबूलाल सैनी, महेंद्र सैनी, कमल सैनी, गोपाल सैनी, बृजलाल सैनी, नंदकिशोर सैनी, अशोक सैनी सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जयंती समारोह को बड़े स्तर पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जयंती समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए अगली बैठक 22 मार्च को आयोजित की जाएगी। साथ ही सभी सदस्यों से अधिक से अधिक समाज बंधुओं को संस्था से जोड़ने और कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस अवसर पर संस्था के महासचिव बहादुरमल सैनी, कोषाध्यक्ष माडूराम सैनी, मोहित सैनी, बृजलाल सैनी, श्रीराम सैनी, सुभाष सैनी, गीगाराम सैनी, जयदयाल सैनी सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का समापन महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती को भव्य व गरिमामय तरीके से धूमधाम से मनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## बुजुर्ग महिला भूखे पेट सोने को मजबूर, सरकारी योजनाओं से वंचित

महानगर टाइम्स संवाददाता



**धनाऊ।** धनाऊ तहसील मुख्यालय पर रहने वाले एक गरीब परिवार की हालत बेहद दयनीय बनी हुई है। परिवार में तीन सदस्य है, जिनकी 80 वर्षीय बुजुर्ग माता तजू देवी ही एकमात्र सहारा है, लेकिन उम्र के इस पड़ाव में उन्हें खुद ही कई परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। परिवार में उनका एक बेटा 44 वर्षीय मुराद सोलंकी व बहू सोढ़ी देवी है। बेटा एक साल से बीमारी व विकलांगता के कारण काम करने में असमर्थ है, जबकि बहू 10 साल से मानसिक बीमारी से पीड़ित है। ऐसे में पूरे परिवार की जिम्मेदारी बुजुर्ग महिला तजू देवी के कंधों पर आ गई। आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि कई बार उन्हें भूखे पेट ही सोना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार इस परिवार को राशन व पेंशन के अलावा किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। बुजुर्ग महिला को परिवार आवास योजना या अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का भी लाभ नहीं मिला है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि इस गरीब परिवार की स्थिति को देखते हुए ।

## गौड़ ब्राह्मणों ने मनाया होली स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** गौड़ परशुराम सेवा समिति नीमकाथाना की ओर से गणेश्वर गांवडी रोड पर स्थित परशुराम भवन में रविवार को गौड़ ब्राह्मण समाज का होली स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह त्रिवेणी धाम के संत रघुनंदन दास महाराज के सानिध्य मनाया गया। कार्यक्रम में समिति के मुख्य संरक्षक डॉ. देवकीनंदन तिवाड़ी ने अध्यक्षता की, जबकि मुख्य अतिथि वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और विशिष्ट अतिथि पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री राजकुमार शर्मा, विजय हरितवाल प्रदेश अध्यक्ष गौड़ ब्राह्मण महासभा, महेश शर्मा पूर्व अध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड, डॉ. पुष्कर तिवाड़ी, डॉ. गिरीश तिवाड़ी, प्रेमचंद शर्मा आदि रहे। आगंतुक अतिथियों ने अपने उद्बोधन में गौड़ समाज के संरक्षण व संवर्धन और विकास की बात की। साथ ही परशुराम भवन के लिए अधिक से अधिक सहयोग व आर्थिक योगदान देने की बात की। समारोह के दौरान भामाशाहों ने परशुराम भवन में चार कमरे व 31 लाख रुपए की घोषणा की। टोडा निवासी तिवाड़ी परिवारजनों ने भगवान परशुराम की 6 फुट ऊंची मूर्ति की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिष्ठित करवाई। समारोह में गौड़ समाज की 65 प्रतिभाओं का सम्मान व अभिनंदन किया गया। इसके बाद भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। समारोह में गौड़ समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## पेयजल की समस्या से निजात पाने के लिए दिया ज्ञापन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के वार्ड नं. 2 सीकर बाजार बाईपास चौराहा स्थित जोशी कॉलोनी के वाशिंदों ने कॉलोनी में पेयजल की समस्या के समाधान के लिए नगरीय विकास स्वायत्त शासन मंत्री के नाम का ज्ञापन उनके सुपुत्र अजय सिंह खर्रा को सौंपा। कॉलोनीवासी रामजीलाल शर्मा व रामबाबू डीडवानिया के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में पेयजल की समस्या से निजात पाने के लिए कॉलोनी में एक स्थाई बोरिंग व पाइप लाइन कनेक्शन की मांग की गई। इसके साथ ही सीकर बाजार बाईपास से छालिया वाली जोहड़ी तक जर्जर सड़क को पुनः नया बनाने की भी मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में यह सड़क पूर्णतः जर्जर हो चुकी है, जिससे आते-जाते राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। इन दोनों ही मांगों को लेकर यूडीएच मंत्री के पुत्र अजय खर्रा ने सड़क व बोरिंग जल्द ही बनवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुन्ना लाल मीणा, साहिल मीणा, हर्षवर्धन, रामजीलाल शर्मा, रामबाबू डीडवानिया, राधेश्याम वर्मा, भगवानसहाय वर्मा, सुभाष मीणा, नेकीराम घोसल्या आदि मौजूद रहे।

## पुलिस का विशेष अभियान सुरक्षा सखी पखवाड़ा आज से

महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान सुरक्षा-सखी पखवाड़े का आयोजन सोमवार अजीतगढ़ पीजी कॉलेज के सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक कपिल मीणा व शंकर लाल शर्मा ने बताया कि अजीतगढ़ पुलिस उपाधीक्षक प्रेम बहादुर निर्भय के मुख्य आतिथ्य व विजय सिंह थानाधिकारी अजीतगढ़ की अध्यक्षता में सुरक्षा सखी पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें कानूनी सहायता, साइबर सुरक्षा, राजकोप सिटीजन एप की जानकारी दी जाएगी। सुरक्षा सखी पखवाड़े में पुलिस थाना अजीतगढ़, थोई व श्रीमाधोपुर थाने की महिला सुरक्षा सखी भाग लेंगी।

श्रद्धालुओं ने संतों का आशीर्वाद लेकर भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

# निर्झर धाम में संत अवध बिहारी दास महाराज की चादरपोशी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** निर्झर धाम में संत अवध बिहारी दास महाराज की चादरपोशी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने संत अवध बिहारी सहित अन्य संतों का आशीर्वाद लेकर भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी मदनलाल भावरीया, बजरंग लाल पटेल पचलंगी, पं. संजय शास्त्री व राजकुमार जाखड़ ने बताया कि निर्झर धाम में सैकड़ों वर्ष पहले लक्ष्मी दास महाराज ने तपस्या की थी। उनके बाद धाम पर कोई संत नहीं होने के कारण रविवार को संत परंपरा के अनुसार संतों के सानिध्य में नीमकाथाना के महावा के निकटवर्ती घुघाड़ी धाम के संत अवध बिहारी दास महाराज की नए



संत के रूप में चादरपोशी की गई। राजकुमार जाखड़ सरपंच राणासर ने भक्तजनों के साथ महाराज को चादर ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया। वहीं विद्वान पंडितों ने पूजा-अर्चना करवाई।

संत अवध बिहारी दास महाराज ने चादरपोशी के बाद संतों की पादुकाओं की पूजा अर्चना की और राम मंदिर में दर्शन कर महायज्ञ की परिक्रमा की। चादरपोशी में सीताराम दास महाराज बल्डा धाम नागौर, खोजी द्वाराचार्य श्रीरामरिछपाल त्रिवेणी धाम, बाहुबली द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य दाऊधाम, महन्त मनोहर शरण दास महाराज पलसाना धाम, रामदास महाराज नीलका धाम, महंत प्रहलाद दास महाराज कुंडा धाम, श्रीकृष्ण दास महाराज निमोद सहित कई संत शामिल हुए।

## रेलवे स्टेशनों पर सेवा देने पर महिला सुरक्षा सखियों का सम्मान



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** रेलवे स्टेशनों पर निस्वार्थ भाव से यात्रियों की सुरक्षा और सेवा में योगदान देने वाली महिला सुरक्षा सखियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नीमकाथाना जीआरपी थाने के अधीन आने वाली करीब 20 सुरक्षा सखियों को दुपट्टा पहनाकर, उपहार व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। रींगस की पवन गैस एजेंसी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नीमकाथाना जीआरपी थाने के थानाधिकारी श्रीचंद जाखड़ ने अध्यक्षता की, जबकि मुख्य अतिथि विद्याधर शर्मा रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि महिला सुरक्षा सखियां रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की मदद करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। वे बुजुर्ग यात्रियों को ट्रेन में चढ़ाने-उतारने में सहायता करती हैं और यात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक भी करती हैं। समाज सेवा की भावना से किया जा रहा यह कार्य सराहनीय है। कार्यक्रम में रींगस जीआरपी चौकी प्रभारी एएसआई मुकेश सैनी, पवन गैस एजेंसी के प्रतिनिधि कमल कुमावत, एएसआई मुखाराम सैनी, सुरेंद्र कुमार, हैड कांस्टेबल बनवारी लाल सहित बड़ी संख्या में महिला सुरक्षा सखियां व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

विश्व हिंदू परिषद का सामाजिक समरसता कार्यक्रम

# दलित व शोषित समाज के परिवारों से मित्रता बढ़ाने पर दिया जोर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** विश्व हिंदू परिषद की ओर से मिट्ठू का धर्मशाला में सामाजिक समरसता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड उपाध्यक्ष लक्ष्मण स्वामी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखण्ड मंत्री सुरेश कुमावत ने मंत्रोच्चार से की। ओम प्रकाश सेन ने देशभक्ति गीत





प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्य वक्ता डॉ. गिरधारी लाल ने सामाजिक समरसता की प्रत्येक कड़ी को समझाते हुए वर्तमान समय में समाज में समरसता लाने के तौर-तरीकों को विस्तार से बताया। उन्होंने संपूर्ण हिंदू समाज को एकरूपता में पिरोने का लक्ष्य प्रस्तुत किया।

संरक्षक रामकुमार सिंह राठौड़ ने सभी समाज के प्रत्येक सदस्य को आपस में एक रूप में देखने व उनके सुख-दुख में भाग लेने की प्रेरणा प्रदान की। प्रखण्ड अध्यक्ष राममोहन सेकसरिया ने व्यक्तिगत प्रयासों पर जोर डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज की सभी जातियों से दो-दो मित्र बनाकर समरसता का सार्थक स्वरूप लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे भगवान राम स्वयं चलकर शबरी के आश्रम पहुंचे थे। वैसे ही हमें भी सेवा बस्तियों में जाकर उनके साथ आत्मीयता बढ़ानी चाहिए। दलित व शोषित समाज के परिवारों से पारिवारिक मित्रता होनी चाहिए और एक-दूसरे के पारिवारिक कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होना चाहिए। प्रखण्ड उपाध्यक्ष लक्ष्मण स्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक समरसता प्रमुख डॉ. जगदीश प्रसाद कड़वासरा ने किया। इस अवसर पर संरक्षक रामकुमार सिंह राठौड़, डॉ. गिरधारी लाल, प्रखण्ड अध्यक्ष राम मोहन सेकसरिया, उपाध्यक्ष लक्ष्मण स्वामी, सामाजिक समरसता प्रमुख डॉ. जगदीश प्रसाद कड़वासरा, उपाध्यक्ष गोवर्धन मारवाड़, प्रखण्ड मंत्री सुरेश कुमावत, मुरली मनोहर चौबदार सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

मुरलीपुरा में सामूहिक गणगौर-ईसर पूजन समारोह का आयोजन

# महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना के साथ श्रद्धा-भक्ति से की गणगौर माता की पूजा

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** सुहाग पर्व गणगौर के उपलक्ष्य में रविवार को विकास नगर, मुरलीपुरा स्थित होली चौराहा पर सामूहिक गणगौर-ईसर पूजन समारोह हुआ। कार्यक्रम में चार सौ से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर अखंड सुख-सौभाग्य और सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना के साथ श्रद्धा-भक्ति से पूजन किया। सजी-धजी महिलाओं ने माता पार्वती के स्वरूप गणगौर तथा भगवान भोलेनाथ के स्वरूप ईसर का विधिवत पूजन किया। महिलाएं लाल रंग के पारंपरिक परिधान और राजस्थानी आभूषणों में सुसज्जित होकर मंदिर पहुंचीं और पारंपरिक लोकगीत गाते हुए सामूहिक रूप से भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान गणगौर माता को रोली से तिलक लगाकर काजल, मेहंदी सहित सुहाग की विभिन्न सामग्रियां अर्पित की गईं तथा दूब से जल के छींटे देकर मंगल कामनाएं की गईं।

## सम्मान समारोह में प्रतिभाओं का हुआ अभिनंदन

राजस्थानी त्योहार, कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न महिलाओं को 'नखराली गणगौर' और 'नखराली बूढ़ी गणगौर' सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर कामिनी शर्मा, तोशिका पारीक, हर्षिता शर्मा, हेमलता शर्मा और संजू को नखराली गणगौर पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं संतोष माहेश्वरी, कुसुम अग्रवाल, पार्वती चौधरी, विमला बुनकर, संजू मिश्रा और पुष्पा को नखराली बूढ़ी गणगौर सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी गोपाल शर्मा ने सभी सम्मानित महिलाओं को स्मृति चिन्ह, सुहाग सामग्री और आर्टिफिशियल ज्वैलरी किट भेंट कर सम्मानित किया।

## पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ में अर्पित की आहुतियां

इससे पूर्व मनु महाराज के सान्निध्य में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। कृष्णा महाराज ने दीप प्रज्वलित कर वेद माता गायत्री, गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य तथा वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा का षोडशोपचार पूजन किया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के दिनेश आचार्य और डॉ. राजकुमार सतनाकर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। दिनेश आचार्य ने सुखद दाम्पत्य जीवन के सूत्र बताते हुए पारिवारिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। पांच पारी में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर परिवार, समाज और राष्ट्र के मंगल की कामना की। इस दौरान बृजलाल जांगिड़, मूलचंद जांगिड़, हरीश जांगिड़ और दीपक ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम संयोजक अरुण कुमार पंसारी ने सभी अतिथियों, महिलाओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विकास नगर विकास समिति, गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महावीर जयंती के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर संपन्न



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भगवान महावीर के 2625 वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में राजस्थान जैन सभा एवं ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट (रजि) के तत्वावधान में रविवार को मानसरोवर के एक हॉस्पिटल में विशाल रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष प्रमोद जैन भंवर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सीएमए अभिषेक जैन थे। विशिष्ट अतिथि अजय जैन और राजकुलदीप सिंह व प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर के डायरेक्टर डॉ. जीएल शर्मा रहे। इस अवसर पर जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा की पुत्री प्रियांजली मीणा सहित अनेक युवाओं और समाजसेवियों ने रक्तदान किया। संस्था की ओर से रक्तदाताओं को उपहार व प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर संस्था सचिव ऋषि जैन, सह सचिव डॉ. राज के. टांक तथा कोषाध्यक्ष मनीषा जैन, सांस्कृतिक सचिव राखी जैन, प्रियांशी जैन, निकिता, पारुल चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भारत विकास परिषद विजयनगर शाखा के चुनाव संपन्न

## सुभाष गुप्ता अध्यक्ष, नृसिंह स्वर्णकार सचिव एवं रवि गुप्ता वित्त सचिव निर्वाचित

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** भारत विकास परिषद विजयनगर शाखा, जयपुर के शनिवार को सत्र 2026-27 के लिए वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर सुभाष गुप्ता, सचिव पद पर श्री नृसिंह स्वर्णकार तथा वित्त सचिव पद पर श्री रवि प्रकाश गुप्ता को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर सिंह त्यागी ने चुनाव संपन्न करवाए। इस दौरान साधारण सभा तथा फागोत्सव का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शाखा वित्त सचिव रवि प्रकाश गुप्ता ने शाखा का वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। शाखा सचिव नृसिंह स्वर्णकार ने शाखा द्वारा सत्र 2025-26 में में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। शाखा अध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

## एकादशम् कन्या पूजन एवं वैदिक यज्ञ महोत्सव के पोस्टर का विमोचन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** नांगल जैसा बोहरा स्थित बोहरा जी की बावड़ी परिसर में रामनवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च को एकादशम् कन्या पूजन एवं वैदिक यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

रविवार को योगाभ्यास के बाद सुबह 6:15 बजे विशाल संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न संगठनों एवं योग कक्षाओं के 43 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुरलीपुरा स्थित विकास नगर में गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। उल्लेखनीय है कि इस संगोष्ठी में उत्थान सेवा संस्थान, पतंजलि किसान सेवा समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गायत्री परिवार एवं नांगल जैसा बोहरा, मुरलीपुरा, विद्याधर नगर, लोहामंडी व कालवाड़ की योग कक्षाओं के कार्यकर्ता शामिल हुए। सीकर रोड स्थित सन एन मून के परिसर में श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय संयोजक अजित सिंह मामडोली ने भी एकादशम कन्या पूजन एवं वैदिक यज्ञ महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने लोगों को अधिकाधिक संख्या में तन मन धन से सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

### पंचतत्व पूजन के साथ जन्मदिन संस्कार महोत्सव का हुआ आयोजन

# एकादशी पर वैदिक विधि से मनाया जन्मदिन, पौधरोपण का लिया संकल्प





महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** चैत्र कृष्ण एकादशी पर गोविंद देवजी मंदिर के सत्संग भवन में जन्मदिन को भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाने की परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सानिध्य में 'जन्मदिन संस्कार महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मार्च माह में जन्मदिन वाले एक दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने वैदिक विधि-विधान से अपना जन्मदिन मनाकर समाज में सांस्कृतिक जागरण का संदेश दिया।

महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने पृथ्वी, अग्नि, वायु, जल और आकाश जैसे पंचतत्वों का पूजन किया तथा दीप प्रज्ज्वलन और हवन के माध्यम से अपने जीवन को संस्कारित करने का संकल्प लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस कार्यक्रम में जन्मदिन को केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और संस्कार का पर्व बनाने का संदेश दिया गया। आचार्य पीठ से वर्षा गुप्ता ने कहा कि जन्मदिन केवल केक काटने का अवसर नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण, कृतज्ञता और जीवन में सद्गुणों को अपनाने का दिन है। जिस प्रकार हम भगवान और महापुरुषों की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं, उसी प्रकार हमें अपना और अपने परिजनों का जन्मदिन भी भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाना चाहिए।

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह-व्यवस्थापक मणिशंकर पाटीदार के निर्देशन में भक्त भूषण वर्मा, नीलम वर्मा, वर्षा गुप्ता एवं सुमन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भविष्य में दीप प्रज्ज्वलित कर जन्मदिन मनाने और भारतीय संस्कृति की इस परंपरा को समाज में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान कैलाश चंद्र अग्रवाल, रमेश चंद्र अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठजनों ने पुष्पवर्षा कर जन्मदिन मना रहे श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। एकादशी के अवसर पर गीता पाठ का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया।

### प्रकृति का संरक्षण करने की ली शपथ

महोत्सव में जिन श्रद्धालुओं का जन्मदिन था, उन्होंने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में जन्मदिन को भारतीय संस्कृति के अनुसार मनाएंगे तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएंगे, ताकि समाज में संस्कारों के साथ प्रक2ति संरक्षण का संदेश भी प्रसारित हो सके।



## श्री श्याम भजनोत्सव में सजी फूल बंगला श्रृंगार झांकी

### इत्र वर्षा पुष्प वर्षा के साथ हुआ लखदातार का गुणगान

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था की ओर से सफला एकादशी के अवसर पर अग्रवाल फार्म सेक्टर 113 अग्रवाल फार्म श्याम पार्क में श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन हुआ। संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि लखदातार का फूलों का आकर्षक श्रृंगार कर छप्पन भोग ठंडी तासीर वाले व्यंजनों का भोग लगाया। अखंड ज्योत प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ भजनों का शुभारंभ हुआ। पुष्प वर्षा के बीच दरबार में कर्णप्रिय भजनों से वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कीर्तन में अनवरत पुष्प वर्षा इत्र वर्षा भक्तों के द्वारा होती रही।

**भक्तों ने लगाई अपनी-अपनी अरदास**

श्री श्याम प्राचीन मंदिर कांवटियों का खुर्रा, रामगंज बाजार में मन्दिर महन्त पं. लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में एकादशी अरदास कीर्तन हुआ। सभी श्याम भक्तों ने बाबा श्याम के समक्ष अपनी-अपनी हाजिरी लगाई। इस मौके पर भजनामृत रस गंगा बहाई गई। जिसमें भजन गायकों ने भावात्मक भजन गाए। बाबा श्याम की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया। श्याम बाबा की मनमोहक श्रृंगार झांकी सजाई गई।

## सिंधु मेले में स्वस्थ भारत का दिया संदेश झूलेलाल की सजी अलौकिक झांकी



महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। आदर्श नगर के दशहरा मैदान में रविवार को चेटीचंड सिंधी मेला समिति, महानगर जयपुर के तत्वावधान में विशाल सिंधु मेले का आयोजन किया गया। अध्यक्ष नरेंद्र मूलचंदानी सीए और महासचिव प्रमोद नावानी ने बताया कि मेले का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की मूर्ति के समक्ष अमरपुरा के संत मोनूराम महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही धर्म ध्वजा फहराई गई। इस अवसर पर सिंधी संस्कृति और परंपराओं को दर्शाने वाले कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेला प्रमुख विजय बालानी ने बताया कि मेले के मध्य में भगवान झूलेलाल की अलौकिक झांकी सजाई गई। झांकी में फव्वारे चल रहे थे। पर्वत पर भगवान शंकर विराजमान थे। मेले में शेरों की हिलती गर्दन देख बच्चे रोमांचित हो रहे थे। कोषाध्यक्ष दीपक वरंदानी ने बताया कि बच्चों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कई बच्चों ने भगवान झूलेलाल के चित्र पर रंग भरे। महिलाओं के लिए व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

पखवाड़ा सचिव अर्जुन मेहरचंदानी ने बताया कि मेले में अमरापुर दरबार की ओर से डोडा चटनी, झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी की ओर से मीठे चावल और छोले और एक श्रद्धालु की ओर से ब्रेड छोले निशुल्क वितरित किए गए। ख्याति प्राप्त कलाकार मनोज मामनानी ने सिंधी संगीत की प्रस्तुति दी। सामाजिक सरोकार के तहत अंगदान, नेत्रदान और देहदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वस्थ भारत का संदेश दिया गया। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और नशा मुक्त जीवन का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, अशोक परनामी, अजय पाल सिंह, रवि नैय्यर, जय आहूजा, अमित गोयल, प्रिया ज्ञानानी, चंद्र प्रकाश खेतानी सहित विशिष्ट और आमजन शामिल हुए। इससे पूर्व त्रिमूर्ति सर्किल से एकता वाहन रैली निकाली गई,जो दशहरा मैदान में पहुंची।

रैली में मोहन लाल वाधवानी, महेंद्र तीर्थानी, कमल आसवानी, विष्णु देव सामतानी, धर्म दास मोटवानी, नारायण दास नजवानी, गिरधारी मनकाणी, रतन ऐलानी आदि उपस्थित रहे।

## गणगौर-ईसर पूजन कर की सुखी दांपत्य जीवन की कामना

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** सुहाग पर्व गणगौर के उपलक्ष्य में सांगानेर के महावीर नगर में गणगौर-ईसर पूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं ने भाग लेकर अखंड सुख-सौभाग्य और सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना के साथ श्रद्धा-भक्ति से पूजन किया। सजी-धजी महिलाओं ने माता पार्वती के स्वरूप गणगौर तथा भगवान भोलेनाथ के स्वरूप ईसर का विधिवत पूजन किया।

महिलाएं लाल रंग के पारंपरिक परिधान और राजस्थानी आभूषणों में सुसज्जित होकर महावीर नगर पहुंचीं और पारंपरिक लोकगीत गाते हुए भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान गणगौर माता को रोली से तिलक लगाकर काजल, मेहंदी सहित सुहाग की विभिन्न सामग्रियां अर्पित की गईं तथा दूब से जल के छींटे देकर मंगल कामनाएं की गईं। गणगौर ना सिर्फ विवाहिताएं, बल्कि कुंवारी कन्याएं भी हर्षोल्लास से मनाती हैं। मान्यता है कि विवाहिताएं पति की लंबी उम्र के लिए गणगौर का व्रत और विशेष पूजा करती हैं तो कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की कामना में व्रत रखती हैं। गणगौर पूजा कर रही इंद्रा गुर्जर, संगीता शर्मा और पिंकी साहू ने बताया कि होलिका दहन के अगले दिन से कुंवारी कन्याएं व विवाहिताएं गणगौर पूजने लगती हैं। कन्याएं और नवविवाहित महिलाएं सुबह फूल चुनने के बाद घर का पवित्र जल कलश में भरकर ईसर-गणगौर पूजती हैं। सुबह महिलाएं बगीचे में जाती है और दूब लाती हैं। गोर ये गणगौर माता खोल किवाड़ी, बाहर ऊबी थारी पूजन वाली, गोर-गोर गोमती जोड़ा पूजा पार्वती का आला गीला लगी... आदि गीत गाती हैं। महिलाएं तय जगह जुटती हैं और कनिष्ठा से जोड़ा बनाकर गणगौर पूजा करती है। इस अवसर पर महिलाओं ने ढोल के साथ बारात निकाल कर गणगौर पूजा की। इस अवसर पर मुनिया राजपुरोहित, कमलेश गोयल, अंकिता छीपा, मीनू खंडेलवाल, सृष्टि शर्मा, दक्षिता शर्मा, काव्य खंडेलवाल, हेजल सैनी सहित कई महिलाएं शामिल उपस्थित रही। महिलाओं ने बताया कि कॉलोनी में भी नवविवाहित महिलाएं और युवतियां गणगौर माता की पूजा कर रही हैं। इस दौरान महिलाएं गौर गौर गणपति... ईसर पूजै पार्वती.... ऊंचो चवरो चोकुंठो.... हिंडा के गीत.... चुनड़ी के गीत.... टीकी के गीत..., आदि गीत गणगौर पर गाए जैसे पारंपरिक लोकगीत गाए जा रहे हैं। गणगौर पर्व माता पार्वती और भगवान शिव की आराधना का प्रतीक है। इस दौरान नवविवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य और परिवार की खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं। इस अवसर पर प्रेम दुसाद, मंजू गुर्जर, सुमन देवी, भावना, परमेश्वरी, आशा, राजेशवरी, सुनीता, राधा, आरती सैनी सहित अनेक महिलाए मौजूद रहीं।

## समर्पण संस्था के रक्तदान शिविर में 88 यूनिट रक्त एकत्रित



**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर में समर्पण संस्था की ओर से 16वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 88 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में सवाई मानसिंह चिकित्सालय ब्लड बैंक द्वारा 40, राजकीय जयपुरिया हॉस्पिटल ब्लड बैंक द्वारा 22 व स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक द्वारा 26 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि रावत एज्युकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत ने संस्था पदाधिकारियों के साथ फीता काटकर किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने अतिथियों का स्वागत किया। बीएस रावत ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का महत्वपूर्ण उपहार है। एक व्यक्ति के रक्तदान से तीन व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है। हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आईएएस डॉ. नीरज के. पवन ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन कर स्वयं ने भी रक्तदान किया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को संस्था की तरफ से प्रशंसा पत्र भी प्रदान किये गए। मंच संचालन शिक्षिका मोनिका खण्डेलवाल ने किया।

### 'फार्म से फॉर्च्यून तक' महासम्मेलन सम्पन्न

# गौ-संवर्धन व प्राकृतिक खेती के नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की बनी रूपरेखा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर स्थित वैदिक वन औषधीय पादप केंद्र, श्री पिंजरापोल गौशाला में 14-15 मार्च को 'फार्म से फॉर्च्यून तक' अखिल भारतीय महासम्मेलन आयोजित किया गया। दो दिवसीय इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रगतिशील किसान, कृषि विशेषज्ञ, उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर खेती को लाभकारी उद्यम में बदलने के मॉडल पर मंथन किया।

सम्मेलन में यह विचार उभरकर सामने आया कि राजस्थान में गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, औषधीय पौधों की खेती और ग्रामीण उद्योगों के क्षेत्र में जो प्रयोग हो रहे हैं, उन्हें संगठित रूप से देशभर में लागू किया जा सकता है। अब गौसेवी केवल सेवा तक सीमित न रहकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ अपने अनुभव और शोध आधारित विचार समाज व सरकार के सामने रख रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश दास महाराज रहे। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त महानिदेशक राजस्थान पुलिस विपिन कुमार पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टार हॉस्पिटल, जयपुर के चेयरमैन डॉ. राकेश की दावत ने की।




मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि गौ-आधारित जैविक खेती, औषधीय पौधों की व्यावसायिक खेती और मूल्य संवर्धित उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी जा सकती है तथा किसानों की आय में कई गुना वृद्धि संभव है। ह्यूमन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने कहा कि प्राकृतिक खेती, औषधीय पौधों और ग्रामीण उद्योगों को जोड़कर युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर स्वरोजगार के अवसर तैयार किए जा सकते हैं।

सेवानिवृत्त जीएसटी आयुक्त महावीर मीणा ने कहा कि कृषि को उद्योग के रूप में विकसित करने के लिए किसानों को आधुनिक व्यापारिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। सम्मेलन में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने, गौ-आधारित कृषि प्रणाली, औषधीय पौधों की खेती, ग्रामीण स्टार्टअप, निवेश और निर्यात संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिभागियों को मेडिसिनल एवं हर्बल प्लांट्स की खेती, बायबैक एग्रीमेंट, थर्ड पार्टी मैन्युफैक्चरिंग, प्राइवेट लेबलिंग और मार्केटिंग से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी भी दी गई।

### आमजन का प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ रहा रुझान

विशेषज्ञों ने कहा कि रासायनिक खाद के अंधाधुंध उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए आम जनता तेजी से प्राकृतिक खेती की ओर आकर्षित हो रही है। इसी दिशा में राज्य और केंद्र सरकार भी गौ-आधारित खेती, जैविक कृषि और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने वाली नई योजनाएं लागू कर रही हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सहित कई राज्यों से प्रतिभागियों ने सम्मेलन में भाग लिया।

# मुनाफाखोरी की बीमारी

## कालाबाजारी करने वालों के दुस्साहस में नहीं आई कोई कमी

**अमेरिका-इजराइल** और ईरान के बीच युद्ध के चलते ऊर्जा आपूर्ति का संकट उभरते ही देश में रसोई गैस की किल्लत होने लगी और जमाखोरी एवं कालाबाजारी ने समस्या को और गंभीर बना दिया है, जिससे गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लग रही हैं। यद्यपि सरकार ने जमाखोरी एवं कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया, पर लगता नहीं कि इससे जमाखोरों और मुनाफाखोरों के दुस्साहस में कोई कमी आई है। इसका प्रमाण यह है कि उनके खिलाफ छापेमारी के दौरान कई शहरों में रसोई गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले पकड़े गए। कई ने दर्जनों रसोई गैस सिलेंडर चोरी-छिपे जमा कर रखे थे। उन मुनाफाखोरों की गिनती करना भी कठिन है, जो महंगे दामों पर रसोई गैस सिलेंडर बेच रहे थे। ऐसे तत्व आम जनता एवं सरकार का संकट बढ़ाते हैं। अपने देश में किसी भी संकट के समय आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी बहुत आम है। कोविड महामारी के समय जब सारा देश संकट में था, तब भी कुछ दवाओं के साथ कई आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी देखने को मिली थी। यह भी किसी से छिपा नहीं कि अपने यहां कभी प्याज, कभी उर्वरकों तो कभी किसी अन्य वस्तु की जमाखोरी होने लगती है। इसका मकसद मुनाफाखोरी करना ही होता है। देशभर में रसोई गैस एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित होने और एलपीजी संकट होने के संबंध में तरह-तरह की अफवाहें फैलाई जा रही हैं। इस कारण आम उपभोक्ता चिंतित होकर जरूरत नहीं होने पर भी गैस की बुकिंग कराने लगे और बुकिंग का आंकड़ा आम दिनों से बहुत अधिक होने पर सिलेंडर की आपूर्ति गड़बड़ाने लगी और गैस एजेंसियों पर लंबी लाइनें लगने लगीं तो इसे गैस की किल्लत का नाम देकर अफवाह फैलाने लगे। ऐसे शरारती तत्वों पर भी कार्रवाई होना बहुत जरूरी है। हालांकि केंद्र के साथ राज्य सरकारें लगातार बैठकें कर आमजन के हित में निर्णय ले रही हैं। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए सरकार ने बुकिंग के नियमों में भी बदलाव किया है। नए नियमों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर लेने के बाद अगला सिलेंडर 45 दिन बाद बुक किया जा सकेगा। वहीं शहरी क्षेत्रों में बुकिंग का समय 25 दिन कर दिया गया है। साथ ही उपभोक्ताओं से धैर्य रखने और शांति बनाए रखने की अपीलें कर रही हैं। वहीं कुछ राजनीतिक पार्टियां भी इस मुद्दे को उछालकर अपनी रोटियां सेंकने में लगी हुई हैं। कई जगह विरोध-प्रदर्शन करके सरकार को घेरने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं केंद्र सरकार लगातार विदेशों से एलपीजी की आपूर्ति करवाकर हालात सामान्य करने में लगी हुई है, लेकिन जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले लगातार सक्रिय हैं। गैस कंपनियां भी अपनी एजेंसियों की लगातार जांच-पड़ताल कर रही हैं। पुलिस भी लगातार कार्रवाई कर रही है। राजस्थान में राज्य सरकार एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि प्रदेश में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और घरेलू उपभोक्ताओं को इसकी आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने अधिकारियों को भी गैस आपूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के साथ उपलब्धता से लेकर वितरण तक पर प्रभावी निगरानी करने के निर्देश दिए हुए हैं। व्यवस्था को बनाए रखने के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कार्मिकों के अवकाश तक निरस्त कर दिए और राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर पूरी व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग पर जोर दिया है। जिला कलेक्टरों को भी नियमित निरीक्षण कर स्थिति की समीक्षा करने को कहा है। प्रदेशवासियों से भी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपीलें की जा रही हैं। इसके बावजूद ऐसा लगता है कि कुछ लोग सदैव इसकी ताक में रहते हैं कि कब किसी वस्तु के उत्पादन अथवा उसकी आपूर्ति में कमी के आसार दिखें तो वे खुद को जमाखोर में तब्दील कर मुनाफाखोरी करें। आपदा को अपना धंधा बनाने वाले ऐसे लोग सभ्य समाज के शत्रु ही कहे जाएंगे। चूंकि नैतिकता और सदाचार की कमी के चलते जमाखोरी और कालाबाजारी एक सामाजिक बुराई का रूप ले चुकी है, इसलिए आवश्यक केवल यह नहीं कि रसोई गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी कर रहे लोगों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जाए, बल्कि यह भी है कि उन्हें कठोर दंड का भागीदार बनाया जाए। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर जुर्माना लगाने के साथ उन्हें तीन महीने से लेकर सात वर्ष तक की सजा देने का प्रावधान है, लेकिन आखिर कितने ऐसे मुनाफाखोर हैं, जिन्हें सात वर्ष की सजा मिलती है? अधिकतर तो येन-केन-प्रकारेण बिना किसी दंड के छूट जाते हैं या फिर मामूली जुर्माना देकर बच निकलते हैं। उचित यह होगा कि ऐसे लोगों को ऐसी कठोर सजा दी जाए, जो नजीर बने। गंभीर मामलों में जमाखोरों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के साथ ही उनकी संपत्ति भी जब्त की जानी चाहिए। इससे ही मुनाफाखोरों के होश ठिकाने आएंगे और वे जमाखोरी से बाज आएंगे।




जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ छापेमारी के दौरान कई शहरों में रसोई गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले पकड़े गए। कई ने दर्जनों रसोई गैस सिलेंडर चोरी-छिपे जमा कर रखे थे। अपने देश में किसी भी संकट के समय आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी बहुत आम है। कोविड महामारी के समय जब सारा देश संकट में था, तब भी कुछ दवाओं के साथ कई आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी देखने को मिली थी। यह भी किसी से छिपा नहीं कि अपने यहां कभी प्याज, कभी उर्वरकों तो कभी किसी अन्य वस्तु की जमाखोरी होने लगती है। इसका मकसद मुनाफाखोरी करना ही होता है। इस कारण आम उपभोक्ता चिंतित रहने लगे हैं। ऐसे शरारती तत्वों पर भी कार्रवाई होना जरूरी है।

# आर्थिक आपदा बनता युद्ध, विश्व की अर्थव्यवस्था के समक्ष खतरा

संजय गुप्त

**अमेरिका** ने इजराइल के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अनदेखी करते हुए ईरान पर जो हमला किया, वह अमेरिकी कानूनों के हिसाब से भी अवैधानिक है। इस युद्ध के कारण विश्व में गैस और तेल का जो संकट पैदा हुआ है, उसके समाधान का कोई उपाय अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पास नहीं दिखता। लगता है उन्होंने इस पर कोई विचार ही नहीं किया कि ईरान पर हमले और उसकी जवाबी कार्रवाई से पश्चिम एशिया से ऊर्जा आपूर्ति में जो बाधाएं खड़ी होंगी, उनसे कैसे निपटा जाएगा।

ईरान इजराइल के साथ खाड़ी के देशों में अमेरिकी सैनिक अड्डों पर भी हमले कर रहा है और उसने होर्मुज समुद्री मार्ग को भी बाधित कर रखा है, जहां से 20-30 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। ईरान ने होर्मुज मार्ग बंद करने और इस चेतावनी के बाद कि दुनिया 200 डालर प्रति बैरल तक तेल खरीदने के लिए तैयार रहे, यह कहा कि यहां से निकलने वाले जहाजों को हमारी नौसेना को सूचित करना होगा, लेकिन जब तक इस मार्ग से गैस और तेल की आपूर्ति निर्बाध ढंग से नहीं होने लगती, तब तक ऊर्जा संकट के समाधान को लेकर सुनिश्चित नहीं हुआ जा सकता।

चूंकि खाड़ी देश तेल-गैस की आपूर्ति होर्मुज से करते हैं, इसलिए वे ईरान के रवैये पर निर्भर हैं। स्वाभाविक रूप से भारत और चीन जैसे देशों को होर्मुज मार्ग बाधित होने से खासी परेशानी हो रही है, क्योंकि वे अपने ऊर्जा स्रोतों के लिए एक बड़ी हद तक खाड़ी के देशों पर आश्रित हैं। यह राहत की बात है कि भारतीय प्रधानमंत्री की ईरान के राष्ट्रपति और दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच वार्ता के बाद भारत के जहाज होर्मुज से आने लगे हैं। नई दिल्ली में ईरान के राजदूत ने भी भारत को मित्र देश बताते हुए ऐसे ही सकारात्मक संकेत दिए और दो भारतीय जहाजों को इस



जल मार्ग से आने की इजाजत मिल भी गई, लेकिन यह अभी साफ नहीं कि भविष्य में सभी भारतीय जहाज होर्मुज से बिना किसी परेशानी के गुजरते रह सकते हैं या नहीं? खाड़ी के देशों में तेल और गैस का उत्पादन प्रभावित होने और वहां से उनकी आपूर्ति बाधित होते ही उनके दाम बढ़ने लगे हैं और पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था के समक्ष खतरा पैदा हो गया है। यह एक नई आर्थिक आपदा बन रहा है। तेल, गैस, उर्वरकों पर निर्भर तमाम भारतीय उद्योगों के समक्ष भी संकट गहराने लगा है। कुछ तो बंद होने की कगार पर हैं या फिर अपना उत्पादन कम करने को विवश हैं। खाड़ी देशों से तेल और गैस की सप्लाई रुक जाने से भारत समेत विश्वभर में महंगाई बढ़ने के साथ ही बेरोजगारी पैदा होने का भी खतरा है। इस खतरे के लिए सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ही उत्तरदायी हैं, जिन्होंने अपनी जिद और अहंकार में नतीजों की परवाह किए बिना इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया।

खाड़ी के देशों से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने से देश में फिलहाल पेट्रोल और डीजल का संकट तो नहीं दिखाई दे रहा है, लेकिन रसोई गैस की किल्लत नजर आने लगी है। रेहड़ी वालों से लेकर रेस्त्रां और होटल तथा आम उपभोक्ता उसकी किल्लत बढ़ती देख रहे हैं। हालांकि पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी दावा कर रहे हैं कि तेल एवं गैस की कमी नहीं है, लेकिन जमाखोरों, कालाबाजारियों के कारण गैस का संकट खड़ा होता दिख रहा है। मुनाफाखोर इस संकट को अपने लिए एक अवसर के रूप में देख रहे हैं।

चूंकि गैस संकट पैदा होने का खतरा पैदा हो गया है, इसलिए आम लोग भी चिंतित हैं। इसका ही नतीजा है कि कई स्थानों पर रसोई गैस एजेंसियों के सामने लंबी-लंबी लाइनें दिख रही हैं। इससे लोग और अधिक आशंकित हो रहे हैं। विपक्षी दल इस आशंका को और हवा दे रहे हैं। हालांकि सरकार ने गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है और हालात पर निगरानी के लिए एक समिति गठित कर दी है, पर अभी इन कदमों का सकारात्मक असर नहीं दिख रहा है। यह तब तक नहीं दिखेगा, जब तक राज्य सरकारें गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ सख्ती नहीं बरततीं। यह अच्छा हुआ कि सरकार ने राज्यों को पीडीएस के तहत अतिरिक्त केरोसिन जारी करने का फैसला किया। ईरान पर और हमले की धमकियों के बीच अमेरिका ने भारत समेत अन्य देशों को रूस से तेल खरीदने पर अपनी आपत्ति हटा ली है। यह उसकी मजबूरी को ही दर्शाता है। भारत सरकार रूस से तेल खरीद बढ़ाने के साथ कुछ अन्य देशों से तेल-गैस खरीद के जतन कर रही है, पर जब तक ये सौदे हो नहीं जाते और तेल-गैस आपूर्ति का रास्ता साफ नहीं होता, तब तक राहत की सांस नहीं ली जा सकती। भारत उस वेनेजुएला से भी तेल खरीद रहा है, जहां बीते दिनों अमेरिका ने हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण कर लिया था। निसंदेह वेनेजुएला में तेल के सबसे अधिक भंडार हैं, पर उनसे तेल का दोहन कठिन है। इस तेल का शोधन भी आसान नहीं। अब इसमें संदेह नहीं कि अमेरिका ने जैसे वेनेजुएला पर बिना सोचे-समझे मनमाने तरीके से हमला किया, वैसे ही ईरान पर। तेल संकट दूर करने के लिए इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने अपने इमरजेंसी स्टॉक से 40 करोड़ बैरल तेल बाजार में जारी किया है, लेकिन इसके बाद भी तेल के दाम सौ डालर पार कर गए हैं। चूंकि ईरान जवाबी हमले करने में अभी भी समर्थ बना हुआ है, इसलिए कहना कठिन है कि युद्ध कब खत्म होगा। यदि यह युद्ध लंबा खिंचता है और उसके चलते खाड़ी के देशों से तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित बनी रहती है तो विश्व में ऊर्जा संकट और गहराएगा। इस ऊर्जा संकट के लिए सबसे बड़ा दोषी अमेरिका ही होगा।

वह इस युद्ध को जल्द खत्म करने में सक्षम नहीं दिख रहा है। उसके अरबों डालर खर्च हो चुके हैं, पर युद्ध जल्द समाप्त होने के कोई संकेत नहीं। अमेरिका ने सोचा था कि अली खामेनेई को मार देने से ईरान में सत्ता परिवर्तन हो जाएगा, लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ होता नहीं दिखता। मुश्किल यह भी है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई युद्ध खत्म करने के लिए ऐसी शर्तें रख रहे हैं, जिन्हें ना तो अमेरिका स्वीकार कर सकता है और ना ही खाड़ी के देश।

# एआई के उपयोग से खरीदारी, रोजमर्रा का अनुभव बन रहा बेहतर

जेबा खान

**पिछले** कुछ वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) महज एक चर्चित शब्द नहीं रहा, बल्कि यह तकनीक से जुड़ी बातचीत का केंद्र बन गया है। हाल ही आयोजित सीईएस (कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक्स शो) 2026 यह दिखाता है कि हम कितनी दूर तक पहुंच चुके हैं। अब एआई टीवी और लैपटाप से लेकर घरेलू उपकरणों तक हर श्रेणी का अहम हिस्सा बन चुका है और हर नए संस्करण के साथ ऐसी क्षमताएं सामने ला रहा है, जो रोजमर्रा के अनुभव को वास्तव में बेहतर बनाती हैं।

भारत में यह बदलाव एक दिलचस्प रूप ले चुका है। खरीदारी के फैसले लेते समय भारतीय ग्राहक हमेशा से सोच-समझकर और गहन रिसर्च करने वाले रहे हैं। अब एआई उनका रिसर्च पार्टनर बनता जा रहा है, जो जटिलताओं को आसान करता है, सही विकल्प सामने लाता है और आत्मविश्वास के साथ फैसलों की पुष्टि करता है। आज कोई व्यक्ति जब टीवी खरीदने जाता है, तो वह तकनीकी स्पेसिफिकेशंस की भीड़ में नहीं उलझता और ना ही थकाने वाली सेल्स स्पीच सुनता है। इसके बजाय वह एक एप पर कुछ आसान सवालों के जवाब देता है- कमरा कितना बड़ा है, आप मुख्य रूप से क्या देखते हैं, जगह कितनी रोशनी वाली है। एआई इन जानकारियों को तुरंत प्रोसेस करता है और हजारों विकल्पों में से केवल वही मॉडल छांट देता है, जो उनकी जरूरतों के अनुरूप हों।

एक वर्किंग प्रोफेशनल को ही ले लीजिए, जो अपना लैपटॉप अपग्रेड करना चाहता है। वह अपने उपयोग के बारे में बताता है- वीडियो एडिटिंग, क्लाइंट प्रेजेंटेशन, बार-बार यात्रा आदि। ऐसे में एआई स्पेसिफिकेशन का मिलान करने के साथ ही संदर्भ को भी समझता है। वह ऐसे लैपटॉप सुझाता है जो क्रिएटिव कार्यों के लिए अनुकूल हों, जिनकी बैटरी लाइफ बेहतरीन हो, वजन संतुलित हो और साथ ही वह संभावित



समझौतों को भी साफ-साफ बताता है। इस प्रकार विजुअल सर्च एक और बड़ी क्रांति है। किसी दोस्त के घर टीवी सेटअप देखा और पसंद आया? उसकी फोटो खींचिए। एआई उस मॉडल की पहचान करता है, मिलते-जुलते विकल्प दिखाता है, कीमतों की तुलना करता है और यह भी बताता है कि आम तौर पर लोग उसके साथ और क्या खरीदते हैं।

गुणवत्ता में निवेश : अब एक ज्यादा आत्मविश्वासी खरीदार सामने आ रहा है। अब ग्राहक केवल ब्रांड के नामों के भरोसे नहीं, बल्कि स्पेसिफिकेशंस की तुलना करके फैसले ले रहे हैं। गुणवत्ता में निवेश करने की इच्छा भारतीय उपभोक्ताओं में पिछले कुछ वर्षों से मौजूद रही है। आज इसके साथ सावधानी भी जुड़ गई है। केवल दिखावे के लिए फीचर्स और स्पेसिफिकेशन की भरमार अब काम नहीं करती। अनिश्चितता को कम करके एआई भारत के स्वभाव से ही सतर्क और मेहनती खरीदारों को प्रीमियम टेक्नोलाजी में ज्यादा भरोसे के साथ निवेश करने में मदद कर रहा है।

शायद सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब एआई ग्राहक फीडबैक को कैसे समझता और प्रस्तुत करता है। पहले जहां खरीदारों को सैकड़ों रिव्यू स्क्राल करने पड़ते थे, वहीं अब हजारों असली यूजर अनुभवों से निकली एक साफ और समेकित जानकारी उन्हें एक नजर में मिल जाती है। इसे हेडफोन जैसे आम प्रोडक्ट के उदाहरण से समझा जा सकता है। कई रिव्यू में ग्राहक अक्सर साउंड क्वालिटी, बिल्ड क्वालिटी और नाइज कैंसिलेशन की तारीफ करते नजर आते हैं, तो बैटरी लाइफ का भी उसमें जिक्र होता है। वहीं 'वैल्यू फोर मनी' को लेकर राय अलग-अलग होती है, जो अलग-अलग कीमतों पर ग्राहकों की अलग अपेक्षाओं को दर्शाती है। इस तरह पेश किए जाने पर रिव्यू शोर नहीं लगते। वे एक मार्गदर्शन बन जाते हैं, जो ग्राहकों को फैसला लेने से पहले प्रोडक्ट की खूबियां, सीमाएं और असल जिंदगी में उसका प्रदर्शन समझने में मदद करते हैं।

आगे की राह : आने वाले समय में एआई केवल ग्राहकों को प्रोडक्ट खोजने में ही मदद नहीं करेगा, बल्कि उनकी जरूरतों का पहले से ज्यादा सटीक अंदाजा भी लगाएगा। यह विकल्पों के बीच समझौते को स्पष्ट करेगा और असली अनुभवों के आधार पर फैसलों की पुष्टि करेगा। दावों के पीछे की सच्चाई समझना, सही तुलना करना और असली मूल्य पहचानना जैसी जो समझ अनुभवी खरीदारों को वर्षों में विकसित होती थी, अब वह स्मार्टफोन रखने वाले हर व्यक्ति के लिए उपलब्ध हो रही है। भारतीय उपभोक्ता अब यह नहीं पूछ रहे हैं कि एआई पर भरोसा किया जाए या नहीं, वे इसे पहले ही अपना चुके हैं।


जैसे-जैसे एआई खोजने, तुलना करने और फैसला लेने के तरीकों को नया रूप दे रहा है, वैसे-वैसे वह सूचना संबंधी बढ़त, जो कभी कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित थी, अब खत्म होती जा रही है। भविष्य ऐसा नहीं है जहां एआई हमारे लिए फैसले करे, बल्कि ऐसा है, जहां एआई सोच-समझकर फैसला लेने वाले इंसानों को अपने लिए बेहतर चुनाव करने की ताकत देता है। जिस बाजार में हमेशा से जानकारी के आधार पर निर्णय लेने को महत्व दिया गया है, वहां बेहतर खरीदारी का मतलब है, सही इरादे के साथ ज्यादा समझदार टूल्स का इस्तेमाल।

## राशिफल


**आज दिनांक 16 मार्च, 2026, सोमवार, विक्रम संवत् 2082, चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी, धनिष्ठा नक्षत्र, तैतिल करण, शिव योग, राहुकालः सुबह 8:07 से 9:37 बजे, सूर्योदय सुबह 6:38 बजे,सूर्यास्त सायं 6:32 बजे, चंद्रोदय सुबह 4:45 बजे, चंद्रास्त रात 4:07 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:11 बजे से 12:59 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:01 से 5:49 बजे तक, चंद्रमा मकर राशि में संचार करेगा।**




दांपत्य जीवन भी सुखी रहेगा। जीवनसाथी की बात मानकर जो काम करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। आज आपको आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। क्रोध से दूर रहना आवश्यक है। नौकरीपेशा जातकों की स्थिति आज अच्छी रहेगी और कारोबार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।





ग्रहों की चाल आज आपके पक्ष में परिणाम लेकर आई है। मन में प्रसन्नता रहेगी। घर में सुख-समृद्धि रहेगी। लोगों के दिलों में आपके लिए प्यार रहेगा और आप अपने काम में आज बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। स्वास्थ्य भी सुधार की ओर रहेगा।




ग्रहों की स्थिति आज आपको पूरे आत्मविश्वास से भर देगी, जिससे काम आसानी से बनेंगे और व्यापार में आज आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आर्थिक रूप से दिन मजबूत रहेगा। आय में वृद्धि होगी और नौकरीपेशा जातक अपने उच्च अधिकारियों से निकटता का लाभ उठा सकेंगे। विरोधियों से सतर्क रहें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।




आज आपको मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी और मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वाले लोगों को आज कुछ अच्छी बातें सुनने को मिलेंगी। आप अपने काम को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। शादीशुदा लोग अपने गृहस्थ जीवन में संतुष्ट नजर आएंगे।





आज आपका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव भरा दिन रहेगा, लेकिन आयात-निर्यात करने वालों को आज बड़ा फायदा होगा। प्रेम जीवन में कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं, फिर भी आप अपने प्रिय की नाराजगी को दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। घर में माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। इनका ध्यान रखें, भाग्य प्रबल होगा।




आज स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही करना हानिकारक हो सकता है। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से संपर्क करें। मानसिक तनाव और खर्चे दोनों ही आपकी चिंता बढ़ा सकते हैं। काम को लेकर आप काफी अच्छी स्थिति में रहेंगे और काम पर पूरा ध्यान देंगे, जिसके सुखद परिणाम भी आपको मिलेंगे। किसी लंबी यात्रा की योजना बनेगी। लव लाइफ सुखद रहेगी।




व्यापार में आपको कोई बड़ी डील मिल सकती है, क्योंकि आपको बड़ा मुनाफा होगा। सेहत अच्छी रहेगी। बस खानेपीने पर थोड़ा ध्यान दें। अपच से बचें। परिवार के छोटे सदस्य आपका सहयोग करेंगे और परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।





कॅरियर में आप काफी सक्रिय रहेंगे। अपने अगले हफ्ते की पूरी प्लानिंग आज ही करेंगे। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह समय बहुत ही महत्वपूर्ण रहेगा। अगर आप व्यापार करते हैं तो आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। कहीं जाने की यात्रा का योग बन सकता है।





धनु राशि वालों के लिए आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है, लेकिन अच्छी बात यह होगी कि आपका कोई रुका हुआ काम अचानक पूरा हो जाएगा, जिसकी आपने उम्मीद भी नहीं की होगी और उसका बड़ा फायदा आपको मिल सकता है।




कोई भी बड़ा काम हाथ में लेने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है इसलिए इससे बचने की कोशिश करें और सेहत का ध्यान रखें। कफ और पानी से संबंधित परेशानी हो सकती है। मानसिक तनाव बढ़ सकता है। मन में धार्मिक विचार रहेंगे। लोगों को काम की सलाह देंगे।



लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे।




यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे।

## धन्ना सेठ ने गेहूं की जगह खेत में बोई 'रेत'

प्रेरक प्रसंग

**धन्ना** सेठ के पास एक बार कुछ संत आए। धन्नाजी ने पिताजी से खेती के लिए मांग कर लाए गए बीज वाले गेहूं बेचकर संतों को भोजन कराकर विदा किया। इसके बाद धन्नाजी सोचने लगे की बीज वाले गेहूं तो बेच दिए, अब खेत में क्या बोया जाए। अगर पिताजी से फिर बीज मांगने गया तो वे बहुत नाराज होंगे। यह सोचकर धन्नाजी ने बोरियों में रेत भर ली और आसपास के लोगों को दिखाने के लिए उस रेत को ही खेतों में बोने लगे। धन्नाजी ने राम-राम का नाम लेते हुए शाम तक बोरियों की सारी रेत खेत में छिड़क दी। आसपास के खेतों के किसान देख रहे थे कि धन्ना सेठ खेतों में गेहूं बो रहे हैं, परंतु वे तो खेतों में रेत बो रहे थे। खेत बोने बाद धन्नाजी बड़े प्रसन्न मन से घर की ओर चल दिए, वे सोचने लगे खेत में तो कुछ उगना नहीं है तो देखभाल भी नहीं करनी पड़ेगी। घर पर पिताजी ने पूछा खेत बो आए, धन्नाजी बोले, जी पिताजी बो आया। कुछ दिन बाद धन्नाजी के पिताजी और गांव के कुछ बड़े-बूढ़े लोग धन्नाजी के पास आए और बोले कि तुमने कैसा खेत बोया है। ऐसी फसल तो हमने अपने जीवन में आज तक नहीं देखी। ऐसा लगता है जैसे गेहूं का एक-एक दाना नाप-नाप कर एक समान दूरी पर बोया गया है और सारे ही दाने उग आएं हो। इतनी सुंदर फसल तो हमने आज तक नहीं देखी, ये सब तुमने कैसे किया। धन्नाजी सोचने लगे ये सब उनको ताने मार रहे हैं। खेत में कुछ उगा ही नहीं होगा, इसलिए ऐसी बातें बोल रहे हैं। तब धन्नाजी ने स्वयं खेत पर जाकर देखा। वहां जाकर वे आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने देखा जिस खेत में उन्होंने रेत बोई थी, वहां पर फसल उग आई थी, और ऐसी सुंदर फसल उन्होंने कभी नहीं देखी थी। फसल को देखकर धन्नाजी को भगवान की कृपा का अहसास हुआ और उनकी आंखों से आंसू निकल आए। धन्ना सेठ जोर-जोर से रोने लगे। जब धन्नाजी के पिताजी और अन्य गांव वालों ने रोने का कारण पूछा, तब धन्नाजी ने रोते हुए सारी घटना कह सुनाई। धन्नाजी बोले पिताजी जब आपने संतों को घर लाने के लिए मना किया था और खेत बोने के लिए गेहूं दिया था, उसी दिन मुझे मार्ग में कुछ संत मिल गए। मैंने उन संतों को अपने खेत पर ठहराया और बीज वाला गेहूं बनिये को बेचकर संतों को भोजन करवाया। इसके बाद मैंने खेतों में रेत बो दी, रेत बोने के बाद यह फसल कैसे उग आई मुझे नहीं मालूम। धन्नाजी की यह बात सुनकर उनके पिताजी के भी आंसू निकल आए और वे बोले मेरा धन्य भाग जो मेरे घर में ऐसे पुत्र ने जन्म लिया। आज के बाद हम तुम्हें रोकेंगे नहीं, खूब साधु बुलाओ, खूब संत सेवा करो। हम तुम्हें अब कभी मना नहीं करेंगे। आज से मैं भी भगवान की भक्ति किया करूंगा और तुम्हारे साथ संतों की सेवा किया करूंगा। इसके बाद धन्नाजी और उनके परिवार वाले खूब संत सेवा करने लगे। कुछ समय बाद धन्नाजी की उगाई हुई फसल को काटने का समय आ गया। उस फसल से उतने ही आकर की खेती से 50 गुना ज्यादा गेहूं निकला। यह गेहूं इतना ज्यादा था कि उसे रखने तक की जगह नहीं बची थी। गांव के सभी लोग धन्नाजी की फसल देखकर आश्चर्य करने लगे।



देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube X twitter



# सवर्ण समाज ने जयपुर महापंचायत को लेकर बनाई रणनीति



महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** यूजीसी के कथित काले कानून के विरोध में 18 मार्च को जयपुर के रामनिवास बाग (रामलीला मैदान) में आयोजित होने वाली सवर्ण महापंचायत को लेकर लालसोट में सवर्ण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सवर्ण समाज के लोगों को महापंचायत के प्रति जागरूक करने के लिए डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाया जाएगा और लोगों को पीले चावल देकर जयपुर चलने का निमंत्रण दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस महापंचायत में शामिल होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर सके। इस अवसर पर रामचरण बोहरा, पवन शर्मा बिचपुरी, नवीन शर्मा सुकार, केशव मणि शर्मा, दीपक शर्मा निझरना, एडवोकेट श्याम मिश्रा, जुगल शर्मा, गिर्राज शर्मा सेढुलाई, नवल शर्मा, श्याम भारद्वाज, दिनेश शर्मा सहित सवर्ण समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारियों से उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखने का आह्वान

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर विचार गोष्ठी, उपभोक्ताओं के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला रसद विभाग व जिला उपभोक्ता जागरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपभोक्ताओं के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया।

वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उपभोक्ता मंचों में सदस्यों की कमी के कारण मामलों के निस्तारण में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की गई।

जिला उपभोक्ता जागरण समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण सिखवाल ने सीकर जिले के सभी विद्यालयों में उपभोक्ता क्लबों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता बताते हुए युवाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने खाटूश्यामजी व जीणमाता जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों पर प्रसाद सामग्री की गुणवत्ता व शुद्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी विचार व्यक्त किए और इस दिशा में प्रभावी निगरानी व कार्रवाई की जरूरत बताई। व्यापार संघ के महामंत्री व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदीप पारीक ने उपभोक्ता जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। व्यापार संघ अध्यक्ष अरुण भूकर ने व्यापारियों से उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने का आह्वान किया। इतिहासकार महावीर पुरोहित ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए वर्तमान समय में उपभोक्ता जागरूकता को सशक्त बनाने की आवश्यकता बताई। एडवोकेट मुकेश सिखवाल ने धार्मिक स्थलों पर प्रसाद सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया की सीकर जिलाध्यक्ष तृप्ति त्रिपाठी ने इस वर्ष की राष्ट्रीय थीम 'सुरक्षित उत्पाद, आत्मविश्वासी उपभोक्ता' पर विस्तार से जानकारी दी और उपभोक्ताओं को सुरक्षित उत्पादों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। जिला रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी जयराम गुर्जर ने बताया कि जिले की सभी 55 गैस एजेंसियों पर एलपीजी सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनावश्यक बुकिंग या जमाखोरी से बचने और ई-केवाईसी करवाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में प्रवर्तन अधिकारी सुनीता वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# युवाओं ने जरूरतमंदों के लिए अस्पताल में किया रक्तदान



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** शहर में आए-दिन दुर्घटना में घायल होने वालों और अस्पताल में भर्ती मरीजों को ब्लड की कमी को देखते हुए परेशान होना पड़ता है। इसको लेकर औद्योगिक क्षेत्र वार्ड नंबर 45 के पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप खीचड़ ने कदम उठाते हुए एसके अस्पताल में अपने मित्रों के साथ रक्तदान किया और लोगों को संदेश दिया कि साल में एक-दो बार रक्तदान जरूर करना चाहिए, ताकि लोगों को खून के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़े। खीचड़ ने बताया कि जिले के कल्याण अस्पताल में आए-दिन एक्सीडेंटल व बीमारियों से पीड़ित कई मरीज खून की कमी के कारण दम तोड़ देते हैं। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को साल में दो या तीन बार रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी रोगी की जान बचाई जा सके। इस अवसर पर कुलदीप खीचड़, हेमंत शेषमा, रवि सैनी, अशोक खीचड़, कैलाश सैनी, प्रमोद सैनी, शशि शर्मा, सुभाष खीचड़, छोटू माली, लालचंद कुमावत, चिराग माथुर सहित कई युवाओं ने रक्तदान किया।

कोटा थर्मल में 47वीं अखिल भारतीय विद्युत पावरलिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का समापन

# 'विद्युत कर्मचारियों का कार्य के साथ खेलने में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन'




महानगर टाइम्स संवाददाता

**कोटा।** अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड की 47वीं पावरलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा रहे। कोटा थर्मल के सामुदायिक भवन में आयोजित समापन समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिता में बॉडीबिल्डिंग का विद्युतश्री पंजाब के नरेन्दर सिंह और मध्यप्रदेश के रणजीत सिंह को पावरमैन के खिताब से नवाजा गया। समापन कार्यक्रम के विषिष्ट अतिथि राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक देवेंद्र श्रृंगी रहे। मुख्य अतिथि संदीप शर्मा ने अखिल भारतीय विद्युत स्तर की प्रतियोगिता लगातार दूसरी बार राजस्थान में कराने और राजस्थान की पावरलिफ्टिंग टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए टीम चैम्पियनशिप प्राप्त करने पर बधाई दी। उन्होने पावरलिफ्टिंग व बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता को खेल विकास में सराहनीय कदम बताया और सभी राज्यों के प्रतिभागियों को इसमें भाग लेने के लिए बधाई दी। इससें विभिन्न राज्यों के विद्युत विभागों में कार्यरत उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा कौशल दिखाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि हम सभी को शारीरिक विकास व स्वस्थ रहने के लिए जिम जाकर पावरलिफ्टिंग व बॉडीबिल्डिंग का अभ्यास करना चाहिए। विद्युत जैसी अत्यावश्यक सेवा करने के साथ ही अभ्यास के लिए समय निकालने की उन्होंने तारीफ की।

समापन समारोह के अतिथि केएल मीणा निदेशक प्रोजेक्ट राविउनि ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान किए। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई देकर सभी प्रतिभागियों की हौंसला अफजाई की। पावरलिफ्टिंग टूर्नामेन्ट में राजस्थान को प्रथम, मध्यप्रदेश को द्वितीय और महाराष्ट्र को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बॉडीबिल्डिंग टीम चौंपियनशिप महाराष्ट्र पे प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर हरियाणा व तृतीय स्थान पर पंजाब की टीम रही।टूर्नामेन्ट आयोजन समिति अध्यक्ष शिखा अग्रवाल मुख्य अभियन्ता कोटा थर्मल ने लगातार दूसरी बार मेजबानी मिलने पर स्पोर्ट्स बोर्ड का आभार जताया। कोटा थर्मल के अति. मुख्य अभियन्ता शैलेन्द्र सिंह ने राजस्थान बॉडी बिल्डिंग एसोसिऐशन और कोटा जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अशोक औदिच्य व जूरी की सहमति के बाद प्रतियोंगिता के परिणाम की घोषणा की। अखिल भारतीय विद्युत खेल नियन्त्रण बोर्ड में राजस्थान से कार्यकारी सदस्य और प्रतियोगिता के आयोजन सचिव पवन शर्मा ने बताया कि राजस्थान की पावरलिफ्टिंग टीम द्वारा चैम्पियनशिप हासिल करना ऐतिहासिक उपलब्धि है।

# स्थापना दिवस पर किसान संघ के अब तक के कार्यों की दी जानकारी



महानगर टाइम्स संवाददाता

**बस्सी।** भारतीय किसान संघ तहसील तुंगा की ओर से पद्मनाभ मंदिर परिसर में तहसील अध्यक्ष नाथूलाल गुर्जर की अध्यक्षता में भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बाबूलाल शर्मा लालपुरा ने स्थापना से लेकर अब तक किसान संघ द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि भारत की परंपरा में किसान केवल अन्न उत्पादक नहीं था। वह धरती का पुत्र और समस्त प्राणियों का पालनकर्ता माना जाता था। वह अपने साथ जीवन का उत्सव लेकर जाता था और खेत की मेड़ों पर बैठी चिड़िया, मिट्टी में रहने वाले जीव, गाय, बैल, कीट पतंगे उसकी प्रतीक्षा करते थे।

लेकिन आधुनिक काल में दृष्टि धीरे-धीरे बदल गई। आज जब किसान खेत पर जाता है तो अनेक जीव उससे भयभीत हो जाते हैं, इसलिए आज किसान को केवल तकनीकी ही नहीं दृष्टि परिवर्तन की भी आवश्यकता है। इस अवसर पर तहसील प्रभारी रामनिवास पंचोली, जिला कार्यकारिणी सदस्य भगवान सहाय शर्मा, तहसील मंत्री सत्यनारायण शर्मा, ग्राम समिति अध्यक्ष कैलाश आनंद शर्मा, श्रीनारायण मास्टर, रामकरण फौजी, जगदीश गुर्जर शंकर शर्मा टेकचंदपुरा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में 220 मरीजों की जांच कर दी दवाइयां



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** ग्राम पंचायत बेरी में टीबड़ा हॉस्पिटल के तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 220 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं व निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में टीबड़ा हॉस्पिटल के रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट व स्पाइन सर्जन डॉ. रमाकांत टीबड़ा और फिजिशियन डॉ. अशोक कुमार व उनकी टीम ने मरीजों की जांच कर उपचार संबंधी सलाह दी। इस दौरान डॉक्टरों ने ग्रामीणों को रोबोट तकनीक से घुटना रिप्लेसमेंट के लाभों के बारे में जानकारी दी और बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। चिकित्सा शिविर के दौरान 15 मरीजों को दर्द के लिए ट्रिगर पॉइंट इंजेक्शन लगाए गए, जबकि 20 मरीजों को ऑपरेशन की सलाह दी गई। इनमें 5 स्पाइन सर्जरी, 12 घुटना रिप्लेसमेंट व 5 अन्य प्रकार के ऑपरेशन शामिल हैं। कार्यक्रम में बेरी के सरपंच प्रतिनिधि सुखराम सारसर, पंचायत समिति सदस्य किरण कुमार मील, धर्मशाला के सरपंच प्रतिनिधि रमेश धींवा, किसान नेता विजेन्द्र सिंह काजला, पाबूदन सिंह चौहान, दानाराम खरबास, सुरेश खेडड़, महावीर ऐचरा, हरदयाल राव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विजेन्द्र सिंह काजला ने किया।

# धार्मिक आयोजनों से भाईचारे को मिलता है बढ़ावा : रामबिलास



महानगर टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम ढोलावास के माध्या ढाणी में शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में लालसोट विधायक रामबिलास डूंगरपुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर विधायक ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन से भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें 5 हजार भक्तों ने पंक्ति में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान आयोजन कर्ताओं ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रामविलास शाहजहांनपुरा, सरपंच प्रतिनिधि बाबू लाल मीणा, डूंगरपुर सरपंच दीनदयाल मीणा, रामकरण ठेकेदार, गिर्राज शर्मा, गिर्राज पटेल, रामप्रताप मीणा, पृथ्वीराज मीणा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रहलाद मीणा, तुलसी राम, जमनालाल मीणा, रामभजन मीणा, श्रवण पटेल, रामप्रसाद मीणा, रामभजन मीणा आदि मौजूद रहे।

# 'एक जिला एक उत्पाद' मार्बल व हस्तशिल्प प्रदर्शनी शुरू

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान दिवस समारोह-2026 के तहत रविवार को रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में 'एक जिला एक उत्पाद' मार्बल व हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शुभारम्भ जिला कलेक्टर कानाराम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित स्थानीय हस्तशिल्प, हैंडीक्राफ्ट, खादी व अन्य उत्पादों का अवलोकन कर कलाकारों और कारीगरों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट योजना का उद्देश्य जिले की विशिष्ट पहचान को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है। ऐसे आयोजन स्थानीय कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों और छोटे उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बाजार से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आमजन से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने की अपील भी की। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक पंकज मीणा ने बताया कि 19 मार्च तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में उद्योग व वाणिज्य विभाग की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं जानकारी भी उद्यमियों व आमजन को दी जा रही है।

# नवसाक्षरों ने उत्साह के साथ दी बुनियादी साक्षरता परीक्षा



महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** राष्ट्रीय साक्षरता अभियान के तहत लालसोट ब्लॉक में रविवार को आयोजित बुनियादी साक्षरता परीक्षा में नवसाक्षर महिला व पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। परीक्षा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और परीक्षार्थी समय से पूर्व ही निर्धारित केन्द्रों पर पहुंच गए। ब्लॉक साक्षरता समन्वयक अविनाश शर्मा ने बताया कि कुल 39 परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा सफलता पूर्वक आयोजित की गई। इन केन्द्रों पर नवसाक्षर 1185 पुरुष और 2818 महिलाओं सहित कुल 4003 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा होने के बाद सभी सफल नवसाक्षरों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे, जिससे वे आगे की पढ़ाई और विभिन्न योजनाओं में लाभ उठा सकेंगे।

सीबीईओ सत्यनारायण मीना एसीबीईओ प्रथम अशोक शर्मा, एसीबीईओ द्वितीय बिहारी लाल वर्मा के निर्देशन में परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए ब्लॉक के सभी पीईईओ, साक्षरता प्रभारियों की टीम सक्रिय रही। आयोजन को सफल बनाने में सुनील शर्मा, सुमित कुमार शर्मा, रामजी लाल मीना, जयप्रकाश महरावण्डा सहित अनेक सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। यह परीक्षा न केवल ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के नवसाक्षरों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलती है, बल्कि ब्लॉक में साक्षरता दर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध होगी।

# अर्बन हाट मेले में दे रहे पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश

## प्लास्टिक के बजाय कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए कर रहे प्रेरित



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित अर्बन हाट मेले में नगर परिषद सीकर की ओर से पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष स्टॉल लगाई गई। इस स्टॉल पर आमजन को जैविक खाद के उपयोग, अच्छी फसल उत्पादन व शुद्ध सब्जियों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्लास्टिक के बढ़ते दुष्प्रभाव को देखते हुए कपड़े से बने पर्यावरण अनुकूल थैलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिससे लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद की टीम द्वारा मेले में आए लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नगर परिषद के अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करें और कपड़े के थैलों का उपयोग करें अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग दें।

# विकसित राजस्थान रन में विद्यार्थियों और खिलाड़ियों ने लगाई दौड़




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** राजस्थान स्थापना दिवस समारोह-2026 के कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को गड़ीसर चौराहे से विकसित राजस्थान रन का आयोजन किया गया। इस विकसित रन को जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विकसित रन गड़ीसर से रवाना होकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, नगर परिषद कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय होती हुई हनुमान चौराहा पहुंची। विकसित राजस्थान रन में पुलिस, बास्केटबॉल अकादमी के खिलाड़ी, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी, स्काउट-गाइड, होमगार्ड, एएनएम प्रशिक्षणार्थी आदि ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रश्मि रानी, सहायक कलेक्टर रोहित वर्मा, आयुक्त नगर परिषद लाजपाल सिंह सोढा, जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार बिस्सा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी करणदान रतनू, उप प्रधानाचार्य विजय बलानी, खेल अधिकारी राकेश बिश्नोई के साथ जिला अधिकारी व कर्मचारी के साथ अन्य संभागीय शामिल थे।

# रामनवमी पर शोभायात्रा की तैयारियों पर चर्चा, सौंपी जिम्मेदारियां



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** सर्व हिन्दू समाज की ओर से रामनवमी पर 26 मार्च को निकाली जाने वाली विशाल शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता मूलसिंह राजावत ने की। बैठक में पधारे सर्व हिन्दू समाज के बंधुओं ने श्रीराम शोभायात्रा की सफलता पर अपने-अपने विचार रखे और बतया कि साधु संतों को बुलावा भेज उनके सानिध्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में शोभायात्रा का रूट चार्ट तय किया गया। शोभायात्रा रेलवे स्टेशन स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से आरम्भ होकर दंडवीर हनुमान मंदिर पर महाआरती के साथ सम्पन्न होगी। बैठक में शोभायात्रा की विभिन्न व्यवस्थाएं तय करने के साथ उनका कार्य विभाजन आयोजन समिति के पदाधिकारियों को सौंपा गया। मीडिया प्रभारी श्रीराम ने बताया कि 18 मार्च बुधवार को प्रातः 11 बजे सभी पदाधिकारी व सनातन धर्म प्रेमी सामूहिक रूप में बजरिया स्थित श्रीगणेश मंदिर पर भगवान श्रीगणेश को निमंत्रण देकर शोभायात्रा की तैयारियों का शुभारंभ करेंगे। बैठक में मोहन लाल कौशिक, सुरेश जैन, लालचंद गौतम, गोविंद शर्मा, विजेंद्र सिंह, संयोजक गिरीश शर्मा, गणेश गौतम सहित हिंदू धर्म से जुड़े विभिन्न संगठनों और समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter
www.mahanagartimes.com

# हथियार तस्करी नेटवर्क का खुलासा, बदमाशों को सप्लाई की थी तैयारी

## कोहिनूर 0007 गैंग के 10 हजार के इनामी बदमाश सहित दो तस्कर दबोचे, 6 पिस्टल, 2 देसी कट्टे व 12 जिंदा कारतूस बरामद

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कोटा शहर पुलिस को अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। बोरखेड़ा थाना पुलिस ने कथित कोहिनूर 0007 गैंग से जुड़े दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे और 12 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौतम ने बताया कि शहर में अवैध गतिविधियों और हथियार तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार छापामार कार्रवाई कर रही है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन और पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में बोरखेड़ा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने पुख्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों



को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोनू उर्फ रोनक निवासी ताथेड़, थाना कैथून व लोकेश मीणा निवासी उम्मेदगंज के रूप में हुई है। दोनों आरोपी मध्यप्रदेश के इंदौर से हथियारों की खेप लाकर कोटा शहर और ग्रामीण इलाकों के बदमाशों को सप्लाई करने की तैयारी में थे। गिरफ्तार आरोपी लोकेश मीणा कथित कोहिनूर 0007 गैंग का सदस्य है और वह पहले से ही हथियार तस्करी के एक मामले में फरार चल रहा था। उस पर कोटा शहर पुलिस द्वारा 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस की सतर्कता के कारण हथियार बदमाशों तक पहुंचने से पहले ही जब्त कर लिए गए।

### पहले भी लूट की साजिश रचते पकड़े जा चुके गैंग के बदमाश

बोरखेड़ा थाना पुलिस ने गत माह भी इसी गैंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी देशराज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 देशी पिस्टल और 1 कारतूस बरामद किया था। इसके अलावा इसी गैंग के पांच अन्य बदमाशों मनीष सुमन, विकास योगी, प्रदीप मीणा, रोहित मीणा व अजय मीणा को लूट की योजना बनाते समय गिरफ्तार किया गया था। उस दौरान पुलिस ने उनके पास से देशी कट्टा, कारतूस, चाकू, रस्सी, बेसबॉल के डंडे, मिर्च पाउडर और महिला के कपड़े बरामद किए थे।

### तस्करी के नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने में जुटी पुलिस

पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ के आधार पर पूरे तस्करी नेटवर्क का खुलासा कर इसमें शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। इस कार्रवाई में थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर, उपनिरीक्षक ज्योति मौर्य, हैड कांस्टेबल हनुमान, कांस्टेबल राधेश्याम व मनीष की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस पूरे ऑपरेशन में कांस्टेबल राधेश्याम की ओर से जुटाई गई पुख्ता सूचना निर्णायक साबित हुई।

## एक महीने पहले रखी नौकरानी ने घर से चुराए नकदी-गहने

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** मालवीय नगर थाना इलाके में एक घर में काम करने वाली नौकरानी ने घर से लाखों रुपए के गहने समेत नकदी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक ने एक महीने पहले ही नौकरानी को कामकाज के लिए रखा था। उन्होंने चोरी का शक होने पर नौकरानी को घर से निकाल दिया और मालवीय नगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि जगतपुरा के पामकोर्ट कॉलोनी निवासी सोनिया उप्रेती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि करीब एक महीने पहले उन्होंने घरेलू कामकाज के लिए नौकरानी रखी थी। उसे कुछ कपड़े व्यवस्थित करने के लिए दिए गए थे। उन्हीं कपड़ों के बीच एक पाउच में करीब 65 हजार रुपए कैश और एक छोटी पोटली में 6-7 जोड़ी कानों के टॉप्स व सोने की दो चेन रखी हुई थी। इसके अलावा कपड़ों के नीचे उनके सोने के दो कंगन भी रखे हुए थे, जो अनजाने में उन्हीं कपड़ों के साथ चले गए। नौकरानी खाटूश्यामजी मंदिर जाने का कहकर छुट्टी पर चली गई। फिर अगले दिन वापस आने के बाद गहने-कैश गायब मिलने पर शक हुआ तो मकान मालिक ने नौकरानी को काम से हटा दिया। चोरी के शक के चलते मालवीय नगर थाने में घरेलू नौकरानी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है।

# मोबाइल स्नैचिंग गैंग के बदमाशों ने उगला ब्लाइंड मर्डर का राज

### गांजा तस्करी की रंजिश में की थी हत्या, मास्टरमाइंड दो सगे भाई गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** झालावाड़ की कोतवाली पुलिस ने मोबाइल छीनने की एक साधारण सी दिखने वाली वारदात की तह तक जाते हुए एक खौफनाक ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग गैंग के मास्टरमाइंड दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ में न केवल हत्या की बात कबूली, बल्कि झालावाड़ व कोटा क्षेत्र से बाइक चोरी की दर्जनों वारदातों का भी खुलासा किया। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि झालावाड़ शहर के मंगलपुरा क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों ने एक महिला से मोबाइल छीन लिया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज का




### पूछताछ में बाइक चोरी की दर्जनों वारदातें कबूलीं

हत्या के बाद आरोपी लगातार ठिकाने बदलते रहे और गिरफ्तारी से बचने के लिए मोबाइल स्नैचिंग और मोटरसाइकिल चोरी की वारदातें करते रहे। पूछताछ में आरोपियों ने झालावाड़ शहर, झालरापाटन, सारोला, खानपुर व कोटा के बोरखेड़ा क्षेत्र से 5 मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 3 मोटरसाइकिलें और 2 मोटरसाइकिलों के चेसिस बरामद किए हैं। हत्या मामले में तीसरा आरोपी गोकुल पुत्र द्वारकालाल निवासी हरिगढ़ खेड़ा, खानपुर फरार है, जिसकी तलाश जारी है। तेजपाल की हत्या के मामले की जांच फिलहाल थाना खानपुर पुलिस द्वारा की जा रही है। इस पूरे मामले के खुलासे में विशेष रूप से हैड कांस्टेबल राजेश स्वामी, कांस्टेबल संदीप व धर्मेन्द्र बेनीवाल की टीम ने आरोपियों को पकड़ने और वारदात का खुलासा करने में अहम भूमिका निभाई।

विश्लेषण कर आरोपियों की पहचान कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया और महिला से छीना गया मोबाइल बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों नरेन्द्र धाकड़ व सुरेन्द्र धाकड़ निवासी हरिगढ़ खेड़ा से गहन पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने एक अन्य साथी गोकुल के साथ मिलकर सारोला थाना क्षेत्र में युवक तेजपाल उर्फ भैरू खाईवाल की हत्या करना स्वीकार किया। इस खुलासे के बाद तुरंत सारोला पुलिस को सूचना दी गई। आरोपियों से मृतक का मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गांव में गांजा बेचते थे और मृतक तेजपाल भी इसी धंधे में शामिल था। मृतक सस्ती कीमत पर गांजा बेचता था, जिससे आरोपियों का नुकसान होने लगा।

इसी रंजिश के चलते तीनों ने योजना बनाकर तेजपाल को नशा करने के बहाने जंगल में बुलाया और नशा करवाकर उसकी हत्या कर दी और शव छिपाकर उसका मोबाइल व मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए।

### जेल में हुई इफ्तार पार्टी की कैदी ने सोशल मीडिया पर डाली फोटो

# प्रशासन ने तलाशी ली तो कई जगह छिपाए 13 मोबाइल मिले

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर की सेंट्रल जेल में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी की फोटो किसी कैदी ने मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया पर डाल दी। इसका पता लगने के बाद जेल अधीक्षक प्रदीप लखावत के नेतृत्व में टीम ने देर रात तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान कुल 13 मोबाइल बरामद किए गए, जिसमें से 11 मोबाइल अलग-अलग जगहों पर छिपाए गए थे, जबकि 2 मोबाइल बंदियों के पास से मिले। इसके अलावा 11 सिम कार्ड भी बरामद किए गए। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। जेल सूत्रों के मुताबिक क्वार्टर के निर्देशों पर एक ही बैरक में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। इस पार्टी में जेल के कैदियों को शामिल किया गया था। बताया जा रहा है कि किसी कैदी ने इस पार्टी से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिए। इस फोटो के आधार पर जेल



में बंदियों को चिन्हित कर तलाशी ली गई तो बंदियों के पास से मोबाइल और सिम कार्ड बरामद किए गए। जेल में कैदियों ने हंगामा भी किया। जेल सुपरिंटेंडेंट प्रदीप लखावत के नेतृत्व में टीम ने देर रात वार्ड 7 की बैरक संख्या 3 में आधुनिक मशीन के जरिए तलाशी ली। यहां से 7 एंड्रॉयड मोबाइल, 4 कीपैड फोन और 11 सिम कार्ड बरामद किए गए। ये मोबाइल अलग-अलग स्थान पर छिपाए गए थे। इन मोबाइल को जेल के शौचालय, फर्श ओर नालियों में अलग अलग जगहों पर छिपाया गया था। जानकारी के मुताबिक जेल के कैदी वसीम खान, वहिद खान, शेखर, सुभाष व करीम ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर शेयर की। सेल्फी लेने वाला कैदी सलीम वार्ड दस की बैरक संख्या 2 के बंदी नरपत पुत्र चौथाराम से लेकर आया था। टीम ने जब उसकी बैरक में तलाशी ली तो कैदी नरपत के बिस्तर से 1 मिनी कीपैड मोबाइल बिना सिमकार्ड के बरामद किया गया। वहीं बंदी करीम पुत्र सलीम की ओर से यूज किए गए रेडमी कंपनी का एक एंड्राइड मोबाइल भी बरामद किया गया।

# बेटा नशा-मुक्ति केंद्र में भर्ती, 5वीं पास पिता बना रहा था ड्रग्स

### चार दिन में 4.5 करोड़ की एमडी बनाने की तैयारी थी, आरोपी गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** जिले में ड्रग्स बनाने की एक फैक्ट्री पकड़ी है। इस फैक्ट्री को पांचवीं पास आरोपी चला रहा था। चौंकाने वाली बात यह है कि खुद आरोपी का बेटा जोधपुर के नशा मुक्ति केंद्र में इलाज करवा रहा है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और धोरीमन्ना पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। फैक्ट्री से केमिकल और उपकरण बरामद किए हैं। इससे 4.5 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग बनाई जानी थी। आरोपी निंबाराम पुत्र रिणमलराम निवासी जाणियों का मगरा को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार ने रविवार को बताया कि धोरीमन्ना थाना क्षेत्र के जाणियों का मगरा गांव में खेत की टापरी (छप्पर) में अवैध सिंथेटिक ड्रग बनाने की लैब तैयार करने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची। खेत में बने मकान के पास चारे के छप्पर के पीछे केमिकल के पीले-नीले



रंग के ड्रम दिखाई दिए। टीम जब वहां पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखते ही भागने लगा, जिसे घेराबंदी बनाकर पकड़ लिया। आईजी के अनुसार आरोपी देसी जुगाड़ से बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग बनाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने मौके से 4 ड्रम में 146.230 किलो टॉल्विन, 1 ड्रम में 45.880 किलोग्राम मोनो मिथाइल एमीन व अन्य उपकरण जब्त किए हैं। इन केमिकल से करीब 15 किलो एमडी ड्रग तैयार होती, जिसकी बाजार कीमत करीब 4.50 करोड़ रुपए होती। इससे करीब 15 हजार खुराक बनाई जा सकती थी। पूछताछ में सामने आया कि यह खुराक सिर्फ 4 दिन के भीतर बनाने की तैयारी थी। इस दौरान दो स्टीम उपकरण भी बरामद किए गए।

# घर में अचानक लगी आग, जिंदा जलने से रिटायर्ड टीचर की मौत

### मरने से पहले परिवार को बचाया, अंदर कमरे में गए तो फिर नहीं लौटे

महानगर टाइम्स संवाददाता

**पाली।** कोतवाली थाना इलाके के भैरूघाट में शनिवार देर रात एक घर में अचानक आग लगने से रिटायर्ड टीचर जिंदा जल गए। बेटे ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो पाया। रात में उनके घर के नीचे स्थित ग्रोसरी स्टोर में आग लग गई थी। धुआं उनके कमरे तक पहुंचा तो उन्होंने पास के कमरे में सो रहे बेटे, बहू व पोते को जगाया और उन्हें नीचे लेकर गए। इसके बाद खुद कुछ सामान लेने ऊपर गए। वापस नहीं लौटे तो बेटा बचाने गया, लेकिन आग तेज होने के कारण अंदर नहीं जा चुका। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई। दमकल कर्मी अंदर गए तो टीचर का शव कमरे के बेड पर पड़ा था। कोतवाली थाने के एएसआई शंकरलाल ने बताया कि शनिवार देर रात करीब 2.15 बजे सूचना मिली कि भैरूघाट स्थित अमित जनरल स्टोर में आग लग गई है। दमकल को मौके पर भेजा गया।



दमकलकर्मियों ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान रिटायर्ड टीचर राजेंद्र कुमार शर्मा पुत्र जीवनदास की जिंदा जलने से मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि राजेंद्र कुमार शर्मा के घर के नीचे ग्रोसरी स्टोर है, जिसे बेटा अमित चलाता है।

रात में दुकान में आग लगी थी, जो धीरे-धीरे स्टोर के ठीक ऊपर बने कमरे तक पहुंच गई। कमरे में धुआं भरने से रिटायर्ड टीचर राजेंद्र कुमार शर्मा उठ गए। इसके बाद वे पास के कमरे में सो रहे बेटे अमित, बहू और पोते को उठा कर नीचे आ गए। इसके बाद अचानक ऊपर कमरे में चले गए। बेटे अमित ने बताया कि आग लगने के चलते उनके पिता ने ही परिवार के भी सदस्यों को उठाया और समय रहते घर से बाहर लेकर आ गए थे। हम सब घबराए हुए थे। इधर, पिताजी फिर से कुछ सामान लेने ऊपर चले गए। मैं उन्हें लेने के लिए ऊपर गया। इस दौरान आग ऊपर वाले कमरे में तेज हो गई थी। मैं भी झुलस गया और घर में करंट भी फैल चुका था। ऐसे में ऊपर कमरे तक भी नहीं जा सका।

## आदिवासी आवासीय हॉस्टल में घुसकर छात्रों को पीटने वाले तीन पकड़े

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** झालरापाटन के राजकीय आदिवासी आवासीय विद्यालय के हॉस्टल में घुसकर मासूम छात्रों के साथ बेल्टों से बेरहमी से मारपीट करने की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि पीटीएस रोड स्थित राजकीय आदिवासी आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के बीच आपसी कहासुनी हो गई थी। छात्रों ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद एक पक्ष के कुछ परिजन और उनके परिचित स्कूल हॉस्टल में पहुंचे और वहां घुसकर छात्रों के साथ बेल्टों से मारपीट कर दी। घटना के दौरान बनाए गए वीडियो के वायरल होने पर पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया। आवासीय विद्यालय के वार्डन राकेश कुमार मीणा की शिकायत पर झालरापाटन थाने में आरोपियों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू की। गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5-5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया।

# बेकाबू बोलेरो गाड़ी पलटने से बेटे की मौत, पिता गंभीर घायल

### अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे परिवार के 13 सदस्य

महानगर टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** शिव थाना इलाके की बचाणियों की ढाणी गांव में रविवार दोपहर अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे परिवार की बोलेरो गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई, जिससे गाड़ी में सवार बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता की हालत गंभीर है। परिवार के कुल 13 लोग सवार थे, इनमें 6 का बाड़मेर में इलाज जारी है, जबकि 6 गंभीर हालत में जोधपुर रैफर किए गए हैं। सूचना पर शिव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। गांव से एक किलोमीटर पहले बोलेरो गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई, इसमें सवार हंसराज पुत्र मंशीराम की मौत हो गई, जबकि 12 जने घायल हो गए। सभी घायलों को शिव हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद सभी को बाड़मेर हॉस्पिटल रैफर किया गया। इनमें से गंभीर हालत होने पर मंशीराम, हीराराम, महेंद्र, नेनाराम व कैलाश समेत कुल 6 लोगों को जोधपुर रैफर कर दिया गया, जबकि 6 घायलों का बाड़मेर हॉस्पिटल में ही इलाज जारी है। शिव थाने के हैड कांस्टेबल कविंद्र



ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। बोलेरो कैंपर को जब्त कर थाने लाया गया है। मृतक के शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया गया। परिजनों की रिपोर्ट पर पोस्टमॉर्टम करवाकर शव सौंपा जाएगा। मामले की जांच की जा रही है। दलित नेता उदाराम मेघवाल का कहना है कि गांव से श्मशान घाट की दूरी करीब 3 किलोमीटर है। अंतिम यात्रा में पैदल-पैदल श्मशान घाट पहुंचे थे। वापसी में परिवार की गाड़ी में बैठकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। फिलहाल मृतक युवक हंसराज के पिता और चाचा समेत 6 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें जोधपुर रैफर किया है।

### बुजुर्ग महिला को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन डराया, बैंककर्मी सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

# आरबीआई की जांच के नाम पर करवा लिया करोड़ों का ट्रांसफर

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। जोधपुर साइबर थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 1.85 करोड़ रुपए की साइबर ठगी के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए एक संविदा बैंककर्मी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त शरत कविराज के निर्देश पर साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त शाहीन सी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त धन्नाराम के सुपरविजन में सहायक पुलिस आयुक्त पदमदान चारण के मार्गदर्शन और पुलिस



निरीक्षक सुरेश सारण के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण व सूचना के आधार पर इस गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस उपायुक्त शाहीन ने बताया कि कमला नेहरू नगर प्रतापनगर निवासी 75 वर्षीय सरस्वती देवी माहेश्वरी के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड से केनरा बैंक में खाता खुला है, जिसमें करीब 2 करोड़ रुपए का फर्जी लेन-देन हुआ है।

उन्होंने आरोपी ने महिला को गिरफ्तारी का डर दिखाते हुए कहा कि यदि वह जांच से बचना चाहती हैं तो उनकी एफडी व अन्य राशि आरबीआई जांच के लिए बताए गए खाते में जमा करानी होगी अन्यथा उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया जाएगा। डर के कारण महिला ने अपने एसबीआई खाते से 1 करोड़ 85 लाख 23 हजार रुपए बताए गए खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। इस संबंध में साइबर पुलिस थाना जोधपुर में विभिन्न धाराओं व आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने द्वितीय लेयर के खाते के धारक तिलक सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने बताया कि उसने अपना बैंक खाता साइबर अपराध के लिए शिवम तोमर को दिया था। शिवम तोमर से पूछताछ में सामने आया कि यह खाता साइबर अपराध में इस्तेमाल करने के लिए एसबीआई के संविदा कर्मचारी अजय सिंह को दिया गया था। आगे की जांच में पता चला कि अजय सिंह इस साइबर ठगी गिरोह के मुख्य आरोपी मुकेश राव के लिए काम करता था और खातों की व्यवस्था करने में उसकी अहम भूमिका थी।

### डिजिटल करेंसी में बदली जाती थी ठगी की रकम

पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी मुकेश राव बैंककर्मी अजय के माध्यम से मजदूर वर्ग के लोगों को बड़े मुनाफे का लालच देकर उनके बैंक खाते खुलवाता था और उन खातों में साइबर ठगी की रकम जमा करवाता था। बाद में रकम निकालकर खाताधारकों को कमीशन दिया जाता था। गिरोह ठगी की रकम से यूएसडीटी डिजिटल करेंसी खरीदकर देश-विदेश में बैठे साइबर अपराधियों को भेज देता था। मुख्य आरोपी मुकेश राव के खिलाफ पहले से भी मारपीट, लूट व अन्य आपराधिक मामलों में प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों का रिमांड प्राप्त किया है, ताकि साइबर ठगी की राशि बरामद की जा सके और पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। जांच के दौरान पीएनबी बैंक और साइबर पुलिस जोधपुर की तत्परता से करीब 22 लाख रुपए की राशि ट्रांसफर होने से पहले ही रुकवा दी गई, जबकि साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से 33.87 लाख रुपए की रकम होल्ड करवा दी गई थी।

# जेल से पैरोल पर फरार 36 लाख की डकैती का मास्टरमाइंड धरा

महानगर टाइम्स संवाददाता


**जयपुर।** कोटा शहर पुलिस ने टीचर्स कॉलोनी गुमानपुरा में हुई चर्चित 36 लाख रुपए की डकैती के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी महेश को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी न केवल कोटा पुलिस का 25 हजार रुपए का इनामी था, बल्कि वह गुजरात की साबरमती जेल से पैरोल मिलने के बाद फरार चल रहा था, जिस पर गुजरात पुलिस ने भी 5 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। जिला एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि घटना नवम्बर 2024 की है, जब गुजरात निवासी विशाल भाई टीचर्स कॉलोनी स्थित अपने कमरे पर थे। इस दौरान तीन बदमाश वहां पहुंचे, जिनमें से दो बदमाशों ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। उन्होंने विशाल को ड्रग्स बेचने के झूठे आरोप में धमकाया और कमरे की तलाशी के बहाने अलमारी में रखा 36 लाख रुपए की नकदी से भरा बैग लूट लिया। बदमाश पीड़ित को अपनी गाड़ी में बैठाकर रावतभाटा रोड तक ले गए और वहां छोड़कर फरार हो गए। एसपी गौतम ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त महेश निवासी सागवाड़ा डूंगरपुर एक शातिर अपराधी है। वह एनडीपीएस एक्ट के मामले में साबरमती कारागृह गुजरात में न्यायिक अभिरक्षा में था। पैरोल पर बाहर आने के बाद उसने वापस जेल जाने के बजाय कोटा में इस बड़ी डकैती की साजिश रची और फरार हो गया। गुमानपुरा थानाधिकारी महेश कुमार व साइबर सेल यूनिट कोटा की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और अथक प्रयासों के बाद आरोपी का पीछा किया और अंततः उसे उदयपुर से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में चार अन्य आरोपियों संजीव उर्फ शेरा, अमित भाई, राहुल गुप्ता व कमलजीत को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# कोल इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी का आईपीओ 20 को, ग्रे मार्केट दिखा रहा 19 रुपए का फायदा

महानगर टाइम्स संवाददता

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी सेंट्रल माइन प्लानिंग आईपीओ इस हफ्ते खुल रहा है। कंपनी का आईपीओ 20 मार्च को खुल जाएगा। निवेशकों के पास इस आईपीओ पर 24 मार्च तक दांव लगाने का मौका रहेगा। गौरतलब है कि ग्रे मार्केट में कोल इंडिया की इस सब्सिडियरी कंपनी की स्थिति अच्छी है। यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फार सेल पर आधारित है।

कंपनी आईपीओ के जरिए 10.71 करोड़ शेयर जारी करेगी। यह एक मेनबोर्ड सेगमेंट का आईपीओ है। इसलिए इसकी लिस्टिंग बीएसई और एनएसई दोनों जगह होगी। कंपनी ने अभी तक आईपीओ के लिए प्राइस बैंड का ऐलान नहीं किया है। उम्मीद है कि सोमवार को प्राइस बैंड, लॉट साइज आदि का ऐलान हो जाएगा। सेंट्रल माइन प्लानिंग आईपीओ में 50 प्रतिशत हिस्सा क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रहेगा। वहीं, 35 प्रतिशत हिस्सा रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित रहेगा। बाकि बचा 15 प्रतिशत हिस्सा नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए होगा।




### क्या चल रहा है जीएमपी

इन्वेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ रविवार को 19 रुपए के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। इस आईपीओ का सबसे अधिक जीएमपी 24 रुपए प्रति शेयर रहा है।

### कितनी बड़ी है कंपनी

यह देश की सबसे बड़ी कोल और मिनिरल कंसल्टेंसी फर्म है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी के पास 61 प्रतिशत मार्केट शेयर था। कंपनी कोयला मंत्रालय के साथ-साथ कुछ मामलों में पेट्रोलियम मिनिस्ट्री को सलाह देती है। आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स को मर्चेंट बैंकर्स बनाया गया है। केफिन टेक्नोलॉजी को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है।

## गिल-मंधाना बीसीसीआई इंटरनेशनल क्रिकेटर चुने गए

### दो साल में आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली पांचों टीमें सम्मानित, द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



**नई दिल्ली (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को रविवार को बीसीसीआई इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ ईयर चुना गया। दोनों को बीसीसीआई ने रविवार को आयोजित नमन अवॉर्ड 2026 में सम्मानित किया। नई दिल्ली में आयोजित इस समारोह में 1983 वर्ल्डकप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को भी यह सम्मान मिला। यहां 2024-26 तक 5 आईसीसी टूर्नामेंट जीतने वाली पांचों टीमों को सम्मानित किया गया। इसमें मेंस टी-20 वर्ल्डकप, चैंपियंस ट्रॉफी, विमेंस वर्ल्डकप के अलावा, अंडर-19 वर्ल्डकप जीतने वाली मेंस-विमेंस टीमें शामिल रहीं।

## एलपीजी बुकिंग घटकर 77 लाख हुई, देश में ईंधन की कोई कमी नहीं: सरकार

**नई दिल्ली (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार ने सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है और किसी तरह की कमी नहीं है। देश में घरेलू रसोई गैस यानी एलपीजी रिफिल की बुकिंग में गिरावट आई है, यह घटकर अब करीब 77 लाख पर पहुंच गई है, जबकि 13 मार्च को ये 88.8 लाख थी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि देशभर में एलपीजी की कोई कमी नहीं है, जबकि तेल विपणन कंपनियों के पास पर्याप्त भंडार मौजूद है। मंत्रालय के मुताबिक हालिया दहशत में कमी आने के बाद एलपीजी बुकिंग 88 लाख से घटकर लगभग 77 लाख रह गई है। केंद्र सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे पैनिक बुकिंग से बचें और ऑनलाइन रिफिल बुक करें।

दुबई की कंपनी ने भारत में खेला 52600 करोड़ रुपए का दांव

# 100 एकड़ जमीन पर केरल में बनाएगी बड़ा औद्योगिक पार्क

महानगर टाइम्स संवाददता

**नई दिल्ली।** भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, दुबई (भारत में दुबई कंपनी) की प्रतिष्ठित टेक कंपनी 'सोलस्टिस डेटा' ने भारत में 52,600 करोड़ रुपए के भारी-भरकम निवेश का ऐलान किया है। कंपनी ने केरल के कन्नूर जिले के मट्टनूर स्थित केइन्फ्रा औद्योगिक पार्क में अपनी सुविधाओं के विकास के लिए आधिकारिक तौर पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस ऐतिहासिक करार के तहत डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए कंपनी को पार्क के अंदर 100 एकड़ जमीन आवंटित की जाएगी।

**केरल के डिजिटल परिदृश्य में खुलेंगे अपार अवसर :** इस अवसर पर उद्योग मंत्री पी. राजीव ने जोर देते हुए कहा कि स्थानीय भागीदारों के सहयोग से विकसित होने वाला यह नया डेटा सेंटर केरल के डिजिटल परिदृश्य में अपार संभावनाओं और अवसरों के नए द्वार खोलेगा।



### इन एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

**शनिवार को** तिरुवनंतपुरम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इस एमओयू का औपचारिक रूप से आदान-प्रदान किया गया। इस महत्वपूर्ण समझौते पर सोलस्टिस डेटा के कंट्री प्रमुख (इंडिया) राज बाबू तुलसीधरन और केइन्फ्रा के प्रबंध निदेशक संतोष कोशी थॉमस ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर राज्य के उद्योग मंत्री पी. राजीव और उद्योग निदेशक पी. विष्णुराज विशेष रूप से मौजूद रहे।

### वैश्विक स्तर पर है सोलस्टिस डेटा की पहचान

**दुबई मुख्यालय** वाली सोलस्टिस डेटा आधुनिक एआई-आधारित (एआई) 'हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग' (एचपीसी) डेटा केंद्रों के डिजाइन, विकास और संचालन के क्षेत्र में एक वैश्विक अग्रणी कंपनी है। दुबई के अलावा, यह कंपनी संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) और कनाडा सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर 60 से अधिक डेटा सेंटर परियोजनाओं का प्रबंधन करती है।

कंपनी ने बताया है कि इस 52,600 करोड़ रुपए के कुल प्रस्तावित निवेश को 5 से 7 वर्षों की समयसीमा के भीतर धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है।

**केइन्फ्रा औद्योगिक पार्क की क्या हैं विशेषताएं :** मट्टनूर स्थित केइन्फ्रा औद्योगिक पार्क कुल 175 एकड़ में फैला हुआ है। बुनियादी ढांचे के विकास के बाद, इसमें से 123 एकड़ जमीन औद्योगिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराई गई है। पार्क की मौजूदा 36,000 वर्ग फुट की 'स्टैंडर्ड डिजाइन फैक्ट्री' पहले ही औद्योगिक उद्देश्यों के लिए पूरी तरह से आवंटित की जा चुकी है, और 12 अन्य उद्यमों को भी यहां जमीन दी गई है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सोलस्टिस डेटा के साथ हुआ यह नया समझौता पार्क में बची हुई 100 एकड़ उपलब्ध जमीन के लिए है, जो इस क्षेत्र के औद्योगिक और तकनीकी विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

## एमएसईडीसीएल से करार : अदाणी पावर महाराष्ट्र को देगा 1600 मेगावाट बिजली

महानगर टाइम्स संवाददाता

**अहमदाबाद।** भारत की सबसे बड़ी निजी बिजली कंपनी अदाणी पावर लिमिटेड को महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) से 1,600 मेगावाट बिजली आपूर्ति का लेटर ऑफ अवॉर्ड मिल गया है। यह करार लंबे समय के लिए है और कंपनी अपने आने वाले अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट से यह बिजली देगी।

अदाणी पावर ने इस प्रोजेक्ट के लिए हुई कड़ी बोली में हिस्सा लिया। कंपनी ने सबसे कम टैरिफ यानी 5.30 रुपए प्रति किलोवाट-घंटा का ऑफर दिया और बोली जीत ली। यह 25 साल का पावर सप्लाई एग्रीमेंट होगा। बिजली की सप्लाई वित्तीय वर्ष 2030-31 से शुरू होगी। इस जीत से कंपनी को महाराष्ट्र में भरोसेमंद बिजली देने का मौका मिला है।

यह उपलब्धि ऐसे समय में मिली है जब थर्मल पावर सेक्टर में निवेश एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है और इस दौरान एपीएल को एक और पीएसए हासिल हुआ है। अदाणी पावर नई बिजली उत्पादन क्षमता उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनियों में शामिल हो चुकी है और वर्ष 2032 तक देश में 100 गीगावाट थर्मल पॉवर क्षमता जोड़ने के लक्ष्य को समर्थन दे रही है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान एपीएल ने कुल 10,400 मेगावाट क्षमता के साथ पांच लंबे समय तक के पीएसए हासिल किए हैं।

अदाणी पावर लिमिटेड के सीईओ एस.बी. ख्यालिया ने कहा, 'देश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है और ऐसे में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक और भरोसेमंद क्षमता बढ़ाना बेहद जरूरी है। एमएसईडीसीएल से मिला यह एलओए अदाणी पावर की प्रतिस्पर्धी लागत संरचना, भरोसेमंद बेसलोड बिजली देने की हमारी क्षमता और भारत की बढ़ती बिजली जरूरतों को दीर्घकालिक साझेदारी के माध्यम से पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**ईंधन की सुरक्षा, विस्तार योजना :** 'इस विकास के साथ अदाणी पावर ने अपनी निर्माणाधीन 23.8 गीगावाट क्षमता में से 13.3 गीगावॉट के लिए दीर्घकालिक पीएसए कर लिए हैं, जो कंपनी के लगभग पूरी क्षमता को ऐसे समझौतों के तहत सुरक्षित करने के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है। वर्तमान में कंपनी की 18.15 गीगावाट चालू उत्पादन क्षमता में से 95 प्रतिशत से अधिक क्षमता मीडियम से लान्ग टर्म पीएसए के तहत सुरक्षित है, जबकि आने वाली 23.8 गीगावाट क्षमता में से 55 प्रतिशत से अधिक 25 साल के पीएसए के तहत तय हो चुकी है, जिससे भविष्य में उत्पादन और राजस्व को लेकर बेहतर स्थिरता और स्पष्टता मिलती है।

एमएसईडीसीएल की इस बोली में पहले से तय कोयला लिंकज शामिल है, जिससे दीर्घकालिक ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित होती है और भरोसेमंद तथा किफायती बिजली आपूर्ति को समर्थन मिलता है। अदाणी पावर भारत के निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा थर्मल पावर कैपेक्स कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इसके तहत कंपनी अपनी क्षमता को मौजूदा 18.15 गीगावाट से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2031-32 तक 41.87 गीगावाट करने की योजना पर काम कर रही है, जिसमें लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। ये प्रोजेक्ट्स भारत में तेजी से बढ़ती बिजली मांग को ध्यान में रखकर विकसित किए जा रहे हैं। प्रोजेक्ट्स के निर्माण के दौरान हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होने की उम्मीद है और कई उद्योग क्षेत्रों में मांग को बढ़ावा मिलेगा।

चुनाव से पहले ममता सरकार का बड़ा फैसला

## लाखों कर्मचारियों-पेंशनभोगियों को मिलेगा बकाया डीए

- पुरोहितों और मुअज्जिनों का मानदेय बढ़ाने के बाद सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत की घोषणा, मार्च 2026 से शुरू होगा भुगतान



महानगर टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से कुछ ही घंटे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए बड़ी राहत का ऐलान किया है। सरकार ने लंबे समय से लंबित महंगाई भत्ता (डीए) के बकाया भुगतान की घोषणा कर दी है, जिससे राज्य के लाखों कर्मचारियों और पेंशनधारकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि उनकी 'मां-माटी-मानुष' सरकार ने कर्मचारियों, शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और पेंशनभोगियों से किया वादा निभाया है। उन्होंने बताया कि इस फैसले का लाभ पंचायत, नगर निगमों और विभिन्न अनुदान प्राप्त संस्थानों के कर्मचारियों को भी मिलेगा। सरकार के अनुसार रोपा-2009 के तहत बकाया महंगाई भत्ते का भुगतान मार्च 2026 से चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। राज्य का वित्त विभाग जल्द ही इस संबंध में विस्तृत अधिसूचना जारी करेगा, जिसमें भुगतान की प्रक्रिया और नियमों की जानकारी दी जाएगी।


# नई सेवक-रंगपो रेल परियोजना में एनएफआर को टनल संख्या 8 में बड़ी सफलता

महानगर टाइम्स संवाददाता

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने 12 मार्च को टनल संख्या 8 में सफल 'ब्रेकथ्रू' के साथ सेवक-रंगपो रेल परियोजना में एक प्रमुख माइलस्टोन हासिल किया। यह ब्रेकथ्रू एनएफआर और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने संयुक्त रूप से हासिल किया, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस रेल कनेक्टिविटी परियोजना में हुई उल्लेखनीय प्रगति का प्रतीक है।

टनल संख्या 8 इस परियोजना की प्रमुख सुरंगों में से एक है, जिसकी कुल लंबाई 4.148 किमी है और इसमें 1.010 किमी की एक अतिरिक्त अडिट भी शामिल है। इस टनल की खुदाई और खनन का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण भूगर्भीय परिस्थितियों जैसे अत्यधिक नाजुक, प्रतिकूल मौसम और दरार वाली चट्टानी परतों के बीच किया गया। पहाड़ी भूभाग की अनिश्चितताओं और पास के एनएच-10 कॉरिडोर से जुड़ी संवेदनशीलता के कारण भी इस कार्य को अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ा। टनल संख्या 8 में खुदाई का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने के साथ ही सेवक-रंगपो रेल परियोजना की कुल 14 सुरंगों में से 13 सुरंगों की खुदाई का कार्य अब पूरा हो चुका है। इस परियोजना की समग्र प्रगति की दिशा में यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण कदम है।

परियोजना के अन्य प्रमुख घटकों में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। कुल 32.4 किलोमीटर की लंबाई को कवर करने वाली सुरंगों में 12 सुरंगों की लाइनिंग का कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा सुरंगों में 21 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में बैलास्ट रहित ट्रैक बिछाने का कार्य भी पूरा हो गया है, जिससे परियोजना को परिचालनिक तैयारी की दिशा में और अधिक गति मिली है। सेवक-रंगपो नई रेल लिंक परियोजना, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए कनेक्टिविटी की सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। इस परियोजना का उद्देश्य सिक्किम राज्य को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ना है और यह भारतीय रेलवे की 'राजधानी कनेक्टिविटी परियोजना' के व्यापक पहल का एक हिस्सा है। सभी मोर्चों पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिनमें सिविल कार्य, ट्रैक बिछाना और रेलवे का विद्युतीकरण शामिल है। एनएफआर शेष कार्यों को पूर्ण कर दिसंबर 2027 तक इस रेल परियोजना को चालू करने के अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है, जिससे सिक्किम राज्य की रेल कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा और क्षेत्रीय विकास तथा आवागमन को बढ़ावा मिलेगा।




### ये हैं परियोजनाएं

इस परियोजना की कुल लंबाई 44.96 किमी है, जिसमें 41.55 किमी पश्चिम बंगाल और 3.41 किमी सिक्किम में है। इस रूट का लगभग 38.623 किमी (लगभग 86 फीसदी) हिस्सा सुरंगों से, 2.24 किमी पुलों से और 4.79 किमी में खुली कटिंग और स्टेशन यार्ड होकर गुजरता है शामिल हैं। निर्माण कार्य में 14 सुरंगें शामिल हैं, जिनमें सबसे लंबी सुरंग लगभग 5.30 किमी और सबसे छोटी सुरंग लगभग 538 मीटर लंबी है। इस परियोजना में 13 बड़े पुल और 10 छोटे पुल भी शामिल हैं। इस नई रेलवे लाइन में पांच स्टेशन होंगे, जिनमें सेवक, रियांग, मेल्ली, रंगपो, और एक भूमिगत हॉल्ट स्टेशन-तीस्ता बाजार शामिल है। ये इस परियोजना की कुछ अनोखी बुनियादी ढांचागत विशेषताएं हैं। परियोजना पूरा होने के बाद यह सिक्किम को उल्लेखनीय रूप से जोड़ेगा, जिससे इस क्षेत्र में परिवहन बेहतर होगा, आवश्यक सामग्रियों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## एफपीआई की नहीं थम रही सेलिंग

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** एफपीआई ने मार्च के पहले 15 दिनों में घरेलू शेयर बाजार से 52,704 करोड़ रुपए निकाले हैं। इसके पीछे कारण हैं- पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, रुपए में गिरावट और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का भारत की वृद्धि और कंपनियों की कमाई पर असर पड़ने की आशंका। इससे पहले फरवरी में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपए डाले थे, जो 17 महीने का उच्च स्तर था।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में उन्होंने 35,962 करोड़ रुपए, दिसंबर 2025 में 22,611 करोड़ रुपए और नवंबर 2025 में 3,765 करोड़ रुपए निकाले थे। मार्च महीने में अब तक एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में लगभग 52,704 करोड़ की सेलिंग की है। एफपीआई की निकासी की मुख्य वजह पश्चिम एशिया में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव है। एंजल वन के सीनियर फंडामेंटल एनालिस्ट वकारजावेद खान का कहना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज स्ट्रेट में लंबे समय तक संघर्ष की आशंकाओं ने ब्रेंट क्रूड को 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा दिया। इसके अलावा रुपया 92 प्रति डॉलर के स्तर के आसपास कमजोर बना हुआ है।

## ऑप्टिशियन्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण संपन्न




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान ऑप्टिशियन्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणीका शपथ ग्रहण समारोह रविवार को जयपुर स्थित आरएएस क्लब में संपन्न हुआ। समारोह में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में ऑप्टिशियन सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओएआई के अध्यक्ष सुभाष बंसल तथा विशिष्ट अतिथि विशाल आई के डाइरेक्टर सुमित मोदी की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक आनंद महारवाल, अध्यक्ष शांति स्वरूप महारवाल, महासचिव विनोद मित्रुका, कोषाध्यक्ष जगदीप सिंह तथा प्रवक्ता डॉ. डीएस शर्मा बड़ियाल ने संयुक्त रूप से संगठन को मजबूत बनाने और ऑप्टिशियन समाज के हित में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर राजस्थान ऑप्टिशियन्स एसोसिएशन ने नई प्राइस लिस्ट भी जारी की, जिससे ऑप्टिकल व्यापार में पारदर्शिता और एकरूपता लाई जा सके।

## नेपाल में गहरी खाई में गिरी बस, 7 भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नेपाल के गंडकी प्रांत स्थित गोरखा जिले में मनकामना मंदिर से दर्शन कर लौट रहे भारतीय तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक यात्री बस गहरी खाई में गिर गई। घटना में सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सात अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार पीड़ितों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामलिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलारसी (60) के रूप में की गई है।


अमेरिका-ईरान संघर्ष | होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित, कच्चे तेल की कीमतें 40 फीसदी बढ़ीं

# विशेषज्ञों ने 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने की जताई संभावना

महानगर टाइम्स संवाददता

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में इस समय उबाल साफ देखा जा सकता है। जोकि घरेलू शेयर बाजारों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। कच्चे तेल की कीमतों में बीते 4 साल के रिकॉर्ड को पहले ही तोड़ दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के पीछे की वजह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का रास्ता बाधित होना है। एक्सपर्ट्स आने वाले दिनों में कच्चे तेल का भाव 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने की बात कर रहे हैं। आइए समझते हैं कि इसका असर घरेलू शेयर बाजार से लेकर सोना-चांदी तक क्या पड़ेगा? ब्रेंट क्रूड ऑयल प्राइस 100 डॉलर के ऊपर बना हुआ है। ईरान-अमेरिका युद्ध के 14वें दिन में प्रवेश करने का साफ असर कच्चे तेल की कीमतों पर देखा जा सकता है। डब्ल्यूटीआई क्रूड फ्यूचर्स की कीमतों में भी 6 प्रतिशत की तेजी आई है। यह 96 डॉलर प्रति बैरल के करीब है।

**कहां जाएगा सोने और चांदी का रेट :** सोने और चांदी की कीमतों पर कच्चे तेल का कोई विशेष प्रभाव शायद ही पड़े। इसकी वजह है डॉलर का मजबूत होना। कच्चे तेल का भाव बढ़ने से डॉलर मजबूत हुआ है। ऐसे में निवेशक सोने की जगह डॉलर का रुख कर रहे हैं। क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी की वजह से दुनिया भर के सेंट्रल बैंकों पर ब्याज दर में कटौती करने का दबाव बढ़ा दिया है।



### कच्चे तेल की कीमतों में और आएगा उछाल ?

**पिछले हफ्ते** के शुरुआत में क्रूड ऑयल का रेट 120 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया था। हालांकि, इसके बाद इसमें नरमी देखने को मिली। हालांकि, एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर मिडिल ईस्ट में तनाव कम नहीं हुआ तब की स्थिति में यह 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है। कोटक सिक्योरिटीज से जुड़े अनिंद्या बनर्जी कहते हैं कि टेक्निकल आधार पर क्रूड ऑयल 125 डॉलर प्रति बैरल पर रेसिस्टेंस दिखा रहा है। अगर यह इस स्तर के पार पहुंचता है। ऐसी स्थिति में क्रूड ऑयल का रेट 145 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं।

### शेयर बाजारों पर क्या पड़ेगा असर?

**मिडिल ईस्ट** में जारी युद्ध की वजह से शेयर बाजार में इस समय हाहाकार मचा हुआ है। मार्च के महीने में निफ्टी 50 इंडेक्स पहले ही 8 प्रतिशत क्रैश कर चुका है। डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड लो लेवल पर है। एफआईआई की बिक्री भी बाजार पर दबाव बनाए हुए है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि क्रूड ऑयल की कीमतों में कोई भी तेजी शेयर बाजार की सेहत के लिए अच्छी खबर नहीं है।

## आवाज से ही हुई थी पहली कमाई 5 साल की उम्र में शुरू किया कॅरियर

# 'द ब्लफ' में प्रियंका चोपड़ा की आवाज बनी अभिनेत्री सयानी गुप्ता



**'जॉली एलएलबी-2'** और 'आर्टिकल 15' फिल्मों की अभिनेत्री सयानी गुप्ता ने वर्ष 2012 में फिल्म 'सेकंड मैरिज डॉट कॉम' से हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। उसके बाद 'इनसाइड एज' और 'फोर मोर शाट्स प्लीज' जैसी वेब सीरीज से उन्होंने खूब लोकप्रियता बटोरी। अब प्रियंका चोपड़ा के लिए डबिंग को लेकर सयानी बताती हैं कि यह ऑफर सुनकर मैं बहुत ज्यादा उत्साहित हुई, क्योंकि आवाज का काम करने में मुझे बहुत अच्छा लगता है, इसमें आवाज, सांस, समझ व माड्यूलेशन हर चीज का प्रयोग होता है। 'द ब्लफ' से पहले उनके लिए किसी ने हिंदी में डब नहीं किया है, इसलिए मेरे ऊपर एक अलग जिम्मेदारी थी। उनकी बोलने की शैली, शब्दों को बोलते समय उनके होंठों के हिलने के तरीके, बीच में किस तरह सांसें लेते हुए वह बोलती हैं, यह सब ध्यान में रखकर डबिंग की है। सयानी गुप्ता की पहली कमाई उनकी आवाज से ही हुई थी। वह बताती हैं कि मैं जब पांच साल की थी, तब मैंने स्टूडियो में एक रेडियो विज्ञापन को आवाज दी थी। स्टूडियो से निकलते समय मुझे लिफाफे में 500 रुपए मिले थे। वह मेरी जिंदगी की पहली कमाई थी। अभी भी मैं वही काम कर रही हूं।

आवाज के मामले में मेरे पापा ने मुझे बचपन से ही प्रशिक्षित किया है, वो रेडियो के साथ-साथ थिएटर के कलाकार थे। मैं जब तक कोलकाता में रही, वो रोज मुझे सही शब्द बोलने का अभ्यास कराते थे।

### अभिनेत्री बनने के सफर में पढ़ाई-कला साथ-साथ

अभिनेत्री बनने के सफर के बारे में सयानी बताती हैं कि मेरे लिए पढ़ाई-लिखाई और कला साथ में ही चली। अभिनेत्री तो मुझे हमेशा से बनना था, लेकिन मैंने कभी इस बारे में किसी से कुछ कहा नहीं था। कॉलेज की पढ़ाई करने दिल्ली आई, उस दौरान थिएटर और डांस भी करती रही। फिर नौकरी शुरू की तो लगा कि फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया जाकर एक्टिंग सीख सकती हूं। अभिनय में आना एक दिन का निर्णय नहीं था, बस जिंदगी इसी दिशा में आगे बढ़ती गई।

### फिल्मों में सपोर्टिंग रोल्स से नहीं पड़ता फर्क

फिल्म 'सेकंड मैरिज डॉट कॉम' में केंद्रीय भूमिका से शुरुआत करने के बाद सयानी ने कई फिल्मों में कैरेक्टर रोल्स किए। वह कहती हैं कि मेरे मन में कभी ऐसा था नहीं कि लीड रोल्स निभाने या हीरोइन बनना है। मैं बांग्ला फिल्में और वैश्विक सिनेमा देखकर बड़ी हुई हूं। मुझे एक्टिंग में दिलचस्पी थी और हमेशा पूरा ध्यान इस पर रहा कि अच्छी अभिनेत्री कैसे बनना है। मुंबई आकर ऑडिशन देती रही। मेरी पहली फिल्म 'सेकंड मैरिज डॉट कॉम' लीड रोल में ही मिली। इसके बाद मैंने सपोर्टिंग रोल में कई फिल्में की, जिसमें मेरी भूमिकाएं बहुत अच्छी थीं।

### एक ही तरह के रोल्स से हो जाती हैं बोर

प्राथमिकताओं और आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर सयानी बताती हैं कि प्राथमिकता हमेशा एक ही रही है कि अच्छा काम करना है और अच्छे लोगों के साथ काम करना है। फिल्में, वेब सीरीज, शॉर्ट फिल्म कई तरह के प्रोजेक्ट किए है। एक वेब सीरीज जल्द ही आएगी, लेकिन मैं एक ही तरह के काम से बहुत जल्दी बोर हो जाती हूं, इसलिए खुद भी अलग-अलग काम ढूंढती रहती हूं।



## लोगों को इतिहास से सीखने और गलतियां नहीं दोहराने की दी सलाह

# ऐतिहासिक फिल्म 'स्वयंभू' में नए अंदाज में नजर आएंगे निखिल सिद्धार्थ

**अगर** खुद पर विश्वास नहीं तो अभिनेता नहीं बनना चाहिए। यह कहना है दक्षिण भारतीय अभिनेता निखिल सिद्धार्थ का, जो ऐतिहासिक फिल्म 'स्वयंभू' में नए अंदाज में दिखेंगे। निखिल कहते हैं कि कलाकार को आत्मविश्वास होना चाहिए, नहीं तो एक्टर नहीं बनना चाहिए। मुझे बतौर कलाकार अपनी सीमाएं पता हैं। 'स्वयंभू' फिल्म 'बाहुबली' जैसी नहीं है। इसमें मैं राजा या कोई योद्धा नहीं हूं। बस, एक छोटे से गांव में रहने वाले लड़के की कहानी है।

निखिल ने आगे कहा कि लोग सोचते हैं कि वह कुछ नहीं कर पाएगा, लेकिन वह कुछ ऐसा करता है कि एक साम्राज्य की किस्मत बदल देता है। वाकई 985 ईस्वी में कृष्णन रामन नामक वह व्यक्ति था, जो किरदार मैंने फिल्म में निभाया है। इतिहास से बहुत कुछ सीख सकते हैं कि गलतियों को दोहराना नहीं चाहिए। युवाओं को यह फिल्म पसंद आएगी, जो बड़े सपने लेकर आते है और लोगों के ताने सहने के बाद भी बड़ा नाम कमा लेते हैं। क्या निखिल भी खुद को सेल्फ मेड मानते हैं? इस पर वह कहते हैं कि पता नहीं, लेकिन मेरी पहली फिल्म 'हैप्पी डेज' को 19 साल हो गए हैं। अब तक 42 फिल्में की हैं। इस दौरान कई चुनौतियां रही हैं। यही सीखा है कि सेट पर सबको एक बराबर समझना बहुत जरूरी है, फिर चाहे वो असिस्टेंट हो या कोई बड़ा स्टार। मैं अपना मार्केट एक-एक कदम पर बना रहा हूं। समय लग रहा है, लेकिन मैं यहां टिका हूं, तो कुछ तो पा ही लिया है।



### एक्शन सीक्वेंस के लिए खूब करते हैं रिहर्सल

'स्वयंभू' फिल्म में निखिल ने घोड़े के साथ कई सीन किए हैं। यह उनके लिए खासा चुनौतीपूर्ण रहा। वह बताते हैं कि फिल्म में घोड़े का नाम मारुति है। फिल्म में मुझे केवल घोड़ा दौड़ाना ही नहीं था, बल्कि उस पर बैठकर तीर भी चलाना था। मारुति को अपने पैरों से मुझे नियंत्रण में रखना था। हर एक्शन सीक्वेंस के लिए मैं रिहर्सल करता था, फिर सीन करता था। छह-सात महीने तक मारुति मेरे घर के पास एक अस्तबल में था। हर दो दिन में जाकर मैं उससे मिलता था। हिंदी सिनेमा में काम को लेकर निखिल कहते हैं कि मुझे कई प्रोडक्शन हाउस की तरफ से आफर आए हैं, लेकिन मां मुझे हमेशा कहती हैं कि अगर सोच-समझकर काम नहीं करोगे, तो न घर के रहोगे, न घाट के। अपनी एक राह बनाकर रखो, अच्छा मौका मिलेगा तो आगे बढ़ना। फिलहाल मैं तेलुगु फिल्में बनाने में व्यस्त हूं, लेकिन कभी कुछ अच्छा मिलेगा, तो करूंगा।

### 'पैन इंडिया शब्द का प्रयोग इन दिनों ज्यादा ही हो रहा'

निखिल कहते हैं कि हर फिल्म सबके लिए नहीं होती। साल 2022 में प्रदर्शित निखिल की पैन इंडिया फिल्म 'कार्तिकेय-2' की कहानी अब 'कार्तिकेय-3' के साथ आगे बढ़ेगी। निखिल कहते हैं कि पैन इंडिया शब्द का प्रयोग इन दिनों कुछ ज्यादा ही हो रहा है। 'कार्तिकेय-3' के लिए हमने दो-ढाई साल का समय इसलिए लिया, क्योंकि अगर तुरंत बनाते, तो उसमें उतनी दिलचस्पी नहीं रहती। इस बार कहानी 'कार्तिकेय-2' से अलग होगी। 'कार्तिकेय-3' भले ही पैन इंडिया फिल्म है, लेकिन मैं अपनी हर फिल्म को पैन इंडिया नहीं बनाता। हमें वास्तविकता में जीना चाहिए। हर फिल्म पूरे देश के लिए नहीं बनती है। कई बार क्षेत्रीय भाषा की फिल्में, उसी क्षेत्र के अनुसार बनती हैं। इतने वर्षों में फिल्मों में काम करके अब हम जानते हैं कि कौन सी फिल्म पैन इंडिया बन सकती है, कौन सी नहीं।



### ब्रिज ऑफ स्पाइस फिल्म ने खर्च से चार गुना ज्यादा कमाकर मचाया था गदर

**धुरंधर** ने स्पाई थ्रिलर के पैमाने बदल दिए। आदित्य धर ने जिस तरह फिल्म को बड़े पर्दे पर पेश किया, यह ऑडियंस के दिलों पर छा गई। फिल्म ने दुनियाभर में 1300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था। हालांकि, इससे भी ज्यादा कमाई करने वाली एक स्पाई थ्रिलर है, जो आज भी टॉप रेटेड फिल्मों में शुमार है। यह स्पाई थ्रिलर एक दशक पहले सिनेमाघरों में आई थी। फिल्म ने खर्च से चार गुना ज्यादा कमाकर बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी। आज भी यह फिल्म ओटीटी पर मस्ट वॉच बनी हुई है। अगर आप धुरंधर-2 से पहले ओटीटी पर कोई बढ़िया स्पाई थ्रिलर देखने की सोच रहे हैं तो इसे आपको अपनी वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं। जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, वो ब्रिज ऑफ स्पाईस है। साल 2015 में रिलीज हुई स्टीवन स्पीलबर्ग निर्देशित फिल्म की कहानी कोल्ड वॉर की एक सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म की कहानी जेम्स डोनोवन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक सोवियत जासूस का केस लड़ता है, लेकिन उसका यह फैसला एक खतरनाक मिशन में बदल जाता है। दो जासूसों की अदला-बदली का ये मिशन सस्पेंस और थ्रिल के साथ आगे बढ़ता है। ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुकी ब्रिज ऑफ स्पाईस में मुख्य भूमिका टॉप हैंक्स मार्क रायलेंस, एमी रायन व एलन एल्डा ने निभाया है। यह फिल्म 2015 की सबसे ज्यादा कमाई वाली फिल्मों में शुमार है। रिपोर्ट्स की मानें तो कथित तौर 40 मिलियन डॉलर यानी करीब 370 करोड़ रुपए में बनी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 165 मिलियन डॉलर यानी करीब 1500 करोड़ की कमाई की थी।

# विरासत का सुरीला संगम, गजल से बना 'वो लम्हे' का आईकॉनिक गाना




**साल 2006** में मोहित सूरी की एक फिल्म रिलीज हुई थी, जिसका नाम था वो लम्हे। इस मूवी में कंगना रनौत और शाइनी आहूजा ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म में शदाब रंधावा और मासूम मखीजा साहयक की भूमिका में नजर आए। फिल्म का एक रूहानी गाना 'तू जो नहीं है तो कुछ भी नहीं है' बहुत वायरल हुआ। ये एक बेहद खूबसूरत और सुकून भरा गीत है, जिसमें काफी गहराई है। गाने को अपनी आवाज से ग्लेन जॉन ने सजाया है और म्यूजिक डायरेक्शन प्रीतम का था। इसके लिरिक्स सईद कादरी ने लिखे थे, लेकिन क्या आपको पता है कि ये एक बेहद खूबसूरत गजल थी? इसे एसबी जॉन साहब ने अपनी दिल छू लेने वाली आवाज में गाया था। इसके बोल फय्याज हाशमी ने लिखे थे। यह गीत उस दौर में लोगों के दिलों में बस गया था, क्योंकि इसमें एक अजीब सा सुकून और दर्द था। प्रीतम ने इस क्लासिक गाने को आज के युवाओं के लिए एक नए और मॉडर्न अंदाज में पेश करने का फैसला किया। इसके बाद ये हम तक पहुंचा और वायरल हो गया। फिल्म 'वो लम्हे' में जब शाइनी आहूजा पर यह गाना फिल्माया गया तो यह रातों-रात सुपरहिट हो गया। शाइनी आहूजा ने फिल्म में आदित्य पंकज गरेवाल का किरदार निभाया था। इस नए वर्जन को ग्लेन जॉन ने अपनी आवाज दी थी। इस कहानी की सबसे खास बात यह है कि ग्लेन जॉन कोई और नहीं, बल्कि ओरिजिनल सिंगर एसबी जॉन के ही बेटे हैं। पिता के गाए हुए उस पुराने और सच्चे नगमे को बेटे ने अपनी आवाज देकर बॉलीवुड में हमेशा के लिए अमर कर दिया। इस तरह एक पुरानी, सुकून भरी धुन ने एक दर्द भरे मॉडर्न बॉलीवुड गाने का रूप ले लिया, लेकिन दोनों ही पीढ़ियों ने इसे उतना ही प्यार दिया। कहानी आदित्य (शाइनी आहूजा) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक प्रसिद्ध निर्देशक है। वह सना अजीम (कंगना रनौत) नाम की एक मशहूर अभिनेत्री से प्यार करने लगता है, जो डिप्रेशन से जूझ रही है। आदित्य सना को ठीक करने और उसे सामान्य जीवन में वापस लाने की कोशिश करता है, लेकिन सना अपनी दवाइयां लेना बंद कर देती है, जिससे उसकी हालत खराब हो जाती है। अंत में सना की बीमारी के कारण उसकी मृत्यु हो जाती है।

# 'मुझे रणवीर से जलन...' धुरंधर का हिस्सा न बन पाने पर अक्षय कुमार का रिएक्शन





**अक्षय कुमार** उन एक्टर्स में से हैं जो हर साल कई प्रोजेक्ट्स के साथ बॉलीवुड के सबसे बिजी सितारों में से एक रहते हैं। उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई हिट फिल्में दी हैं और इसीलिए उनके द्वारा किसी फिल्म के लिए की गई तारीफ काफी मायने भी रखती है। हाल ही में उन्होंने 'धुरंधर' की खूब तारीफ की और इस फिल्म का हिस्सा ना होने पर भी रिएक्शन दिया। उन्होंने हाल ही में इस बारे में बात की कि कैसे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री दर्शकों की बदलती पसंद के साथ लगातार बदलती रहती है। एक्टर ने बदलते सिनेमाई ट्रेंड्स पर अपने विचार साझा किए और रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर' की सफलता की भी तारीफ की। 'धुरंधर' को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स का जिक्र करते हुए अक्षय ने बताया कि कैसे दर्शकों ने एक बार फिर से जोरदार एक्शन वाली कहानियों को अपनाया है। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए 'धुरंधर' को ही ले लीजिए। यह एक एक्शन फिल्म है और इसमें काफी खून-खराबा है। यह बहुत बढ़िया है और लोगों ने इसे खूब पसंद किया है। रणवीर सिंह जैसा हीरो एक 'एंग्री यंग मैन' वाली इमेज अपनाता है, जो बीच में कहीं खो सी गई थी। बातचीत के दौरान अक्षय से यह भी पूछा गया कि क्या उन्हें इस बात का कोई अफसोस है कि उन्हें 'धुरंधर' में कास्ट नहीं किया गया। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि मुझे नहीं लगता कि आदित्य को लगा होगा कि मैं 'लयारी गैंग' का हिस्सा बनने के लिए सही रहूंगा। उन्हें ऐसा नहीं लगा, इसलिए मुझे वह रोल नहीं मिला। मैं रणवीर से मिलता हूं, और वह मेरे काम की तारीफ करता है। कुछ ऐसे रोल हैं जो वह करना चाहता था, लेकिन मुझे मिल गए और कुछ ऐसे जो मैं करना चाहता था लेकिन उसे मिल गए। अक्षय ने इस बात पर जोर दिया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री इतनी बड़ी है कि हर किसी को काम करने के लिए अच्छे मौके मिल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी सिनेमा में हम 15-20 एक्टर हैं और भारत में 180 फिल्में बनती हैं। हर किसी के लिए कोई न कोई रोल होता है। बस इस बात का थोड़ा अफसोस होता है कि हम भी वैसा ही कोई रोल करना चाहते हैं, लेकिन इसमें कोई जलन नहीं है। प्रोफेशनल तौर पर अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्मों में हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' 10 अप्रेल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## सिर्फ छह साल की उम्र से ही शुरू कर दिया था आडिशन देना

# 'द केरल स्टोरी' की अभिनेत्री उल्का गुप्ता को पिता ने दी ट्रेनिंग





**'द केरल स्टोरी-2 : गोज बियांड'** से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वाली अभिनेत्री उल्का गुप्ता दक्षिण भारतीय सिनेमा में भी काम कर रही हैं। उनकी आगामी तेलुगु फिल्म भूमिका चावला के साथ है। उल्का हमेशा से जानती थीं कि उन्हें अभिनय ही करना है। वह कहती हैं कि मेरे पिताजी गगन गुप्ता भी एक्टर हैं। वह 15 साल की उम्र में बिहार छोड़कर एक्टर बनने के सपने को लेकर मुंबई आए थे। हम तीनों भाई-बहनों को पापा घर पर ही थिएटर की शिक्षा देते रहे हैं। कभी कहते थे कि कविता लिखी है, गाकर सुनाओ या नेताजी सुभाष चंद्र बोस का डायलाग बोलकर दिखाओ। उन्होंने कहा कि

मेहमानों के सामने भी हमसे एक्टिंग करके दिखाने के लिए कहते थे। हम पिताजी की कठपुतली की तरह शुरू हो जाते थे। उल्का बताती हैं कि मैंने छह साल की उम्र से ही आडिशन देना शुरू कर दिया था। कई धारावाहिकों में काम किया। जेडी मजेठिया के धारावाहिक 'रेशम डंक' से शुरुआत की थी। कई छोटे-छोटे रोल करने के बाद मैंने 'सात फेरे' धारावाहिक में सलोनी की बेटी का रोल निभाया था। फिर मुझे झांसी की रानी का रोल मिला। 200-300 लड़कियों में मुझे चुना गया था। मैं हिंदी के साथ तेलुगु, बंगाली और मराठी फिल्में भी कर चुकी हूं। अभिनय का ही लालच है, जो हर भाषा में काम करवा रहा है। मैं खुद सात भाषाएं बोल लेती हूं। किस कलाकार के साथ काम करते हुए उन्हें फैन वाला अहसास हुआ? इस पर उल्का कहती हैं कि अमिताभ बच्चन सर से जब मुझे पता चला था कि वह फिल्मिस्तान में शूट कर रहे है, तो मैं उनसे वहां मिलने पहुंच गई थी। बाकी किसी स्टार को देखकर फैन वाला पल नहीं रहा, क्योंकि मेरे पास बचपन से ही उन्हें देखने की पहुंच थी। मेरे पापा शाहरुख खान सर के अच्छे दोस्त हैं। उनकी सभी फिल्मों के प्रीमियर पर बचपन से जाती रही हूं तो वहां काजोल, रानी मुखर्जी मैम ऐसे कई सितारों को देखा है। हां, मुझे दक्षिण भारतीय कलाकारों से काफी कुछ सीखने को मिलता है। चाहे अभिनेता हो या अभिनेत्री, वो बेहद सादगी से रहते हैं।

# पुष्कर से ब्राह्मण अस्मिता का नया घोष

**राष्ट्रीय शोध अभियान शुरू ईडब्ल्यूएस आरक्षण 14 प्रतिशत करने की मांग**



महानगर टाइम्स संवाददाता



**पुष्कर।** तीर्थराज पुष्कर में आयोजित विप्र फाउंडेशन के 18वें राष्ट्रीय परिषद अधिवेशन में ब्राह्मण समाज की पहचान और उसकी ज्ञान परंपरा को नए वैचारिक आधार पर स्थापित करने के उद्देश्य से 'ब्राह्मण सभ्यता पहचान रूपरेखा' नामक राष्ट्रीय शोध अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इस अभियान का उद्देश्य ब्राह्मण पहचान को केवल जन्म आधारित अवधारणा तक सीमित नहीं रखकर उसे ज्ञान, नैतिकता, तप और समाज के प्रति दायित्व की परंपरा के रूप में प्रस्तुत करना है।

संस्था के संस्थापक सुशील ओझा ने कहा कि यह शोध पहल नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ ब्राह्मण समाज के ऐतिहासिक योगदान को समझने के लिए संतुलित वैचारिक आधार तैयार करेगी। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण को बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में कई जटिल शर्तों के कारण वास्तविक लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से संबंधित प्रस्तावित विधेयक का भी विरोध करते हुए सरकार से इसे वापस लेने की मांग की। ओझा ने कहा कि शोध अभियान पूर्ण होने के बाद ब्राह्मण समाज से जुड़े मुद्दों को प्रधानमंत्री, सोनिया गांधी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत सहित राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष रखा जाएगा।

### 401 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन

अधिवेशन में वर्ष 2026-28 के लिए 401 सदस्यों की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। पाली मूल के मुंबई निवासी उद्योगपति सत्यनारायण श्रीमाली को सर्वसम्मति से संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया, जबकि पद्मभूषण पत्रकार झाबरमल्ल शर्मा के पौत्र सत्यनारायण शर्मा को पुनः मुख्य संरक्षक का दायित्व सौंपा गया। राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में चित्तौड़गढ़ से सांसद सी. पी. जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने समाज के प्रति अपने जुड़ाव को दोहराया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने भी विचार व्यक्त किए। अंत में नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीमाली ने सभी को साथ लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का विश्वास दिलाया। अधिवेशन में निवर्तमान अध्यक्ष राधेश्याम गुरुजी, संरक्षक बनवारीलाल सोती, पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, विधायक ताराचंद सारस्वत, पशुपति शर्मा, भवनेश शर्मा 'चच्चू', राजेश कर्नल, तनसुख तावनीय, कुलदीप शर्मा, राजेश बुटोले, मंजुलता शर्मा, नरेंद्र पालीवाल, कुणाल मिश्रा, हेमंत शर्मा, सुभाष आचार्य, कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी, आंध्रप्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पारीक, तेलंगाना के हरिकिशन ओझा, अश्वनी भारद्वाज, अशोक टाइगर, कमल शर्मा (दिल्ली), महेश शर्मा (उड़ीसा), दिनेश दाढ़ी, सज्जन महर्षि (सूरत), संजीव मिश्रा (पश्चिम बंगाल) और विजय पांडेय (उत्तर प्रदेश) सहित अनेक प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे।

### संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

संगठन महामंत्री डॉ. सुनील शर्मा ने कहा कि संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने के लिए कुछ कठोर निर्णय भी लिए जा रहे हैं, जिनके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। अधिवेशन में देशभर के 40 क्षेत्रीय अध्यक्षों के नामों पर भी सहमति व्यक्त की गई।

### शिक्षा, संस्कार और स्वावलंबन पर बल

प्रमुख महामंत्री पवन पारीक ने संस्था के 20 सूत्री कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें शिक्षा, संस्कार और आर्थिक स्वावलंबन को मुख्य आधार बनाया गया है।

### इन प्रकल्पों को मिला समर्थन

**श्री परशुराम ज्ञानपीठ एवं स्टेच्यू ऑफ स्ट्रेंथ :** इन दोनों प्रकल्पों के समर्थन में अधिवेशन में उपस्थित प्रतिनिधियों ने खड़े होकर करतल ध्वनि से समर्थन व्यक्त किया।

**प्रमुख दायित्व**

**विप्र चैंबर के राष्ट्रीय अध्यक्ष –** डॉ. विजय बासोतिया (जयपुर)

**इस्पेक सोसाइटी के अध्यक्ष –** डॉ. हर्षा त्रिवेदी







स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2024-26